RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 219
लखनऊ, बुधवार, 31 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




प्रशंसकों के प्यार की वजह से अगले साल फिर खेलूंगा

स्पोर्ट्स-12

# मणिपुर हिंसाः शांति बहाली के लिए एक्शन में शाह

**● केंद्रीय गृह मंत्री ने दूसरे दिन महिला नेताओं, प्रमुख नागरिकों, मैती और कुकी समूहों के साथ की बैठक, कहा- शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटें अधिकारी**




इंफाल में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के साथ मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

**एजेंसी ।** इंफाल

**मणिपुर** में शांति बहाली के अपने प्रयासों के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को विभिन्न मैती और कुकी समूहों से मुलाकात की, जिन्होंने शांति के प्रति अपनी कटिबद्धता को दोहराया और भरोसा दिलाया कि हिंसा प्रभावित राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए वे कार्य करेंगे। इससे पहले दिन में सरकार ने घोषणा की कि वह मणिपुर में जातीय संघर्ष के दौरान मरने वालों को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। दंगे में मारे गए व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि मुआवजे की राशि केंद्र और राज्य सरकार बराबर-बराबर वहन करेंगी। इस बीच, मणिपुर के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों ने कहा कि यदि राज्य की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किया जाता है तो वे सरकार द्वारा दिए गए पुरस्कार लौटा देंगे। इन खिलाड़ियों में से 11 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन सौंपेंगे। एल अनीता चानू (ध्यानचंद पुरस्कार विजेता), अर्जुन पुरस्कार विजेता एन कुंजारानी देवी (पद्म श्री), एल सरिता देवी और डब्ल्यू संध्यारानी देवी (पद्म श्री पुरस्कार विजेता) और एस मीराबाई चानू (पद्म श्री और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता) उन 11 खिलाड़ियों में शामिल हैं।

शाह ने मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्रों बलों (सीएपीएफ) तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की और कहा कि मणिपुर की शांति और समृद्धि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और उन्हें निर्देश दिया कि वे शांति को बाधा पहुंचाने वाली किसी गतिविधियों से सख्ती से निपटे। ट्वीट किया, इंफाल में मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। मणिपुर की शांति और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उन्हें शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया। शाह ने दिन की शुरुआत इंफाल में मैती समुदाय की महिला नेता (मीरा पैबी) के साथ बैठक से शुरू की और उसके बाद प्रमुख नागरिकों को और सिविल सोसाइटी ग्रुप के साथ भी बैठक की। गृह मंत्री ने कुकी बाहुल्य चूराचांदपुर जिले की यात्रा की, जहां पर उन्होंने प्रमुख लोगों तथा सिविल सोसाइट संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

शाह ने ट्वीट किया, मणिपुर में महिला नेताओं (मीरा पैबी) के समूह के साथ बैठक की। मणिपुर के समाज में महिलाओं की भूमिका के महत्व को दोहराया। साथ मिलकर, हम राज्य में शांति एवं खुशहाली बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक अलग ट्वीट में, शाह ने कहा, आज इंफाल में विभिन्न नागरिक संगठनों के सदस्यों के साथ सार्थक चर्चा हुई।

## उग्रवाद नहीं जातीय हिंसा से जुड़ा मामलाः सीडीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पुणे

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, और उम्मीद है कि कुछ समय में चीजें सही हो जाएंगी। जनरल चौहान ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में मौजूदा स्थिति का उग्रवाद से संबंध नहीं है। चौहान एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की सलामी लेने के लिए मंगलवार को पुणे पहुंचे हैं। मणिपुर की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा, मणिपुर में 2020 से पहले सेना, असम राइफल्स को तैनात थी। चूंकि उत्तरी सीमाओं से संबंधित चुनौतियां कहीं अधिक थीं, इसलिए हमने सेना को हटा लिया। चूंकि उग्रवाद से उपजी स्थिति सामान्य हो गई थी, इसलिए हमने ऐसा किया। मणिपुर की मौजूदा स्थिति का उग्रवाद से संबंध नहीं है। यह दो जातीय समूहों के बीच हिंसा और कानून-व्यवस्था से संबंधित मामला है।

## राष्ट्रपति से मिले कांग्रेस नेता, जांच आयोग गठित करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हाल में हुई हिंसा को लेकर मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और आग्रह किया कि हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के किसी वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग का गठन होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें जांच आयोग गठित करने और शांति सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने समेत 12 मांगें की गई हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में खरगे के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव मुकुल वासनिक, कांग्रेस के मणिपुर प्रभारी भक्त चरण दास, पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह और कुछ अन्य नेता शामिल थे। खरगे ने ट्वीट किया, हमने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

# पहलवानों ने गंगा में पदक विसर्जित करने की दी धमकी

**● किसान नेता नरेश टिकैत के समझाने पर पीछे हटे, पुलिस ने कहा, इंडिया गेट पर किसी को धरने की नहीं देंगे अनुमति**



अपने पदकों के साथ हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बैठीं साक्षी मलिक, विनेश फोगाट व अन्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के शीर्ष पहलवानों साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगट ने अपने ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप पदकों को गंगा में विसर्जित करने की अपनी योजना टाल दी है। यह फैसला हरिद्वार में दो घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद आया, जहां आंखों में आंसू लिए पहलवानों को किसान नेता नरेश टिकैत ने ऐसा कठोर कदम नहीं उठाने के लिए राजी किया। किसान संगठन एसकेएम ने पहलवानों के समर्थन में एक जून को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। पुलिस द्वारा जंतर-मंतर पर जबरन विरोध स्थल को खाली कराने के बाद इन पहलवानों ने अपने पदक गंगा में बहाने का ऐलान किया था। अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ वे मंगलवार को हरिद्वार पहुंच गए। वहां जैसे ही तीनों खिलाड़ी हर की पौड़ी पर पहुंचे तो सैकड़ों लोग जमा हो गए और रोते हुए खिलाड़ियों को चारों ओर से घेर लिया। करीब बीस मिनट तक खिलाड़ी गंगा किनारे बैठे सुबकते रहे। ये मेडल हमें जान से प्यारे हैं, हमारी आत्मा हैं।

विनेश फोगट विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता हैं, बजरंग पुनिया ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीता है जबकि साक्षी मलिक रियो 2016 की कांस्य पदक विजेता हैं। हरिद्वार में किसान नेता नरेश टिकैत खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और उन्हें मेडल गंगा में नहीं बहाने के लिए मनाया। खिलाड़ियों की वजह से हम अंतरराष्ट्रीय खेल क्षेत्र में अपना सिर ऊंचा रखते हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि खिलाड़ियों को अपने पदक गंगा में न बहाने पड़ें। इस घटना से उनका सिर शर्म से झुक गया। ये खिलाड़ी बीते 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। बीते 28 मई को पुलिस ने बल प्रयोग कर पहलवानों को हिरासत में ले लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया। जंतर मंतर से उनका सामान उठाकर धरना खत्म करा दिया। इसके बाद रियो ओलंपिक 2016 की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक बयान में कहा कि पहलवान मंगलवार को शाम छह बजे पदकों को पवित्र नदी में प्रवाहित करने के लिए हरिद्वार जाएंगे।

# वैष्णो देवी जा रही बस पुल से गिरी, 10 की मौत

**● 66 अन्य तीर्थयात्री हुए घायल, कुछ गंभीर**



जम्मू में पुल की रेलिंग से टकराने के बाद गिरी बस

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के जम्मू जिले में मंगलवार को वैष्णो देवी जा रही एक बस के पुल की रेलिंग से टकराने के बाद खाई में गिर जाने के कारण 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 66 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले अधिकतर लोग बिहार के थे। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य शशि सूदन ने बताया कि घायलों में से दो की हालत नाजुक है। अधिकारियों ने बताया कि बस अमृतसर से कटरा जा रही थी, तभी जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच झज्जर कोटली इलाके में यह हादसा हो गया। कटरा त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित प्रसिद्ध वैष्णो देवी तीर्थस्थल के लिए आधार शिविर है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर यात्री बिहार के लखीसराय से थे और बच्चे के धार्मिक अनुष्ठान के लिए माता वैष्णो देवी मंदिर जा रहे थे। ये सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कोहली ने बताया, हादसा झज्जर कोटली इलाके में हुआ जहां पुल से बस खाई में जा गिरी। 10 लोगों की मौत हो गई है। बचाव अभियान करीब करीब पूरा हो गया है। उन्होंने कहा, हम हादसे के कारणों का पता लगा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की। स्थानीय निवासी, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तथा बचाव अभियान शुरू किया गया। बल के आधिकारिक ट्विटर खाते पर जानकारी दी गई, राजमार्ग पर झज्जर कोटली पुल से नीचे गिर गई बस से घायलों को निकालने के लिए 137, सीआरपीएफ बटालियन के जवानों ने बचाव अभियान चलाया।

# सरकार के नौ साल पूरे होने पर पीएम ने कहा, कृतज्ञ हूं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में उनकी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर करने की उनकी इच्छा उनके हर निर्णय का कारण रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आज, हम राष्ट्र की सेवा में नौ वर्ष पूरे कर रहे हैं। मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। (इस दौरान) किए गए हर निर्णय, उठाए गए हर कदम के पीछे लोगों का जीवन बेहतर बनाने की इच्छा रही है। हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए और भी मेहनत से काम करते रहेंगे।

सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ें आंकड़े साझा करते हुए मोदी ने एक अन्य टवीट में कहा, पिछले 9 वर्षों में, हमने भारत के सबसे गरीब लोगों की गरिमा को बरकरार रखने और उनकी आजीविका बढ़ाने का प्रयास किया है। कई पहल के माध्यम से हमने लाखों लोगों का जीवन बदल दिया है। प्रत्येक नागरिक का उत्थान करने और उनके सपनों को पूरा करने का हमारा मिशन जारी है। इस बीच, प्रधानमंत्री कार्यालय ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का लेख साझा किया जो उन्होंने सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर लिखा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए मंगलवार से एक महीने तक चलने वाले अभियान की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को राजस्थान के अजमेर में एक रैली को संबोधित करेंगे।

# नेता धैर्य रखें, मौका जरूर मिलेगाः गहलोत

**● पायलट के करीबी सूत्रों ने कहा, मुद्दे अभी अनसुलझे, पार्टी नेतृत्व के साथ हुई मैराथन बैठक के बाद भी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं**





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी नेतृत्व के साथ मैराथन बैठक के एक दिन बाद मंगलवार को प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद जताई और यह भी दावा किया कि जनता एक बार फिर से प्रदेश की कमान कांग्रेस को सौंपेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि नेताओं को धैर्य रखना चाहिए क्योंकि धैर्य रखने पर कभी न कभी मौका मिलता है। इस बीच, पायलट के करीबी सूत्रों का कहना है कि उनके मुद्दों का समाधान नहीं हुआ है। गहलोत ने कहा, सोनिया गांधी जी ने एक बार कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि जो धैर्य रखता है उसे कभी न कभी मौका मिलता है। यह बात मैंने दिल में बसा ली। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कहता हूं कि धैर्य रखो, धैर्य रखो। धैर्य रखोगे तो मौके मिलेंगे। पहले भी मौके मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।

कांग्रेस ने गहलोत और पायलट की पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ मैराथन बैठक के बाद सोमवार को कहा था कि दोनों नेता आगामी विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने पर सहमत हैं तथा उनके बीच के मुद्दों का समाधान आलाकमान करेगा। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा था कि गहलोत और पायलट पार्टी के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया था। मुख्यमंत्री ने सचिन पायलट की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह आलाकमान को तय करना है। उधर, पायलट के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि सोमवार की बैठक में राजस्थान के दोनों प्रमुख कांग्रेस नेताओं के बीच के किसी प्रमुख मुद्दे का समाधान नहीं निकला। दूसरी तरफ, कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बैठक के दौरान गहलोत और पायलट ने आलाकमान पर पूरा विश्वास जताया तथा नेतृत्व की तरफ से भी दोनों को भरोसा दिया गया कि उनका पूरा मान-सम्मान रखा जाएगा।

## क्विक न्यूज

### एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत चार जुलाई को डिजिटल तरीकेसे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। उसने डिजिटल तरीकेसे सम्मेलन आयोजित कराने की वजह नही बताई। अधिकारियो ने बताया कि विभिन्न पहलुओ पर विचार करते हुए, डिजिटल तरीके से शिखर सम्मेलन आयोजित कराने के विकल्प पर चर्चा की गई और सदस्य देशो से विचार-विमर्श करने केबाद इस संबंध मे अंतिम निर्णय लिया गया। पिछले साल एससीओ शिखर सम्मेलन उज्बेकिस्तान केसमरकंद शहर मे हुआ थे जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन केराष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस केराष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत सभी शीर्ष नेता शामिल हुए थे। भारत सितंबर मे जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसकेलिए वह शी चिनफिंग तथा पुतिन को आमंत्रित कर रहा है। भारत ने पिछले साल 16 सितंबर को समरकंद शिखर सम्मेलन मे एससीओ की अध्यक्षता संभाली थी। पहली बार भारत की अध्यक्षता मे एससीओ का 22वां शिखर सम्मेलन डिजिटल तरीकेसे चार जुलाई को मोदी की अध्यक्षता मे होगा।

# एनसीईआरटी ने 12वीं की पुस्तक से खालिस्तान का संदर्भ हटाया

**● शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने जतायी थी कड़ी आपत्ति**

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिक्षा** मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की आपत्तियों के बाद एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से एक अलग सिख राष्ट्र खालिस्तान की मांग के संदर्भ को हटा दिया है। एसजीपीसी ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी बारहवीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में सिखों के बारे में ऐतिहासिक जानकारी गलत तरह से प्रस्तुत की है। एसजीपीसी की आपत्ति पुस्तक स्वतंत्रता तक भारत में राजनीति में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव के उल्लेख से संबंधित है। जिन वाक्यों को हटाया गया है, उनमें से एक में लिखा है प्रस्ताव, संघवाद को मजबूत करने के लिए एक दलील थी, लेकिन इसकी व्याख्या एक अलग सिख राष्ट्र के लिए याचिका के रूप में भी की जा सकती है। इस वाक्य को भी हटाया गया कि अधिक चरमपंथी तत्वों ने भारत से अलगाव और खालिस्तान के निर्माण की वकालत शुरू कर दी। बयानों को पुनः इस तरह लिखा गया है कि प्रस्ताव, संघवाद को मजबूत करने की दलील थी। शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार के अनुसार, श्री आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को गलत तरीके से पेश करके सिख समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री को वापस लेने के संबंध में एसजीपीसी से ज्ञापन प्राप्त हुआ था।

# साहिल ने पहले ही रच ली थी हत्या की साजिश

**● साक्षी हत्याकांड के आरोपी ने 15 दिन पहले खरीदा था चाकू**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शाहबाद** डेरी इलाके में हुए सिहरा देने वाले साक्षी हत्याकांड में आरोपी सिरफिरे आशिक ने पूरी साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया। जांच में पता चला है कि उसने जिस चाकू से कत्ल किया, वह करीब 15 दिन पहले खरीद लिया था। यही नहीं, उसे पता था कि साक्षी इधर से गुजरेगी, इसलिए वह पहले से ही वहां उसका इंतजार कर रहा था। वारदात से पहले की सीसीटीवी फुटेज में वह घटना स्थल पर किसी व्यक्ति से बात करता नजर आ रहा है। हत्याकांड की परतें खोलने के लिए अदालत ने आरोपी साहिल को दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है।

हैवान बने साहिल के सिर पर किस कदर खून सवार था, इसका अंदाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखकर लग जाता है। इस रिपोर्ट में 16 वर्षीय साक्षी के शरीर पर चोट के 34 निशान पाए गए हैं और खोपड़ी टूट गई। सीसीटीवी फुटेज में ही साफ दिख रहा है कि एक के बाद एक आरोपी ने 21 से अधिक बार युवती को चाकू से गोदा और उसके बाद भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो पास से पत्थर का स्लेब उठाकर कई बार अचेत पड़ी साक्षी पर पटका। फिर उसे कई बार लातें भी मारीं। मंजर ऐसा कि कठोर से कठोर दिल वाला इंसान भी देखकर कांप जाए। एक अधिकारी ने कहा कि जांचकर्ताओं को गुमराह करने के लिए साहिल बार-बार अपने बयान बदल रहा है। उन्होंने कहा कि उसने करीब 15 दिन पहले चाकू खरीदा था और पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने चाकू कहां से खरीदा था। यह चाकू अभी पुलिस के हाथ नहीं लगा है। पुलिस के अनुसार, चूंकि साहिल ने घटना से कुछ दिन पहले चाकू खरीदा था,



इसलिए इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह पहले से ही उसे मारने की साजिश रच रहा था। पुलिस ने कहा कि साहिल ने यह भी दावा किया कि उसने गुस्से में आकर लड़की को मार डाला, क्योंकि वह उसकी अनदेखी कर रही थी।

हालांकि अभी इस सिरफिरे के बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वह कभी कहता है कि संपर्क किए जाने पर वह उसे अनदेखा कर रही थी। कभी कहता है कि उसे शक था कि वह अपने पूर्व प्रेमी के साथ भी संपर्क में थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को यहां दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया और अदालत के आदेश के बाद उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। बीस वर्षीय साहिल को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया था, जब उसकी बुआ ने उसके पिता को एक स्थान से फोन किया था। फोन से उसकी जानकारी मिलने के बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। वहां उसकी मेडिकल जांच के बाद सोमवार देर शाम उसे राष्ट्रीय राजधानी लाया गया। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना पुलिस को देने में करीब 25 मिनट की देरी हुई। आसपास खड़े लोगों में से किसी ने भी पीसीआर कॉल नहीं की। वारदात के समय भी लोग वहां से गुजरते रहे, लेकिन किसी ने भी हमलावर को रोकने या शोर मचाकर भीड़ इकट्ठा करने की जहमत नहीं उठाई। यह एक पुलिस मुखबिर था, जिसने पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया।

### हर किसी के दिल में गुस्सा

राजधानी ही नहीं, देशभर में इस घटना को लेकर गम और गुस्सा है। जिसने भी हत्या का वीडियो देखा, उसी का कलेजा कांप गया। मंगलवार को आम लोगों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शाहबाद डेयरी इलाके जेजे कॉलानी स्थित पीड़िता के घर जाकर उसके परिवार को सांत्वना दी। दिल्ली सरकार ने पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

### अनुसूचित जाति आयोग ने मांगी रिपोर्ट

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेकर दिल्ली सरकार तथा शहर की पुलिस से एक रिपोर्ट मांगी है। एनसीएससी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव, दिल्ली सरकार, शहर के पुलिस आयुक्त, उपायुक्त और जिला मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर उसे इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने केरल एवं लक्षदीप से आए 45 छात्रों के समूह से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



'**एक** भारत श्रेष्ठ भारत योजना' के युवा संगम कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार को आईआईटी पलक्कड़ केरल व लक्षदीप के 45 विद्यार्थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी पर मिले। यहां सबसे पहले मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया। 45 में से 35 केरल व 10 लक्षदीप के छात्र हैं। इनमें 25 छात्र व 20 छात्राएं शामिल रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें सफल जीवन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने छात्रों से संवाद किया। साथ ही उनके मन की जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से शिक्षा मंत्रालय ने यह अभिनव प्रयोग प्रारम्भ किया है। आप जिस केरल से आए हैं, वहीं से कई वर्षों पहले शंकराचार्य भी आये थे और उन्होंने चार मठ स्थापित किए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया है। ये नई शिक्षा नीति को ही परिलक्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपमें से कई लोग पहली बार यूपी आये होंगे। कोई किसी भी राज्य का हो पर उनका भाव देश प्रेम का ही होगा। जब देश संकट में आता है तो सभी राज्य एक होकर खड़े हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने उत्तर प्रदेश को देखा। केरल की तरह ही उत्तर प्रदेश भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। आबादी (25 करोड़) के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां छह करोड़ मुस्लिम आबादी है। इसके बावजूद यहां न कर्फ्यू है और न ही दंगा। सीएम ने बताया कि छह वर्ष पहले तक यहां ऐसे हालात नहीं थे। धार्मिक अवसरों पर हिंसा होती थी। लोगों का पलायन होता था। 6 वर्षों में हमने इसे बदलने का प्रयास किया। इसमें युवाओं और आम लोगों का भी भरपूर साथ मिला है। इसी की वजह से आज उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा के लिये हमने हर जाति, मजहब से संवाद स्थापित किया। संवाद से ही सभी रास्तों का हल निकाला जाता है। सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर बिना भेदभाव कार्रवाई करते हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज 25-30 लाख लोग स्नान कर रहे होंगे। आज ही के दिन गंगा का स्वर्ग से धरती पर अवतरण हुआ। श्रद्धाभाव से आयोजन हो रहे कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में तकनीक का इस्तेमाल तेजी से शुरू हुआ है। इसके कारण रोजगार सुलभ हुए हैं। तकनीक के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार भी कम हुआ है। आज डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा लाभार्थी को मिल रहा है। आज हम डिजिटल लेनदेन के दौर में पहुंच चुके हैं। सीएम ने सुझाव दिया कि जब हम कोई ट्रेंड तय करते हैं, तभी लक्ष्य निर्धारित कर लें। 2 करोड़ युवाओं को हम टेबलेट अथवा स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि युवा तकनीक के साथ तालमेल बिठा सकें। तकनीक के प्रयोग से लोगों में नया उत्साह दिख रहा है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शुरुआत हुई है, जो प्रदेश की तरक्की में सकारात्मक बदलाव है। यूपी में आज विकास हो रहा है। ओडीओपी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 96 लाख एमएसएमई के माध्यम से प्रदेश में रोजगार की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। एक्सपोर्ट लगभग तीन गुना हो गया है। योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। केरल व लक्षदीप के बच्चे योगी आदित्यनाथ से मिलकर फूले न समाए। बच्चों ने काफी उत्सुकता से मुख्यमंत्री से सवाल किए। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के संन्यास का पहला धर्म सेवा है। हम सेवा को प्राथमिकता पर रखते हैं।

धर्म का आशय कर्तव्य से है। कर्तव्य को सेवा से जोड़कर बढ़ाया है, इसलिए उत्तर प्रदेश विरासत का सम्मान कर तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के प्रवास के सुखदायी होने की कामना की। 45 विद्यार्थियों का यह समूह 26 से 31 मई तक मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज में शैक्षणिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन के बारे में जानने आये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ, गंगा आरती समेत लखनऊ, प्रयागराज के संग्रहालय-संगम समेत विभिन्न हिस्सों में भ्रमण किया।

## यूपी भ्रमण के अनुभव केरल में साझा करें विद्यार्थीः आनंदीबेन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● राज्यपाल से भी मिले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पालक्काड, केरल के विद्यार्थी

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मंगलवार को राजभवन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पलक्कड़, पालक्काड केरल के 44 विद्यार्थी एवं 4 संकाय सदस्यों ने मुलाकात की। ये सभी विद्यार्थी एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के युवा संगम के निमित्त भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश आए हैं। राज्यपाल ने मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों से भ्रमण के अनुभव और स्मरणीय स्मृतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवा संगम के महत्व को भी बताया। उन्होंने भारत के विश्व प्रसिद्ध आदर्शों महात्मा गाँधी, विवेकानंद, गौतमबुद्ध जैसे महान व्यक्तियों में भ्रमण शीलता से प्राप्त ज्ञान पर विशेष चर्चा कर विद्यार्थियों से करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान व देश की क्षमताओं को समझें और विकास में योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश भ्रमण के अपने अनुभव केरल के अन्य विद्यार्थियों, परिजनों, परिवार तथा समीपवर्ती निवासियों से भी साझा करने को कहा, जिससे वहाँ के लोग यहाँ की जानकारियों और विविधताओं से परिचित हों और उनमें भी उत्तर प्रदेश भ्रमण की इच्छा विकसित हो सके।

## सपा की षडयंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदलीः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में सोमवार को विधान परिषद की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। बीजेपी के दोनों उम्मीदवारों ने प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को हरा दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने दलित और ओबीसी उम्मीदवार को हार निश्चित होने के बाद भी खड़ा करने को लेकर सवाल खड़ा किया है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी विधान परिषद की दो सीटों के लिए कल हुए उपचुनाव में, हार निश्चित होने के बावजूद, चुनाव में सपा द्वारा दलित व ओबीसी उम्मीदवार को खड़ा करना, हरवाना तथा ज्यादा संख्या बल होने पर इनकी अनदेखी करना यह साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की षडयंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली। उन्होंने आगे कहा कि सपा व इनकी रही सरकारों के दौरान इनकी ऐसी ही संकीर्ण व घृणित राजनीति से दलितों, अन्य पिछड़ों एवं अक्लियत समाज के लोगों का काफी अहित होता रहा है। इसीलिए आगे ऐसे नुकसान से बचने के लिए इन वर्गों के लोगों को हमेशा बहुत ही सावधान रहने की सख्त ज़रूरत है, बीएसपी की यह अपील।

## महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को आकर्षण का केंद्र बनेगा डिजिटल कुंभ म्यूजियम

● 60 करोड़ की लागत से प्रयागराज में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के निर्माण का प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाकुंभ** 2025 को लेकर योगी सरकार की तैयारियां वृहद स्तर पर जारी हैं। पर्यटन विभाग महाकुंभ 2025 में आम नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ मंदिरों के सौंदर्यीकरण और पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग की ओर से डिजिटल कुंभ म्यूजियम का निर्माण भी प्रस्तावित है। 60 करोड़ की लागत से बनने वाला यह डिजिटल कुंभ म्यूजियम यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का भी केंद्र होगा। यहां देश और प्रदेश की संस्कृति के अलावा महाकुंभ के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के भी दर्शन हो सकेंगे। पर्यटन विभाग ने इस प्रस्ताव को हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा है कि प्रयागराज में होने वाला महाकुंभ 2025 अब तक का सबसे दिव्य और भव्य आयोजन हो। यहां आने वाले देश और दुनिया भर के श्रद्धालुओं को हर तरह की नागरिक सुविधाएं सुलभ हों। उनके लिए यह महाकुंभ 2025 लंबे समय तक यादगार रहे और जब वह यहां से जाएं तो इसका ही गुणगान करें। सीएम की मंशा के अनुरूप यहां विकास कार्य प्रगति पर हैं। प्रस्ताव के अनुसार डिजिटल कुंभ म्यूजियम लोगों को आधुनिक महाकुंभ की अनुभूति देगा। यह डिजिटल कुंभ म्यूजियम हीटिंग वेंटीलेशन एंड एयरकंडीशनिंग व ऑडियो-वीडियो रूम की फैसिलिटी से लैस होगा। इसमें विभिन्न आध्यात्मिक दर्शन वाली गैलरी भी होंगी, जिनमें स्पिरिचुएल व कुंभ मेला, इंटरप्रेटेशन गैलरी, समुद्र मंथन गैलरी और अखाड़ा गैलरी शामिल है। इस म्यूजियम में फूड प्लाजा और सॉवेनियर शॉप जैसी फैसिलिटी भी दी जाएगी, ताकि यहां आने वाले लोग महाकुंभ से संबंधित साहित्य और उत्पादों की खरीदारी कर सकें। इसके अलावा कल्चरल हाट (अक्षयवट), म्यूजियम, गैलरी व थिएटर (अमृत कलश) के साथ ही गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं भी होंगी।

## यूपी पुलिस व अमेजॉन इंडिया ने शुरू की संयुक्त मुहिम

● सुरक्षित शापिंग व ऑनलाइन जालसाजों से बचाने और उन्हें पहचानने के लिए उपभोक्ताओं में बढ़ाएंगे जागरूकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस और अमेजॉन इंडिया ने संयुक्त मुहिम प्रारंभ की है। सुरक्षित शॉपिंग और ऑनलाइन जालसाजों को पहचानने के लिए दोनों संयुक्त रूप से उपभोक्ताओं में जागरुकता बढ़ाएंगे। प्रस्तावित संयुक्त प्रोजेक्ट्स में सोशल मीडिया अभियान, इंटरैक्टिव वर्कशॉप, ऑनलाइन जालसाजी और सेंध को रोकने के लिए जागरूकता गतिविधियां शामिल हैं। जिसमें महिलाओं की ऑनलाइन सुरक्षा पर भी विशेष फोकस रहेगा । उत्तर प्रदेश पुलिस और अमेज़ॉन इंडिया के साथ ऑनलाइन ग्राहकों के साथ हो रही धोखाधड़ी को रोकने के लिए अनेक संयुक्त प्रयास करेंगे ताकि उपभोक्ताओं को ज्यादा विश्वास के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने में समर्थ और सुरक्षित बनाया जा सके।

उत्तर प्रदेश पुलिस और अमेज़ॉन इंडिया ऑनलाइन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में मिलकर शिक्षित करने के साथ ही सुरक्षित शॉपिंग की विधियों के बारे में जागरुकता बढ़ाएंगे ताकि जालसाजों ऑनलाईन शॉपर्स की सुरक्षा हो सके। इन संयुक्त प्रोजेक्ट्स में महिलाओं की ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाने पर विशेष प्रयास किये जाएंगे तथा पहचान की चोरी, ठगी, और ऑनलाइन शॉपिंग के घोटालों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ साझेदारी अमेज़न इंडिया की उपभोक्ता शिक्षा की हालिया पहल, 'मिशन ग्राहक' का पूरक होगी, जो सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी प्रथाओं, उपभोक्ता अधिकारों और अन्य के बारे में जागरूकता फैला रही है। इस नवीन प्रयास के तहत अमेज़ॉन और उत्तर प्रदेश पुलिस अनेक संयुक्त प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगे । इस संयुक्त प्रयास में ऑनलाइन ठगों को पहचानने के लिए उपभोक्ता जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं ऑनलाइन घोटालों और धोखाधड़ी को रोकने के बारे में जानकारी सम्मिलित रहेगी। इसके अतिरिक्त पुलिसकर्मियों, विभिन्न हितधारकों के लिए सेमिनार, वेबिनार एवं राउंडटेबल कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा ताकि ऑनलाइन उपभोक्ता की सुरक्षा को प्रभावित करने वाली समस्याओं को पहचाना जा सके एवं उनके समाधान के हर संभव उपाय किए जा सकें। प्रदेश के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि अमेज़ॉन एक मजबूत पार्टनर है और हमारा गठबंधन न केवल हमें ऑनलाइन घोटालों से लड़ने बल्कि उन्हें रोकने में भी मदद करेगा। हमारे अभियान, खासकर सोशल मीडिया अभियान उपभोक्ताओं को भरोसे के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने में मदद करेंगे। हमारा गठबंधन उपयुक्त समय पर हुआ है क्योंकि कोविड के बाद ऑनलाइन विनिमयों में काफी उछाल आया है, जिसका कारण ऑनलाइन शॉपिंग का सुविधाजनक होना और यूपीआई पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इस समय उपभोक्ताओं को ज्यादा सतर्क होने की जरूरत है और इस संयुक्त अभियान से इसमें मदद मिलेगी। वहीं अमेजॉन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट पब्लिक पॉलिसी चेतन कृष्ण स्वामी का कहना है कि अमेज़ॉन को ऑनलाइन स्कैम और फ्रॉड की जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ गठबंधन करने की खुशी है। यह गठबंधन हमें ऑनलाइन उपभोक्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने और एक भरोसेमंद डिजिटल स्पेस को बढ़ावा देने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

## मोदी सरकार ने देश की जनता को निराश कियाः दीपेन्द्र हुड्डा

पायनियर समाचर सेवा। लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की जनता को निराश किया है और उन्हें अब विपक्ष से सवाल पूछने की बजाए जनता के सवालों का जवाब देते हुए पिछले नौ वर्षों की सरकार का हिसाब देना चाहिए। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने यह बात मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री से नौ सवाल पूछ रही है, लेकिन मोदी सरकार सवालों के जवाब देने की बजाय ध्यान बांटने के लिए हर रोज नया विभाजनकारी एजेंडा लेकर आती है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के शासन काल में भाजपा सरकार ने देश को कई दशक पीछे कर दिया है। नौ साल पहले भाजपा जनता से जो बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आईए आज उन वादों पर कोई बात नहीं होती है। आज प्रधानमंत्री केवल प्रचार मंत्री और भाजपा नेता के चुनाव प्रचारक की भूमिका में नज़र आते हैं। शायद वे भूल गए हैं कि उनका पहला दायित्व देश के 140 करोड़ लोगों के प्रति है, लेकिन उन्हें हर समय सत्ता ही दिखाई देती हैए ऐसा लगता है कि मानो देशवासियों के दुखों से प्रधानमंत्री का कोई लेना देना नहीं है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार संसद में बहस करने की बजाय चर्चा से भागती है। राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए संवैधानिक संस्थाओं की अवमानना और महान परंपराओं व व्यवस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। यहां तक कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को संसदीय परिसर का उद्घाटन करने के उनके संवैधानिक विशेषाधिकार से भी वंचित कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पूरी तरह दरकिनार करते हुए नए संसद भवन का उद्घाटन करने का प्रधानमंत्री मोदी का फैसला न केवल देश की महिलाओं और जनजातीय लोगों का अपमान है, बल्कि हमारे लोकतंत्र पर भी हमला है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इस सरकार ने अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। सरकार द्वारा पहले नोटबंदी लाई गई और इसके बाद जीएसटी को लाया गया। इन फैसलों ने अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया।

## भाजपा सरकार में निरंकुश हो गया है पुलिस प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन निरंकुश हो गया है। पुलिस लोगों की रक्षा करने के बजाए उन्हें पीट रही है और प्रताड़ित कर रही है। भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन गरीब और पीड़ित को अपमानित कर रही है। अखिलेश ने कहा है कि भाजपा सरकार में अब सीधा जनता पर वार हो रहा है। कहीं पर पुलिस दरोगा पीड़ितों को पीट रहे हैं, तो कहीं पुलिस अनुशासनहीन होकर विपक्षी दलों पर अलोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई कर रही है। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी के अकार्यवाहक दरोगा ने अपने आराम में खलल पड़ने पर फरियादी जनता पर ही अपनी बेल्ट से हिंसक प्रतिक्रिया दी। अच्छा हुआ दरोगा के पास बेल्ट है, थार या बुल्डोजर नहीं। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों और गुंडों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए आम जनता और पीड़ितों पर अपना डंडा चलाकर गरीबों की आवाज को दबाना चाहती है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है, और लोकतंत्र को खत्म कर रही है। भाजपा सरकार और उसकी पुलिस जनप्रतिनिधियों और आम जनता के प्रति अमानवीय व्यवहार कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, हर दिन हत्या, लूट डकैती और बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं।

अखिलेश ने कहा है कि अपराधी और गुंडे खुलेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही है क्योंकि गुंडों और अपराधियों को भाजपा सरकार और उसके नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है जबकि यही पुलिस निर्दोष जनता को परेशान करती है और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे लगाकर उन्हें अपमानित और परेशान करती है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का व्यवहार पूरी तरह से तानाशाही है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। जनता में भाजपा सरकार के रवैए के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा हैए प्रदेश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार से इस तानाशाही व्यवहार का हिसाब जरूर लेगी।

### सपा प्रमुख ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राहुल सविता और उनके परिवार के चार लोगों की सड़क दुर्घटना में निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अखिलेश यादव ने कहा कि नौजवान साथी राहुल सविता पार्टी के समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनके असामयिक निधन से पार्टी और परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। राहुल सविता आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सोमवार दोपहर को कार दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके साथ परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गयी थी और तीन लोग घायल हो गए थे।


HDFC BANK
We understand your world
विधि प्रकोष्ठ
निखलेश पैलेस, 17/4 ए. अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

"परिशिष्ट-4-क (नियम 8(6) का परंतुक देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत बैंक में बंधक रखी अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक, प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, एचडीएफसी बैंक, प्रत्याभूत लेनदार की (प) श्री राम निवास दुबे, (पप) श्री शंकर दुबे एवं (पपप) मैसर्स आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन ऐंड जनरल आर्डन सप्लायर्स, इसके स्वामी श्री राम निवास दुबे के माध्यम से, की तरफ 25-02-2015 तक बकाया राशि रू. 38,48,728.40 आगे ब्याज और प्रभारों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जहां है, जैसी है जो है, जो भी है वहां है" आधार पर 13 जुलाई, 2023 को बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 1,10,93,500/- तथा धरोहर राशि जमा . 11,09,350/- होगी।

अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त वर्णन

एच नंबर 5/505, क्षेत्रफल 172.50 वर्ग मीटर, स्थित विकास नगर, सेक्टर-05, लखनऊ-226022
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक, प्रत्याभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें https://www.hdfcbank.com/personal/resources/important-notices
तिथि : 31-05-2023, स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड



HDFC BANK
We understand your world
विधि प्रकोष्ठ
निखलेश पैलेस, 17/4 ए. अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

दिनांक : 29-05-2023

1. श्री राम निवास दुबे पुत्र श्री शंकर दुबे पता :- 8 ख सजनवां ओ, तहसील सलेमपुर, देवरिया (उत्तर प्रदेश) -274001. ई-मेल : niwas_dubey@yahoo.com, व्हाट्सऐप : 9415020556
2. श्री शंकर दुबे पुत्र श्री राजनाथ दुबे पता :- 8 ख सजनवां ओ, तहसील सलेमपुर, देवरिया (उत्तर प्रदेश) -274001.
3. मैसर्स आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन ऐंड जनरल आर्डन सप्लायर्स, इसके स्वामी श्री राम निवास दुबे के माध्यम से, पता : 8 ख सजनवां ओ, तहसील सलेमपुर, देवरिया (उत्तर प्रदेश) -274001.

विषय : अनुस्मरण-1, सूचना दिनांकित 24-04-2023 के संदर्भ में, ऋण खाता 04128020000291 के साथ संबंधित अपनी चल वस्तुएं लेने के संबंध में। भौतिक कब्जा दिनांक 05-04-2023 को सरफासी ऐक्ट के प्रावधान के तहत लिया गया था।

उपरोक्त ऋण खाता 04128020000291 के संदर्भ में, आपने बैंक से ड्रॉपलाइन ओवरड्राट सुविधा के रूप में क्रेडिट सुविधा प्राप्त की है। आपने वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया है और आपके द्वारा भुगतान में लगातार चूक के कारण आपका खाता एनपीए की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया था। तदनुसार बैंक ने उपरिवर्णित वित्तीय सुविधा के संबंध में सरफासी कार्यवाही आरंभ कर दी है, जिसमें बंधक सम्पत्ति (एच नंबर 5/505, क्षेत्रफल 172.50 वर्ग मीटर, स्थित विकास नगर, सेक्टर-05, लखनऊ-226022 स्थित) का भौतिक कब्जा दिनांक 05-04-2023 को कानून की सम्यक् प्रक्रिया और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में लिया गया था। आपने उक्त सम्पत्ति का कब्जा लेने के समय पर अपनी चल वस्तुएं उक्त सम्पत्ति से हटाने से इनकार कर दिया था अतः बैंक ने धारा 14 आर्डर के अनुपालन में मकान सील कर दिया था। अब सरफासी ऐक्ट के प्रावधानों के तहत बंधक सम्पत्ति की नीलामी की जाएगी अतः कृपया अपनी चल वस्तुएं इस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के भीतर हटा लें। जिसमें असफल रहने पर आपकी चल वस्तुएं नीलामी कार्यवाही का हिस्सा मानी जाएंगी बंधक सम्पत्ति के साथ ये चल वस्तुएं भी ई-नीलामी द्वारा नीलाम कर दी जाएंगी।

तिथि : 29-05-2023, स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड


## प्रदेश के कैदियों का कौशल निखार रही योगी सरकार

● पिछले एक साल में 8 हजार से अधिक बंदियों को पीएम कौशल विकास के तहत दिया जा चुका है प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर तबके को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने तथा उनका जीवन व्यापन सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहे हैं, जिससे वह जुड़कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। इसी के तहत योगी सरकार जेल में बंद बंदियों को भी समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने और अपना जीवन यापन नये सिरे से शुरू करने के लिए प्रदेश की जेलों में प्रधानमंत्री कौशल विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रशिक्षण दे रही है। कारागार में निरुद्ध बंदियों ने पिछले एक साल में करीब 60 ट्रेडों में 8160 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

अयोध्या परिक्षेत्र में 5 जिला कारागार में कुल 12 ट्रेडों में 376 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें जिला कारागार बाराबंकी में 155, गोंडा में 84, बहराइच में 30, अंबेडकरनगर में 93, अयोध्या में 14 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह गोरखपुर परिक्षेत्र में 9 जिला कारागार में कुल 8 ट्रेडों में 373 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें जिला कारागार गोरखपुर में 25, देवरिया में 68, महाराजगंज में 46, बस्ती में 25, सिद्धार्थनगर में 35, आजमगढ़ में 20, बलिया में 45, मऊ में 93 और संतकबीर नगर में 16 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। बरेली परिक्षेत्र में केंद्रीय कारागार समेत 6 जिला कारागार में 20 ट्रेडों में 1010 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें केंद्रीय कारागार बरेली में 120, जिला कारागार पीलीभीत में 117, बदायूं में 244, शाहजहांपुर में 234, मुरादाबाद में 105 और बिजनौर में 190 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कानपुर परिक्षेत्र में केंद्रीय कारागार समेत 6 जिला कारागार में 15 ट्रेडों में 388 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में 65, जिला कारागार फतेहगढ़ में 102, उरई में 55, ललितपुर में 53, कन्नौज में 5 और झांसी में 108 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रयागराज परिक्षेत्र में केंद्रीय कारागार, जिला कारागार समेत उप कारागार में 17 ट्रेडों में 541 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें केंद्रीय कारागार नैनी में 50, जिला कारागार प्रतापगढ़ में 20, चित्रकूट में 64, कौशाम्बी में 159, फतेहपुर में 123, बांदा में 20 और उप कारागार महोबा में 105 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मेरठ परिक्षेत्र में 6 जिला कारागार में कुल 33 ट्रेडों में 3225 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें जिला कारागार मेरठ में 351, गाजियाबाद में 465, गौतमबुद्धनगर में 250, बुलंदशहर में 1012, सहारनपुर में 31 और मुजफ्फ नगर 1126 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। आगरा परिक्षेत्र में 8 जिला कारागार में कुल 18 ट्रेडों में 1011 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया। लखनऊ परिक्षेत्र में आदर्श कारागारए जिला कारागार समेत 7 नारी बंदी निकेतन में कुल 23 ट्रेडों में 975 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें आदर्श कारागार लखनऊ में 106, जिला कारागार उन्नाव में 152, नारी बंदी निकेतन लखनऊ में 188, जिला कारागार सीतापुर में 169, खीरी में 59, हरदोई में 110 और रायबरेली में 191 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं वाराणसी परिक्षेत्र में केंद्रीय कारागार समेत 6 जिला कारागार में 5 ट्रेडों में 251 बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रदेश के कारागारों में बंदियों को बेकरी, सिलाई, कढ़ाई, काष्ठ कला, मोटर बाइडिंग, कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, सिलाई, विद्युत वायरिंग, इलेक्ट्रिक, प्लम्बरिंग, मिट्टी के दीये एवं बर्तन, कम्पोस्ट खाद, इलेक्ट्रानिक्स, डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्टिंग, मत्स्य पालन, बंदी कंप्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग, कंप्यूटर साफ्टवेयर, कारपेंटर, मेशन, मोबाइल, ब्यूटीशियन समेत करीब 60 ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम Nimisha Tiwari से बदल कर Nimesha Upmanyu कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। Nimesha Upmanyu 4/33 B, वैभव खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ

सूचना

मैने अपने पुत्र का नाम Aradhya Narain Bajpai से बदलकर Aaradhy Narain Bajpai कर लिया है तथा आज से भविष्य में मेरे पुत्र को Aaradhy Narain Bajpai के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। आदित्य नरायन बाजपेयी पुत्र पुरूषोत्तम नरायन बाजपेयी 117/618 Q ब्लाक, शारदानगर, नवीन नगर, कानपुर नगर।



HDFC BANK
We understand your world
विधि प्रकोष्ठ
निखलेश पैलेस, 17/4 ए अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

कब्जा सूचना परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 21-02-2023 जारी की थी, जिसमें कर्जदार(रों) 1. मैसर्स भारत पेंट मार्ट, इसके पार्टनर श्री महेन्द्र प्रताप सिंह एवं रवीन्द्र कुमार सिंह के माध्यम से, 2. श्री महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री बीरेश्वर प्रसाद सिंह, 3. श्रीमती सरोज कुमारी पत्नी श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, 4. श्री रवीन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, 5. श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री महेन्द्र प्रताप सिंह से उक्त सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि रू. 54,84,436/- (रूपए चौवन लाख चौरासी हजार चार सौ छत्तीस मात्र) का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 25-05-2023 को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदार को विशेष रूप से और जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लि. की बकाया राशि रू. 54,84,436/- (रूपए चौवन लाख चौरासी हजार चार सौ छत्तीस मात्र) पर ब्याज तथा व्यय एवं प्रभारों जोड़कर तथा भुगतान की गई राशि, यदि कोई किया गया है, घटाकर शेष राशि चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति सं. 1 :- एच. नंबर एस 15/3ए-3केए-1, परिमाप 800 वर्ग फीट, कवर्ड एरिया 680 वर्ग फीट, स्थित मौजा-गौसाबाद, परगना-देहात अमानत, वार्ड-सेकरौल, तहसील एवं जिला वाराणसी-221002, उत्तर प्रदेश, जो सतेन्द्र कुमार सिंह के नाम है। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : सरोज कुमारी का मकान, पश्चिम : 5 फीट चौड़ी लेन टी/ए बृजलाल चौहान का मकान, उत्तर : भोलानाथ जायसवाल का मकान, दक्षिण : गुप्ता जी का मकान

सम्पत्ति सं. 2 :- एच. नंबर एस 15/3ए-2केए-2, परिमाप 830 वर्ग फीट, कवर्ड एरिया 1716 वर्ग फीट, स्थित अराजी नंबर 05, मौजा-गौसाबाद, परगना-देहात अमानत, वार्ड-सेकरौल, तहसील एवं जिला वाराणसी-221002, उत्तर प्रदेश, जो सरोज कुमारी के नाम है। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : कच्चा रास्ता 4 फीट टी/ए मंदिर राम जानकी शंकर जी, पश्चिम : राजेन्द्र प्रसाद का मकान, उत्तर : भोलानाथ जायसवाल का मकान, दक्षिण : उर्मिला सोनी का मकान

तिथि :- 25-05-2023, स्थान : वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# दूसरे को आवंटित फ्लैट में कब्जा कर रह रहा कर्मचारी निलम्बित

● नागरिक सुविधा दिवस में डीएम, वीसी एलडीए सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अफसरों ने की जनसुनवाई

● वर्षों से लंबित रजिस्ट्री के तीन प्रकरणों में मौके पर ही कराई गई कॉस्टिंग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमती** नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त अभय पाण्डेय व अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आम जन मानस की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया। वर्षों से लंबित रजिस्ट्री के तीन प्रकरणों में मौके पर ही कॉस्टिंग करायी गयी। वहीं, उपाध्यक्ष ने स्वयं फाइलों पर साइन कर रजिस्ट्री के आदेश दिए। नागरिक सुविधा दिवस में 65 प्रकरणों में 19 प्रकरणों का मौके पर निस्तारित किया गया।

मंगलवार को एलडीए मुख्यालय में नागरिक सुविधा दिवस में जनसुनवाई में पहुंचे लखीमपुर खीरी निवासी अनुपम मौर्या ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें प्राधिकरण द्वारा लॉटरी से नेहरू इन्क्लेव योजना में भवन संख्या पी-246 आवंटित हुआ है। लेकिन उक्त भवन में प्राधिकरण में कार्यरत कर्मचारी रामकुमार मिश्रा का अवैध कब्जा है तथा बार-बार शिकायत करने के बाद भी कर्मचारी द्वारा भवन खाली नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी ने बताया कि उन्होंने भवन की शेष धनराशि जमा करने के लिए बैंक में गृह ऋण हेतु आवेदन किया है लेकिन मौके पर अवैध कब्जे के चलते बैंक द्वारा ऋण भी स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। उक्त शिकायत पर उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्मचारी रामकुमार मिश्रा को निलम्बित कर दिया। साथ ही भवन खाली कराकर आवंटी को कब्जा दिलाने के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त दीपशिखा अपार्टमेंट निवासी नृपेन्द्र शुक्ला द्वारा अपार्टमेंट में विकास एवं सुविधाओं के कार्य पूर्ण न होने के सम्बंध में शिकायत की गयी। इस पर उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण जोन.2 के सहायक अभियंता आलोक सिंह को चेतावनी देते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिये। वहीं नागरिक सुविधा दिवस में पहुंचे विमल कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें प्रियदर्शिनी योजना में दुकान आवंटित हुयी है लेकिन अभी तक रजिस्ट्री नहीं हो रही है। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी को फटकार लगाते हुए तीन दिन के अंदर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये। नागरिक सुविधा दिवस के दौरान रजिस्ट्री से सम्बंधित तीन ऐसे प्रकरण सामने आए जोकि कई महीनों से लंबित थे। इन मामलों में उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा त्वरित कार्यवाही निष्पादित करायी गयी, जिसके अंतर्गत सम्बंधित कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर सम्पत्तियों की कॉस्टिंग करायी गयी तथा उपाध्यक्ष ने स्वयं फ़ाइलों पर हस्ताक्षर करके रजिस्ट्री के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग एवं उच्चकोटि की संवेदनशीलता के साथ शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूति समस्या के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाये। उन्होंने कहा कि जन मानस को दिन.प्रतिदिन के जीवन यापन से जुड़ी हुई छोटी.छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु कई.कई विभागों में चक्कर लगाना पड़ता है जिससे सरकार के प्रति सामान्य जन में एक नकारात्मक भाव उत्पन्न होता है। नागरिक सुविधा दिवस के माध्यम से हमारा प्रयास है कि लोगों को अपनी समस्याओं के लिए बार.बार चक्कर न काटने पड़े और एक बार में ही उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उपाध्यक्ष ने बताया कि नागरिक सुविधा दिवस में कुल 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 19 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अवशेष प्रकरणों को सम्बंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए भेजा गया है।

## सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग की तरफ से इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी और जल सहायता के सहयोग से डीएसटी-स्तुति कार्यक्रम के तहत 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जल संसाधन प्रबंधन पर केंद्रित विषय के साथ हुई। कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग विदेशों के साथ.साथ देश के अन्य क्षेत्रों के प्रतिभागियों के लिए भी की जा रही है। यह जल संसाधन संकट के आलोक में किया गया है जो देश के विभिन्न हिस्सों में बहुत तेजी से कम हो रहा है। कार्यक्रम उन उपकरणों पर केंद्रित है जो डीएसटी पर्स और डीएसटी फिस्ट कार्यक्रम के तहत डीएसटी द्वारा प्रदान किए गए हैं। कार्यशाला के संयोजक प्रो विभूति राय ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और पूर्ण व्याख्यान जोधपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एससी माथुर द्वारा दिया गया। इस्कोंस के डॉ वी पी सिंह ने समाज की सक्रिय भागीदारी के साथ जल निकायों के संरक्षण पर जोर दिया।

# राजभवन में मना गोवा राज्य का स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में समारोह पूर्वक गोवा राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी को गोवा स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गोवा राज्य अपने साम्प्रदायिक सद्भाव, असाधारण, सुंदरता, जीवंत संस्कृति, पर्यटकीय सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश भारत सांस्कृतिक विविधताओं को साझा करने वाला देश है।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल एक भारत.श्रेष्ठ भारत की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि उनकी इस महान सोच से प्रेरित होकर, उनके विजन के अंतर्गत देश के विभिन्न प्रदेशों के स्थापना दिवस का आयोजन हो रहा है। इससे हमे अपने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। राज्यों के बीच आपसी समझ, खान.पान, परिधान, मनोरम स्थलों की जानकारियाँ बढ़ेंगी, जो आपसी सम्बन्धों को मजबूत करेंगी और राष्ट्रीय एकता की भावना प्रगाढ़ होगी। राज्यपाल ने कहा कि भारत परिधान, पर्व, आभूषण, वनस्पति, वातावरण, व्यंजन और पर्यटन की विविधताओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सबको भ्रमण शील होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को छोटी उम्र में भ्रमण पर ले जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे बाल्यावस्था से ही हमारे बच्चों में सांस्कृतिक विविधता की जानकारी और जुड़ाव की भावना विकसित होगी। भ्रमण करने से सहज ही नयी चीजों को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने इस अवसर पर विश्व में तेजी से उभरती भारतीय शक्ति और भारत से विश्व की बढ़ती आशाओं पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने समारोह में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मोहक प्रस्तुतियों तथा गोवा पर राजभवन के आईटी सेल द्वारा निर्मित डाक्यूमेंट्री की विशेष प्रशंसा की। यहाँ उल्लेखनीय है कि आज के इस समारोह में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के कलाकारों ने गोवा के आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाने वाला लोकनृत्य कुनबी तथा भातखण्डे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने गोवा का सुप्रसिद्ध मछुआरा नृत्य कोली नृत्य की मनोरम प्रस्तुति की।

## एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में साइकेट्रिक व फोरेंसिक मेडिसिन विभाग शुरू

**लखनऊ।** पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में साइकेट्रिक और फोरेंसिक मेडिसिन विभाग का संचालन शुरू हो गया है। इनके संचालन से मानसिक रोगियों को इलाज के लिए केजीएमयू नहीं जाना पड़ेगा। साइकेट्रिक विभाग की ओपीडी हफ्ते में तीन दिन चलेगी। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक व अस्पताल प्रशासन के प्रमुख डॉ राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि साइकेट्रिक और फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग शुरू होने से ट्रॉमा सेंटर में 10 विभाग काम करने लगेंगे। फोरेंसिक विभाग के शुरू होने से मेडिको लीगल में आसानी होगी। ब्रेन डेड लोगों के परिजनों की सहमति पर लिवर, गुर्दा, कॉर्निया समेत अन्य जरूरी अंग निकालकर जरूरतमंद लोगों को प्रत्यारोपण कर नया जीवन दिया जाएगा।

## नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार किशोरी सकुशल बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की मड़ियांव पुलिस ने जहां एक तरफ नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने वाले शातिर को गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद किया है वहीं तालकटोरा पुलिस ने सरेराह युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को जनता की मदद से दबोचकर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव अनिल सिंह तोमर ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी तभी थाने पर वादी द्वारा पंजीकृत कराये गये मुकदमें में अन्तर्गत सूचना मिली कि किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला शातिर इलाके में मौजूद है और दूसरी जगह भागने के प्रयास में है। पुलिस ने तत्काल मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सीतापुर निवासी लवलेश बताया। पुलिस ने नाबालिग को उसकी निशानदेही पर सकुशल बरामद कर लिया है और मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। उधर तालकटोरा इलाके से पुलिस को सूचना मिली कि सरेराह युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे शोहदे को इलाके में मौजूद लोगों ने दबोच लिया है। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम तालकटोरा निवासी संदीप श्रीवास्तव बताया,जो इलाके में स्थित एक लाईवुड फैक्ट्री में नौकरी करता है।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला मजदूर का शव

**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद इलाके में एक रेलवे ट्रैक के पास एक मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रोहित नामक युवक ने मृतक की शिनाख्त अपने भाई सुजीत कुमार (32) के रूप में की। उसने बताया कि सुजीत मजदूरी करता था और उसका एक बच्चा है। फिलहाल पुलिस जांच में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार सुजीत वहां कैसे पहुंचा और ट्रेन की चपेट में कैसे आया या उसने आत्महत्या की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पांच वर्षीय विक्षिप्त बच्ची का शव तालाब से बरामद

**लखनऊ।** राजधानी के सैरपुर इलाके में घर से निकली एक पांच वर्षीय विक्षिप्त मासूम का शव इलाके में स्थित एक तालाब से बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सुरपुरा गांव बंथरा निवासी सन्तोष ने सैरपुर पुलिस को सूचना दिया कि उसकी पांच वर्षीय पुत्री अराध्या जो मानसिक रूप से विक्षित है कहीं लापता हो गई है और न बोल सकती है। सोमवार की शाम पांच बजे से लापता है। इसी दौरान घर के बाहर स्थित तालाब से उसने मासूम का शव उतराता हुआ मिला जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### लूट के दो मोबाइल के साथ लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की रहिमाबाद पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन अपाचे व तमंचा बरामद किया है। डीसीपी पश्चिमी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गश्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोबाइल लूटने वाले गिरोह के दो शातिर लुटेरे इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सण्डीला हरदोई निवासी जैद व उपदेवत निवासी प्रियांशु उर्फ शाखा बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे गये दो मोबाइल फोन व घटना में इस्तेमाल अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों से पूछताछ में इनके साथी का नाम प्रकाश में आया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### डी फार्म के छात्रों का न्यूरोपेक्स फार्मास्युटिकल्स में कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 6 छात्र-छात्राओं का न्यूरोपेक्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ प्रगति श्रीवास्तव ने बताया कि डी फार्म द्वितीय वर्ष के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में न्यूरोपेक्स कम्पनी में निवेदिता यादव, मेराज खान, मोनीश, सतकली निगम, ईशान शर्मा तथा श्रुति पांडेय का चयन मेडिकल रिप्रजेंटेटिव के पद पर हुआ है। कम्पनी ने छात्रों को 2 लाख प्रतिवर्ष ईपीएफ और इंश्योरेंस का पैकेज ऑफर किया है।

# कला-शिल्प महाविद्यालय में शुरू हुआ फिल्म महोत्सव 'सिनेमा पैराडिसो'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कला** एवं शिल्प महाविद्यालय में दो दिवसीय फिल्म महोत्सव सिनेमा पैराडिसो का आयोजन हालदार हाल में मंगलवार से शुरू हुआ। इस महोत्सव में कलाकार व उनकी जिंदगी से जुड़ी फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज आंद्रेज वायदा द्वारा निर्देशित की गई गई फिल्म आफ्टर इमेज का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में दिखाया गया है कि पॉलिटिकल पावर्स किस तरह कलाकार पर हावी होकर अपने एजेंडे के अनुसार उसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। यह फिल्म इस बात को उजागर करती है कि कला क्या है क्या वह सिर्फ सजावट की वस्तु है या फिर वह सामाजिक बदलाव ला सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए एवं सभी ने फिल्म की सराहना की। अंत में छात्रों ने फिल्म के बारे में अपने विचार रखे व संयोजक अनिरुद्ध आचार्य ने फिल्म से जुड़े छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ रतन कुमार ने किया। इस अवसर पर छात्रों के अलावा शिक्षक अलोक कुमार, अनीता कनौजिया, रविकान्त पाण्डेय, डॉ पूनम रवि जायसवाल, अमर नाथ गौड़, धर्मेन्द्र कुमार, लालजीत अहीर, अतुल हुन्डू, संजय कुमार, महेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ सपना बाजपेई, रीतिका, सुगन्धा माहेश्वरी एवं प्रशान्त चौधरी आदि उपस्थित थे।

# एनआरएचएम के आरओ खरीद घोटाला मामले में प्रदीप शुक्ला को मिली राहत

विधि संवाददाता। लखनऊ


**एनआरएचएम** में आरओ खरीद में हुए कथित घोटाला मामले में चिकित्सा व स्वास्थ्य के तत्कालीन प्रमुख सचिव तथा एनआरएचएम के मिशन डायरेक्टर रहे प्रदीप शुक्ला को भारी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इनकी अंतरिम अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। पीठ ने कहा है कि इस मामले में यदि मुल्जिम गिरफ्तार किया जाता है तो उसे अंतरिम अग्रिम जमानत पर रिहा कर दिया जाए।

जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश प्रदीप शुक्ला की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। इनकी याचिका पर वरिष्ठ वकील सतीश चंद्र मिश्रा ने बहस की। उनका कहना था कि मूल मामले में इनकी जमानत मंजूर हो चुकी है। वर्तमान मामले को विवेचना में मुल्जिम ने पूरा सहयोग किया है और दूसरे मुल्जिमों को जमानत भी मिल चुकी है। दूसरी तरफ अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए ईडी का कहना था कि मुल्जिम एनआरएचएम का मिशन डायरेक्टर था व गलत ट्रांजेक्शन्स के इस मामले में वह मुख्य आरोपी है। इस मामले में छह करोड़ से अधिक की सरकारी धन के नुकसान का आरोप है।

## जल भराव मामले में नगर निगम और एलडीए के अधिकारी हुए पेश

विधि संवाददाता। लखनऊ

**जल** भराव की समस्या के मसले पर नगर निगम व एलडीए के अधिशाषी अभियंता अतुल मिश्रा व केके बंसल हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष हाजिर हुए। पीठ को इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि गोमती नगर के वास्तु खंड इलाके के नालों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। सपना स्वीट तिराहे से कठौता चौराहे की ओर जाने वाले नाले के घुमाव पर भी काम किया जा रहा है। पीठ ने इस पर मामले की अगली सुनवाई पांच जुलाई को तय करते हुए इन्हें कार्य की प्रगति के सम्बंध में हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया। जस्टिस डीके उपाध्याय एवं ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश डॉ. मनीष खन्ना की जनहित याचिका पर दिया है।



### हत्यारे पति को उम्र कैद

विधि संवाददाता। लखनऊ

**दारु** पीने से मना करने पर पत्नी की हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम पति श्यामू को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। जिला जज संजय शंकर पांडेय ने इस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 11 अक्तूबर 2022 को इस मामले की एफआईआर मुल्जिम के चाचा शत्रोहन ने थाना इटौंजा में दर्ज कराई थी। मुल्जिम ने शराब पीने से मना करने पर पत्नी किरन रावत की बांके से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी और मौके से भाग गया था। सरकारी वकील मोहम्मद शहीम के मुताबिक 22 मार्च 2023 को मुल्जिम पर आरोप तय हुआ था और अदालत ने सिर्फ दो माह तीन दिन में विचारण कर मंगलवार को अपना फैसला सुनाया।

की रिपोर्ट थाना बाजारखाला में दर्ज हुई थी।

### केजीएमयू कुलपति के खिलाफ याचिका खारिज

लखनऊ (विसं)। केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी के खिलाफ जांच की मांग वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। याचिका में केजीएमयू में नियुक्तियों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई थी। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश श्रीकांत सिंह की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि नियुक्तियों में कथित अनियमितता के लिए केजीमयू के चांसलर, लोकायुक्त व राज्य सरकार को कुलपति के खिलाफ स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने का आदेश दिया जाए। पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता की विश्वसनीयता के बारे में पूछा तो उसके वकील द्वारा बताया गया कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता है। पीठ इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। कहा कि जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए याचिकाकर्ता की विश्वसनीयता पहली शर्त होती है। और यह भी कहा कि सेवा सम्बंधी मामलों में जनहित याचिका पोषणीय भी नहीं है।

### दुराचारी को 10 वर्ष की सजा

**लखनऊ (विसं)।** शादी के इरादे से नाबालिग युवती का अपहरण व फिर दुराचार करने के मामले में दोषी मुल्जिम बब्लू को पॉक्सो की विशेष अदालत ने 10 वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज आशुतोष कुमार सिंह ने इस पर 40 हजार का जुर्माना भी लगाया है। वर्ष 2014 में इस मामले

## शांति यात्रा की अनुमति नहीं देने पर क्षतिपूर्ति की मांग

**लखनऊ (विसं)।** आजाद अधिकार सेना को हजरतगंज चौराहे से प्रेस क्लब तक शांति यात्रा की अनुमति नहीं देने के मामले में अदालत में क्षतिपूर्ति वाद दाखिल किया गया है। आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा दाखिल इस वाद में पुलिस कमिश्नर, डीसीपी मध्य, इंस्पेक्टर हजरतगंज के साथ ही राज्य सरकार को पक्षकार बनाया गया है। सिविल जज जूनियर डिविजन (हवाली) अंकिता सिंह ने पक्षकारों नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। वाद में कहा गया है कि 27 मई 2023 को लखनऊ पुलिस ने जानबूझकर राजनीतिक कारणों से शांति यात्रा करने की अनुमति नहीं दी। यह कहकर मना किया कि बहुत ही व्यस्त रूट है। जबकि इसी रूट पर सत्ताधारी पार्टी और उनके संगठनों के तमाम जुलूस नियमित रूप से निकलते रहते हैं। पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा भी दी जाती है। कहा गया कि पुलिस प्रशासन द्वारा शांति यात्रा की अनुमति नहीं देने से पार्टी को विभिन्न प्रकार से नुकसान हुआ है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 50 लाख रुपए है। लेकिन इन्हें क्षतिपूर्ति की सांकेतिक धनराशि 100 रुपए देने का आदेश प्रदान किया जाए।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए कम आवेदन पर निदेशक ने जताई चिंता

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग में 40 दिन बीतने के बाद भी मात्र 80 अध्यापक ही राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन कर सके हैं। यह स्थिति तब है कि आवेदन की अन्तिम तिथि बुधवार 31 मई है।

राज्य पुरस्कार के लिए नगण्य आवेदन को देखते हुए बेसिक शिक्षा निदेशक डा महेन्द्र देव ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने अपने पत्र में लिखा है कि राज्य अध्यापक पुरस्कार 2022 के लिए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में कार्यरत अध्यापक, अध्यापिकाओं के चयन के लिए प्रेरणा वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 16 अप्रैल से 31 मई 2023 तक आमंत्रित किए गए हैं। स्थिति यह है कि एक जिले से चार आवेदन पत्र, चार जिलों से पांच-पांच आवेदन पत्र, 14 जिलों से दो.दो आवेदन पत्र तथा 35 जिलों से मात्र एक-एक आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

# चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्टों ने डिप्टी सीएम से मिलकर बताई व्यथा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नियुक्ति** की राह देख रहे चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्टों ने नियुक्ति को लेकर मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्टों ने उप मुख्यमंत्री से अपनी व्यथा सुनाई। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री ने यूपीएसएसएसी के अध्यक्ष प्रवीर कुमार से बात की लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। उप मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे चयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्टों ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी किए गए अंतिम चयन परिणाम में ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में चयन को लेकर असफल अभ्यर्थियों द्वारा वाद दायर किए गए थे, जिसे उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ एवं इलाहाबाद खंडपीठ द्वारा खारिज कर दिया गया है। जिसके चलते फार्मासिस्ट भर्ती में किसी भी प्रकार का कोई भी वाद लंबित नहीं है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अभी भी संस्तुति को शासन भेजने की मंशा में नहीं है।

# अमृत महोत्सव काल में गुमनाम शहीदों की स्मृति में एलयू में बनेगी गैलरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजादी** के 75 साल पूरे होने पर देश में मनाये जा रहे अमृत महोत्सव काल में आजादी की लड़ाई में गुमनाम शहीदों की स्मृति में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शहीदों के लिए एक गैलरी के निर्माण करने का निर्णय लिया है। इस उन शहीदों से जुड़ी सभी जानकारियां समाहित रहेंगी, जिन्हें पाठ्य पुस्तकों में या तो उचित स्थान नहीं मिला है या फिर नगण्य जानकारी समाहित है। इस गैलरी को छात्रों व विशेषज्ञों की एक टीम तैयार करेगी। जो देश के प्रथम स्वतंत्र आंदोलन से लेकर आजादी मिलने तक उत्तर प्रदेश के क्रांतिकारियों के बारे में जानकारी एकत्र कर उन्हें स्थापित करेगी। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि हम आजादी का 75 वर्ष अमृत काल के तौर पर मना रहे हैं। हमारी देश की आजादी के लिए हजारों क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। पर मौजूदा समय में बड़े क्रांतिकारियों के नाम तो लोगों लोगों को आज भी याद है पर हजारों क्रांतिकारी व शहीद ऐसे हैं जो आज गुमनाम हो गए हैं। उनके बारे में ना तो कहीं कोई रिकॉर्ड संरक्षित है और न ही उनके बारे में पढ़ाया ही जा रहा है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय अपने सभी क्रांतिकारियों की यादों को सहेजने के लिए एक उनके बलिदानों को लोगों के सामने रखने के लिए इस नई पहल का शुरुआत किया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय आर्ट्स कॉलेज में साबरमती आश्रम के तर्ज पर गांधी जी का आश्रम बना रहा है। उसी आश्रम में गुमनाम क्रांतिकारियों से जुड़े तथ्य जानकारियों के लिए एक गैलरी भी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के मॉडर्न हिस्ट्री विभाग ने ऐसे गुमनाम क्रांतिकारियों पर एक किताब लिखी है उसी किताब के आधार पर यहां पर यह गैलरी का निर्माण किया जायेगा। कुलपति प्रोफेसर ने बताया कि गैलरी में न केवल गुमनाम क्रांतिकारियों को जगह दी जायेगी बल्कि इसमें प्रमुख क्रांतिकारियों को भी रखा जाएगा। जैसे राम प्रसाद बिस्मिल जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने काकोरी कांड के लिए फांसी की सजा दी थी। गोविंद बल्लभ पंत, गणेश शंकर विद्यार्थी, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, आचार्य नरेंद्र देव, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे, बेगम हजरत महल की जीवनी और उनके संघर्षों को साझा किया जाएगा। प्रोफेसर राय ने बताया कि इस गैलरी में भारत की स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता को भी जगह दी जायेगी। जिन्होंने 9 अगस्त 1942 को जब गांधी जी व अन्य कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए, तब भूमिगत रहकर भारत छोड़ो आंदोलन को पूरे देश में फैलाया। जैसे डॉ लोहिया, अच्युत पटवर्धन, सादिक अली, पुरूषोत्तम टिकरम दास, मोहनलाल सक्सेना, रामनन्दन मिश्रा, सदाशिव महादेव जोशी जैसे दर्जन भर क्रान्तिकारी शामिल हैं।

## इन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया जाएगा

■ **बख्त खान-:** इनका जन्म रोहिलखंड में बिजनौर में हुआ था। यह ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में सूबेदार थे और ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ 1857 के भारतीय विद्रोह में भारतीय विद्रोही बलों के कमांडर-इन-चीफ थे।

■ **मौलवी लियाकत अली-:** इन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ 1857 में इलाहाबाद में बगावत का बिगुल फूंका था। राव कदम सिंह. इन्होंने 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बगावत कर दिया था।

■ **झलकारी बाई-:** ये झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना दुर्गादल की सेनापति थी। वीरांगना झलकारी बाई ने देश की खातिर अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया।

■ **चित्तू पांडेय-:** भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उनके नेतृत्व के कारण जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें बलिया का शेर के रूप में वर्णित किया था।

■ **महावीर त्यागी-:** स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने कांग्रेस के बैनर तले किसान आंदोलन किया था। जिसके वजह से अंग्रेजों ने उन्हें 11 बार गिरफ्तार किया और यातनाएं दी।

■ **राजा महेंद्र प्रताप सिंह-:** भारत के स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, लेखक व क्रांतिकारी थे। जो आर्यन पेशवा के नाम से प्रसिद्ध थे।

■ **धन सिंह गुर्जर-:** उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 10 मई 1857 को मेरठ में मंगल पांडे के साथ क्रांति की शुरुआत की थी।

## चीफ फार्मेसिस्ट उत्कृष्ट नागरिक सम्मान से सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फार्मेसिस्ट** फेडरेशन के अध्यक्ष व सिविल चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव को सामाजिक कार्यों, शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए अतुल्य फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्ट नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। द एलाइट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस आरए प्रसाद द्वारा दिया गया।

# किसी भी स्तर पर लंबित न रहें केंद्र से जुड़ी परियोजनाएंः सीएम

● सीएम योगी ने की पीएमजी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा
● मुआवजे के मामले में कतई देरी न करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सरकार से जुड़ी परियोजनाएं किसी भी स्तर पर लम्बित न रहें। ऐसे प्रकरणों में अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। इन परियोजनाओं की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाए। भूमि अर्जन के मामलों में सम्बन्धित विभाग अतिरिक्त मानव संसाधन लगाते हुए समय से कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुआवजे के मामलों में कतई देरी न की जाए। न्यायालय में लम्बित मामलों में प्रभावी पैरवी कराते हुएए उनका निराकरण कराएं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत बैठक में पीएमजी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अवस्थापना परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

ज्ञातव्य है कि पीएमजी पोर्टल पर अब तक दर्ज 351 मामलों में से 321 का निस्तारण कर दिया गया है। शेष 30 परियोजनाएं अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, राजस्वए लोक निर्माण, सिंचाई एवं जल संसाधन, पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणए ऊर्जा तथा नागरिक उड्डयन विभाग से सम्बन्धित हैं। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों को शीघ्र निर्णय लेकर समयबद्ध रूप से उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# गूंजे मारुति नंदन के जयकारे, भक्तों में खूब बंटा प्रसाद





सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक सूचना अंशुमान त्रिपाठी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**ज्येष्ठ** माह के आखिरी बड़े मंगल पर मोहनलालगंज में मारुति नन्दन के जयकारों की धूम मची रही। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने पाण्डेय मार्केट पर भण्डारे का आयोजन किया। जिसमें तहसीलदार आनन्द तिवारी व एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य और विधायक अमरेश कुमार ने भक्तों को पूड़ी.सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया। तहसील के परागबूथ और ब्लाक मुख्यालय पर भी सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार आनन्द तिवारी व एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य और बीडीओ पूजा सिंह ने श्रद्धालुओं को पूड़ी.सब्जी छोला–चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया। इसी तरह गनियार मोड़ गौरा धरमावत खेड़ा और समेसी सबस्टेशन पर भी विधि.विधान से पूजा.अर्चना के बाद भण्डारा आयोजित कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने की नशामुक्त परिवार बनाने की अपील

**लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल पर पूरे लखनऊ में जगह जगह हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारे में स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सम्मिलित हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अधिकतर भंडारों में केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा भक्तों को प्रसाद बांटते देखा गया। केंद्रीय राज्यमंत्री वितरित किया गया। कौशल किशोर ने कहा प्रभु श्री हनुमान जी सभी का सुख दुख हरने वाले भगवान हैं और बजरंगबली के लाखों करोड़ों भक्त नशामुक्त जीवन जीते हैं। इसलिए हमेशा स्वस्थ और सुखी रहते हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रभु हनुमान जी को मानने वाले सभी भक्तगणों से अपील की है कि वह अपना परिवार नशामुक्त परिवार बनाएं जिससे हनुमान जी की कृपा आप पर सदैव बनी रहेगी और हमेशा स्वस्थ और निरोग रहेंगे।

## सफाई मित्रों व उनके परिवार के लिए लगाया भंडारा



**लखनऊ।** गोमतीनगर में सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक द्वारा सभी कर्मियों एवं सफाई मित्रों को ज्येष्ठ मंगलवार की शुभकामनाएं दी गयी। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को सुएज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जोन 4 स्थित अपने कार्यालय में बड़े मंगलवार भंडारे का आयोजन किया। भंडारे की शुरुवात विधिवत श्री हनुमान जी की पूजा.अर्चना एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई। सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने अपने सभी कर्मियों एवं सफाई मित्रो एवं उनके परिवार को ज्येष्ठ मंगलवार की शुभकामनाएं दी। साथ ही इस पावन अवसर पर पुनः अपने सफाई मित्रो को याद दिलाया की उन्हें सुरक्षा नियमो का पालन करते हुए ही कार्य करना है व किसी भी परिस्थिति में मैनहोल में नहीं उतरना है। अपने परिवार व अपने जीवन को सुरक्षित करके ही कार्य करे। बड़े मंगलवार के इस आयोजन में क्षेत्रीय पार्षद अरुण तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मत्स्य मंत्री ने किया विभागीय पोर्टल का शुभारंभ

● निदेशालय में कांफ्रेंसिंग कक्ष का भी किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मत्स्य** विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद द्वारा मंगलवार को मत्स्य निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए आम जनमानस से आवेदन प्राप्त करने के वास्ते पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। पोर्टल पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजाओं के लिए आनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त किये जाएंगे। इसके साथ ही मंत्री ने मत्स्य निदेशालय लखनऊ के आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वीडियों कान्फ्रेन्सिग कक्ष का भी लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मत्स्य विकास संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत निजी भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी निर्माण, बायोफ्लाक पॉण्ड, रियरिंग तालाब निर्माण, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, इन्सुलेटेड व्हीकल्स, मोटर साइकिल विद आइसबॉक्स, थ्री.व्हीलर विद आइसबॉक्स, साइकिल विद आइसबॉक्स, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, मत्स्य आहार प्लान्ट, मत्स्य आहार मिल, केज संवर्धन, पेन संवर्धन, सजावटी मछली रियरिंग यूनिट, कियोस्क निर्माण, शीतगृह निर्माण, मनोरंजन मात्स्यिकी, डाइग्नोस्टिक मोबाईल लैब, मत्स्य सेवा केन्द्र एवं सामूहिक दुर्घटना बीमा सहित कुल 30 योजनाओं हेतु आनलाइन आवेदन 30 मई से 15 जून 2023 तक आमंत्रित किए जाएंगे।

## नवनिर्वाचित महापौर व अध्यक्षों की एक दिवसीय कार्यशाला कल

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग की ओर से प्रदेश के नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित महापौर, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए एक दिवयीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला बृहस्पतिवार पहली जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ भी प्रतिभाग करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा और नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थिति रहेंगे। तीन सत्रों में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला की शुरुआत नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सम्बोधन के साथ होगी। प्रथम सत्र में नगरीय स्वशासन के संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों पर चर्चा की जाएगी। सचिव नगर विकास रंजन कुमार इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

## बजरंग बली का हुआ फलों-फूलों से शृंगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● लेटे हुए हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने हाथ से सीताराम लिखकर चढ़ाया 21 मीटर का वस्त्र

**ज्येष्ठ** माह के अंतिम बड़े मंगलवार को प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में फूलों व फलों से श्रृंगार हुआ। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवादार और अध्यक्ष डॉ विवेक तांगड़ी ने बताया की आज ट्रस्ट द्वारा 21 मीटर के वस्त्र को मंदिर प्रांगण में लगाया गया जिस पर हजारों श्रद्धालुओं ने अपने हाथ से सीताराम लिखकर संध्या आरती के समय बाबा को सीताराम लिखा हुआ वस्त्र चढ़ाया गया । मंदिर में आज हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया तथा प्रांगण में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का गतिमान पाठ एवं महाआरती संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर के सचिव डॉ पंकज सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, अल्केश सोती, मनीष शर्मा, हर्षित सिंह, अभिषेक यादव, राहुल निषाद, रितेश पांडे, समीर, कुलदीप, अवधेश इत्यादि सेवादार उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया भंडारा



**लखनऊ।** चतुर्थ बड़े मंगल के अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया चाँदगंज शाखा में सेवारत एवं सेवानिवृत साथियों के सहयोग से भण्डारा और पौशला आयोजित किया गया। भण्डारे में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मन्त्री योगेन्द्र उपाध्याय ने हनुमानजी की पूजा अर्चना की एवं भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य विंध्यवासिनी कुमार और वरिष्ठ भाजपा नेता केके शुक्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य शाखा प्रबन्धक हेमन्त गुप्ता ने उच्च शिक्षा मन्त्री का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया और आल इण्डिया यूनियन बैंक स्टाफ फेडरेशन के महामंत्री राकेश पांडेय ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप शाखा प्रमुख स्वाति अग्रवाल, सुधा, शिखा, पल्लवी, सुनीता के साथ सेवानिवृत साथी संजय घोष, वीएन गुप्ता, संजय चक्रबर्ती, एसएस बिष्ट, बीसी वाजपेयी, एबी के गांगुली, अनिल कुमार पंत, एसपी भाटिया आदि का विशेष सहयोग रहा।


कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी01411
पंजीकृत कार्यालय : ए–7, सेक्टर–7ए नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश,
फोन : 91–120–2423316, ई–मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com
वेब : www.continentalchemicalsltd.com

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | 31–03–2023 को समाप्त 3 माह 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 31–12–2022 को समाप्त 3 माह 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31–03–2022 को समाप्त 3 माह 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31–03–2023 को समाप्त वर्ष 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 31–03–2022 को समाप्त वर्ष 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से आय | 23.50 | 39.15 | 18.34 | 126.63 | 104.07 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (8.01) | 17.77 | (8.26) | 27.49 | 7.06 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (8.01) | 17.77 | (8.26) | 27.49 | 7.06 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (4.74) | 14.86 | (9.20) | 24.94 | 5.99 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (4.66) | 15.97 | (9.08) | 26.55 | 6.36 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - | - |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) मूल :– | (0.21) | 0.66 | (0.41) | 1.11 | 0.27 |
| | तनुकृत :– | (0.21) | 0.66 | (0.41) | 1.11 | 0.27 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 29–05–2023 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता./–
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963
स्थान : नोएडा
तिथि : 29–05–2023



शुभम्
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा)
फोन : 0124–4212530/31/32, ई–मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के तहत सूचना

आपको सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, डी–305, ग्राउण्ड फ्लोर, सर्वोदय एन्क्लेव, नई दिल्ली–110017 (इसमें आगे 'एसएचडीएफसीएल' कही गई है) द्वारा आपका ऋण खाता एनपीए घोषित किया गया है तथा आप अपने ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एसएचडीएफसीएल को करने हेतु जिम्मेदार हैं। आप उपरोक्त राशि पर संविदा दर पर भावी ब्याज तथा अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि का भी भुगतान करने हेतु जिम्मेदार हैं। अतएव, हम एतद्द्वारा आपसे अपनी पूरी देयताओं का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर एसएचडीएफसीएल को करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार होगा। कर्जदारों तथा प्रत्याभूत आस्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या कर्जदार(रों) का नाम | आवेदक का पता | मांग सूचना राशि एवं तिथि | प्रत्याभूत आस्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0LKW2206000005048847 एवं 0LKW2205000005047758 सच्चिदानंद यादव, देवानंद यादव | 8/588, सेक्टर–8, विकास नगर, कल्याण मंडप, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226022 | रू. 9,72,134/– एवं रू. 9,47,584/– 20–05–2023 | खसरा नंबर 937, वाके मौजा बमरौली कटरा, आगरा, उत्तर प्रदेश – 282006 |
| 2. | 0ALB1709000005008085 राहुल जायसवाल, राजबहादुरलाल जायसवाल | 455 अतरसुइया दुर्गा पूजा पार्क, अतरसुइया, थाना इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश–211003 | रू. 21,39,129/– एवं 20–05–2023 | 240ए/218, गरीवान टोला, परगना और तहसील – सदर जिला – इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211003 |
| 3. | 0LKW1801000005010524 बिभा त्रिपाठी, रामानुज त्रिपाठी | मकान नंबर ए 1, राजावत विहार सेक्टर–6, गोमती नगर एक्सटेंशन, निकट पावर हाउस, मलेसियामऊ लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226010 | रू. 35,99,376/– एवं 20–05–2023 | मकान नंबर ए–1, प्लॉट पर निर्मित, पार्ट/मिनजुमला खसरा/गाटा नंबर 19, परिमाप प्लॉट एरिया 1000 वर्ग फीट, स्थित राजावत विहार सेक्टर–6, गोमती नगर विस्तार, ग्राम/मोहल्ला – बागामऊ, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ– 226010 |
| 4. | 0LKO2103000005036370 नेकपाल, ज्योति | 18, बसंत विहार, मायावती कालोनी, दीन दयाल नगर तकरोही अवध पब्लिक स्कूल लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 227105 | रू. 7,76,949/– एवं 20–05–2023 | प्लॉट नंबर 31, खसरा नंबर 299 क मिन का भाग, रसूलपुर सादात माहोना बक्शी का तालाब दीनदयाल नगर तकरोही लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226028 |
| 5. | 0KAN2110000005040204 मनोज कुमार पंडित, प्रदीप कुमार पंडित, अल्पना देवी, कल्पना देवी | 4/1154, कंचन नगर शुक्लागंज, गायत्री मंदिर उन्नाव, उत्तर प्रदेश – 209861 | रू. 5,38,803/– एवं 20–05–2023 | मकान नंबर 4/1154, अराजी नंबर/प्लॉट नंबर 94 एम पीपर खेड़ा एहतमाली, परगना हाढा, तहसील और जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश – 209862 |
| 6. | 0KAN2012000005032789 शैलजा सिंह, अभिषेक कुमार सिंह | 159, तिवारीपुर–1, आदर्श नगर, जाजमऊ तिवारी स्वीट्स, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208010 | रू.19,63,762/– एवं 20–05–2023 | मकान नंबर 159 (अराजी नंबर 159), तिवारीपुर–1, आदर्श नगर, वाजिदपुर उर्फ जाजमऊ, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208010 |
| 7. | 0KAN1910000005023782 देवेन्द्र सिंह चौहान, रानी सिंह, राघवेन्द्र कुमार सिंह चौहान | 117, 158, बीके ब्लॉक अम्बेडकर नगर, गीता नगर रावतपुर हरि गर्ल्स होस्टल, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208025 | रू. 24,11,824/– एवं 20–05–2023 | मकान नंबर 117/के/158बी, अम्बेडकर नगर, काकादेव, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208025 |
| 8. | 0ALB2112000005042197 0ALB1809000005014940 बलवंत कुमार, नीता देवी | 36/45सी, बेली रोड जगराम चौराहा, न्यू कटरा निकट शगुन गेस्ट हाउस इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211002 | रू. 7,44,632/– एवं 20–05–2023 | मकान नंबर 31, पुराना उसके बाद 36/45 वर्तमान नंबर 54/45, स्थित मोहल्ला नया कटरा, परगना एवं तहसील सदर एवं जिला इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश – 211002 |

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 30–05–2023
प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड


# नगर निकाय के निर्वाचन परिणाम को चुनौती देने के लिए सक्षम न्यायालय में ही दायर होगी याचिका

● आयोग ने किया स्पष्ट, परिणाम घोषित होते ही अधिकार क्षेत्र हो जाता है समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के निर्वाचन परिणामों को चुनौती देने तथा निर्वाचन के संबंध में प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन आयोग में पुनर्मतदान एवं पुनर्मतगणना कराने के लिए प्रत्यावेदन भेजने के संबंध में स्पष्ट किया है कि नगरीय निकायों के घोषित निर्वाचन परिणाम के विरुद्ध निर्वाचन आयोग में प्रत्यावेदन देने के बजाय निर्वाचन परिणाम को चुनौती देने के लिए सक्षम न्यायालय में ही निर्वाचन याचिका दायर कर अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफीसर, निर्वाचन अधिकारी द्वारा ज्यों ही निर्वाचन परिणाम घोषित कर दिया जाता है। आयोग का अधिकार क्षेत्र समाप्त हो जाता है तथा निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को उसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं रह जाता। रिटर्निंग ऑफीसर निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित किए जाने के बाद सक्षम न्यायालय में निर्वाचन याचिका दायर की जा सकती है। आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत नगर निगमों के महापौरों एवं पार्षदों और नगर पालिका परिषदों नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के निर्वाचन सम्पन्न हो गए हैं और इनके निर्वाचन परिणाम भी घोषित हो गए हैं फिर भी निर्वाचन के संबंध में प्रत्याशियों द्वारा आयोग में पुनर्मतदान एवं पुनर्मतगणना कराए जाने हेतु प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं।

## फेलोशिप के लिए होगा 100 शोधार्थियों का चयन

**लखनऊ ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि टूरिज्म ट्रेवल मैनेजमेंट के छात्रों को स्टाइपेन्ड के आधार पर पर्यटन के साथ जोड़े जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप योजना की रूप रेखा तैयार की गयी है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को सरकार के साथ मिलकर पर्यटन नीति, प्रबंधन क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के कार्यों में सहभागिता का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास में केन्द्रध्राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का मूल्यांकन कराया जायेगा। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां देते हुए बताया कि केन्द्र–राज्य सरकार की कार्यान्वित समस्त योजनाओं का समवर्ती मूल्यांकन करने के लिए 100 शोधार्थियों का चयन किया जायेगा। यह कार्य शोधार्थियों द्वारा मण्डलायुक्त, जिलाधिकारियों, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से समन्वय करते हुए कराया जायेगा।

# सम्मान निधि की 14 वीं किश्त के लिए शीघ्र ई-केवाईसी करें किसानः शाही

● अब तक 307760 किसानों की शिकायतों का किया गया मौके पर समाधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीएम किसान सम्मान निधि वृहद संतृप्तीकरण अभियान की समीक्षा की। अब तक 32865 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये जहां 773382 किसान आये जिसमें 307760 किसानों का मौके पर ही अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा समाधान कर दिया गया। इसमें 75205 किसानों की ई केवाईसी, 51203 किसानों का भूलेख अंकन, 80435 किसानों का आधार सीडिंग, 38289 किसानों के अन्य समस्याओं का समाधान 44484 किसानों का ओपन सोर्स से पंजीकरण का निराकरण किया गया है। मंत्री शाही ने इस अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाये जाने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी विभिन्न जनपदों के शिविर में जाने, किसान भाइयों के भागीदारी के लिए प्रचार प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 31 मई 2023 को देवरिया जनपद के चार ब्लाकों के अलग–अलग गांवों में स्वयं उनके द्वारा किसानों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि पीएम किसान की 14वीं किश्त मिल सके इसलिए आप शिविर में जाकर अपनी केवाईसी आधार कार्ड और बैंक खाते तथा भू–अभिलेख का सत्यापन अवश्य करा लें।

## होमगार्ड्स मंत्री ने मृत जवान की पत्नी को प्रदान किया 30 लाख का चेक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**होमगार्ड्स** एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मृतक होमगार्ड स्व. चन्द्र कुंवर सिंह की आश्रित पत्नी अर्चना सिंह को एडीएफसी बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा की निर्धारित 30 लाख रुपए राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि से मृतक होमगार्ड के परिवार का भरण–पोषण होने में मदद होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी पांच लाख रुपा की सहायता दी जा चुकी है। मंत्री प्रजापति ने कहा कि इसके अतिरिक्त मृतक के आश्रित को, जो होमगार्ड्स भर्ती की अर्हतायें पूरी करता हो, नौकरी पर भी विभाग द्वारा रखा जायेगा। उन्होंने मृतक की आश्रित पत्नी को भरोसा दिलाया कि विभाग हमेशा मृतक होमगार्ड के परिवार के साथ खड़ा है।

# जल्द से जल्द जांच पूरी कर आरोपी को दी जाए सख्त सजाः राजेश्वर सिंह

साक्षी हत्याकांड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिल्ली** में बीच सड़क पर 16 साल की मासूम लड़की साक्षी की बेरहमी से हुई हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हर तरफआरोपी साहिल को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। इस हत्याकांड से डॉ. राजेश्वर सिंह भी क्षुब्ध है। सरोजनीनगर से बीजेपी विधायक ने मामले की जल्द से जल्द जांच पूरी करने तथा अपराधी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

अपने आधिकारिक ट्विटर अकांउट से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और पुलिस से 60 दिन के अंदर मामले की जांच पूरी करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने उच्चतम न्यायलय से मामले के ट्रायल को अपनी निगरानी में कराने की मांग की है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध और अपराधियों को देख कर अपनी पुरानी पुलिस की नौकरी और ऐसे जघन्य अपराधी को तत्काल दंड दिलाने की स्मृतियां उद्देलित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह एक सुपरकॉप भी रहे हैं। 1998 बैच के पीपीएस अधिकारी रहे डॉक्‍ राजेश्वर सिंह के नाम 36 एनकाउंटर दर्ज हैं। पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने एक से बढ़कर एक खूंखार अपराधियों का खात्मा किया है।

साल 2005 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा पुलिस सेवा में वीरता के सर्वोच्च पुरस्कार श्राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया। यूपी पुलिस में नौकरी तथा ईडी में संयुक्त निदेशक के रूप में सेवा देने के बाद उन्होंने वीआरएस लेकर जनसेवा करने का संकल्प लिया। वर्तमान में डॉ. सिंह सरोजनीनगर से विधायक है।

## बिजली विभाग का छापा कटिया चोरों पर कसा शिकंजा

**मोहनलालगंज।** लाइन लॉस रोंकने के लिए मंगलवार को मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा गांव में पीएसी बल के साथ बिजली विभाग की टीम ने ताबड़तोड छापेमारी की। इस दौरान दर्जनभर लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा गांव में मंगलवार को अधीक्षण अभियन्ता एमपी सिंह और अधिशाषी अभियन्ता घनश्याम त्रिपाठी की अगुवाई में एसडीओ उपेन्द्र पटेल योगेन्द्र यादव सतविन्दर यादव और जेई आशीष कुमार संदीप कुमार अन्शुमान पाण्डेय व अनुपम त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने पीएसी बल के साथ बिजली चोरी के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 11 लोगों को कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़कर एफआईआर दर्ज कराई गई। जबकि दो बकाएदारों के कनेक्शन काटकर मीटर व केबिल उतार लिया गया। हालांकि बकाया जमा करने पर एक उपभोक्ता का कनेक्शन जोड़ दिया गया।

## अवैध कब्जों पर गरजा बुलडोजर करोड़ों की जमीन कराई खाली

**मोहनलालगंज।** अवैध कब्जों को लेकर मंगलवार को तहसील अफसरों ने कड़ा रुख अपनाया। एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर करोड़ों की सरकारी जमीन खाली कराई। मोहनलालगंज के मोहारी कला में कुछ लोग पशुचर भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे थे। जबकि कुछ हिस्से पर प्लाटिंग कम्पनी ने कब्जा जमा रखा था। मंगलवार को शिकायत मिलने पर एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य के आदेश पर नायब तहसीलदार अनुपम वर्मा की अगुवाई में राजस्व टीम ने पिलर और तारबाड़ तोड़कर तीन बीघे पशुचर भूमि खाली करा दी। जबकि दो बिस्सा सरकारी भूमि पर प्लाटिंग कम्पनी ने अवैध प्लाट काट रखे थे। जिसे जेसीबी से ढहाकर अवैध कब्जे खाली करा दिए गए। वहीं अतरौली में सरकारी भूमि पर अस्थाई कब्जे की शिकायत पर नायब तहसीलदार महिमा मिश्रा की अगुवाई में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण खाली करा दिया।

# गंगा दशहरा पर काशी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

● दशाश्वमेध घाट पर श्रद्धालुओं ने किया माँ गंगा का दुग्धाभिषेक एवं पूजन-अर्चन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**ज्येष्ठ** माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि यानी आज गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। वाराणसी में श्रद्धालु जहां गंगा के तट पर पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं, वहीं गंगा पूजन की समितियों की ओर से मां गंगा की आरती के लिए तैयारियां चल रही हैं। आज ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा पर विविध आयोजन होंगे। मान्यता है कि भगीरथ के तप के बाद कभी इसी तिथि पर गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ज्योतिषाचार्य पं. विमल जैन ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई को सुबह 11:50 बजे लगेगी और 30 मई को दोपहर 1:09 बजे तक रहेगी।इस बार दशमी तिथि 30 मई को पूर्वाह्न व्यापिनी है। इसमें छह योग बन रहे हैं। दशमी तिथि, हस्त नक्षत्र गरण करण और कन्या राशि का चंद्रमा मिल रहा है। मान्यता है कि गंगा दशहरा के अवसर पर जो लोग गंगा में स्नान ध्यान करके दान पुण्य करते हैं, उनको पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मंगलवार को काशीपुराधिपति की नगरी काशी में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर दान पुण्य किया। गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु तड़के से ही गंगा तट पर पहुंचने लगे। स्नान ध्यान का सिलसिला भोर से ही चलता रहा। शहर के प्राचीन दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, अहिल्याबाई घाट, पंचगंगा घाट, अस्सी घाट, केदार घाट, खिड़किया घाट, भैंसासुर घाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

श्रद्धालुओं के चलते घाटों पर मेले जैसा दृश्य रहा। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। सनातन भारतीय संस्कृति के स्नान पर्वों में गंगा दशहरा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने से वर्ष भर गंगा स्नान करने बराबर के फ्ल की प्राप्ति होती है।

# वाराणसी के स्टार्टअप इल्ला रिटेल इंडिया ने हलचल मचाई

**वाराणसी।** सामाजिक दायित्व को बढ़ावा देते हुए वृद्धि अर्जित की ईकॉमर्स सभी विक्रेताओं को एक समान मंच पर ले आया है और उन्हें ऑनलाईन कॉमर्स के क्षेत्र में अपार अवसर एवं सफलता प्रदान किए हैं। ऑनलाईन कॉमर्स के फायदे उठाने वाले ऐसे ही दो महत्वाकांक्षी विक्रेता हैं, मोहम्मद साहिल और मोहम्मद समीर कॉलेज पूरा करने के बाद इन महत्वाकांक्षी भाईयों ने ऑटोमोबाईल की ओर अपने प्रेम को एक उद्यमशील वेंचर के रूप में विकसित किया। 2020 में इनोवेटिव विचारों और दृढ़ निश्चय के साथ उन्होंने इल्ला रिटेल इंडिया की स्थापना की। यह स्टार्टअप मीशो जैसे अग्रणी ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा कार के किफायती पार्ट और एक्सेसरीज़ बेचता है। अपने व्यवसाय की शुरुआत से ही मीशो के साथ जुड़कर इल्ला रिटेल इंडिया के संस्थापक निरंतर मीशो की प्रभावशीलता का समर्थन करते हैं। वाराणसी शहर के इन दोनों भाईयों ने 16 लोगों की एक समर्पित टीम लेकर अपने शहर में ही अपने उद्यम की स्थापना की।

# लाठीचार्ज के दौरान गिरफ्तार नौ किसानों की जमानत हुई मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**किसान** विरोधी मोहनसराय ट्रांसपोर्ट योजना के लिये अधिग्रहण का विरोध के दौरान गिरफ्तार 11 किसानो मे से एक महिला किसान श्याम दुलारी पटेल एवं गौरी शंकर पटेल, दिलीप पटेल, जय प्रकाश पटेल की जमानत अर्जी आज मंजूर हो गयी, जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने जमानत मंजूर किया।

29 मई को जिउत पटेल, रतन पटेल, बबलु, संदीप पटेल एवं 25 मई को संजय पटेल की जमानत हुई तो कुल 11 गिरफ्तार किसानो मे से 9 किसानो की जमानत मंजूर हो गयी तथा अजय शंकर एवं जय शंकर जो पिता और पुत्र है इनके जमानत की सुनाई की तिथि 01 जून को लगा है। किसानो की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता द बनारस बार के पूर्व महामंत्री नित्यानन्द राय , अजय शर्मा एवं कामेश्वर सिंह ने बहस की , नित्यानंद रहा ने बहस करते हुये कोर्ट को बताया कि उक्त योजना से संदर्भित मुकदमा माननीय उच्च न्यायालय मे लंबित है।

17 मई को हाइकोर्ट मे सुनवाई हेतु तिथि नियत थी, अचानक 16 मई को लाव लश्कर के साथ विधि विरूद्ध तरीके से वी डी ए के अधिकारी बिना मुआवजा दिये किसानो की जमीन पर कब्जा लेने लगे, जिसकी सुनवाई 17 मई को हाईकोर्ट मे होने पर किसानो के वैधानिक साक्ष्य को देखते हुये माननीय न्यायालय ने स्थगन आदेशदे दिया जिसके कारण जिला प्रशासन को वापस होना पड़ा , शांतिपुर्वक विरोध करने पर किसानो पर बर्बर तरीके से लाठीचार्ज किया और निर्दोष लोगो का फर्जी मुकदमे मे जेल भेज दिया, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे लगातार पांच दिन से सुनवाई हो रही है।

# संगठन एवं सरकार के समन्वय से प्राप्त किया अन्त्योदय का लक्ष्य : भूपेश चौबे

**संवाददाता।** सोनभद्र



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर चलाये जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को जिलें के चारो विधानसभा में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। राबर्ट्सगंज विधानसभा का वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन सिविल लाइन्स रोड सवेरा होटल के प्रांगण में संपन्न हुआ, सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे मौजूद रहे। दुद्धी व ओबरा विधानसभा सम्मेलन मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व घोरावल विधानसभा सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे मौजूद रहे। राबर्ट्सगंज विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में सदर विधायक भूपेश चौबे ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य कर रही है 2014 से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संगठन एवं सरकार के समन्वय से ही अन्त्योदय के लक्ष्य को प्राप्त किया जा रहा है। जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति विगत नव वर्षो मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में लक्ष्य आधारित जो कार्य किया है उससे देश आज प्रगति और सम्मान के साथ साथ जीवन समृद्धि के प्रत्येक क्षेत्र में लगातार तीव्रगति से आगे बढ़ रहा है प्रदेश मे भाजपा ने 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर 2022 के चुनाव आप वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के प्रयास से पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है।

# पांच महीने में 2158 अल्ट्रासाउंड, 1167 हाई रिस्क गर्भवती चिन्हित

**संवाददाता।** सोनभद्र

● पीपीपी माडल पर 11 डायग्नोस्टिक सेंटर हैं अनुबंधित

**आदिवासी** बाहुल्य जनपद में शासन के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए अनुबंधित किए गए प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर का असर दिखने लगा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से मई तक अनुबंधित 11 डायग्नोस्टिक सेंटर पर 11941 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व 2158 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कराया गया है। इसमें से स्वास्थ्य विभाग ने भुगतान प्रक्रिया तेज कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राधे गोविंद यादव ने बताया की गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए डायग्नोस्टिक सेंटर अनुबंधित होने का लाभ मिल रहा है। अल्ट्रासाउंड के साथ हाई रिस्क जांच के साथ प्रसव पूर्व के अन्य जांच को भी किया जा रहा है। इस दौरान 2158 अल्ट्रासाउंड किया गया है। सेंटर के शत-प्रतिशत भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग पेमेंट व्यवस्था को रिव्यू करने वाला है। शासन ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। जल्द ही अनुबंधित सेंटर के भुगतान की व्यवस्था पहले से बेहतर किया जाएगा।

## यह है अनुबंधित सेंटर

जिले में गर्भवती महिलाओं के निशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए राबर्ट्सगंज स्थित प्रकाश एंड पवन डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिस्कैन डायग्नोस्टिक सेंटर, अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर, एसएसजी डायग्नोस्टिक सेंटर है। शक्तिनगर स्थित कृष्णा अल्ट्रासाउंड, अनपरा स्थित मैक्स डायग्नोस्टिक सेंटर, घोरावल स्थित समर डायग्नोस्टिक सेंटर, दुद्धी स्थित मिशन डायग्नोस्टिक सेंटर व प्रसाद डायग्नोस्टिक सेंटर को अनुबंधित किया गया है। जहां गर्भवती महिलाओं का निशुल्क अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है।

# हिंदी पत्रकारिता का भविष्य उज्ज्वल

**संवाददाता।** मुग़लसराय/चन्दौली

● पत्रकारिता दिवस पर आयोजित हुआ गोष्ठी

**यूपी** जर्नलिस्ट एसोसिएशन डीडीयू तहसील इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को जीटी रोड स्थित शास्त्री पार्क स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान पत्रकारिता दिवस पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।गोष्ठी पश्चात पड़ाव इकाई के संगठन अध्यक्ष हरिओम आनंद के पिता रामलाल के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश पधाधिकारी सरदार महेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारिता आज मिशन न होकर प्रोफेशन की ओर बढ़ रही है।हिंदी पत्रकारिता का भविष्य उज्ज्वल है। सोशल मीडिया के चमकते दौर में अभी भी प्रिंट मीडिया अपनी पहचान बना रखी है। आशाराम यादव ने पत्रकारिता दिवस की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता विषम परिस्थितियों के बावजूद अपनी पहचान बनाए हुए है। हिंदी भाषी क्षेत्रों विविध प्रकार के समाचार पत्र प्रकाशित हो रहे है।जो जन सरोकार के मुद्दे उठाते रहे हैं।जिसको लेकर पत्रकारों को प्रताड़ित किया जा रहा है।बावजूद इसके पत्रकार अपने मिशन से नहीं भटक रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अशोक जायसवाल ने कहा कि आजादी से पहले से पत्रकारिता तलवार की तरह काम करती रही।

अंग्रेज इससे डरते थे।आजादी के दौर में हिंदी पत्रकारिता मिशन थी। उस दौर के पत्रकारों के शब्द ही बंदूक की तरह काम करते थे।आजादी में पत्रकारिता का काफी रोल था। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मुरारी मिश्रा ने कहा कि आज समाचार पत्रों में छपी खबर काफी मायने रखती है।

## क्विक न्यूज

### प्रतिभागियों को कॅरियर निर्माण में सहायक कौशल प्रदान किए जाएंगे

**वाराणसी।** फ्लिपकार्ट ग्रुप के तहत् फ्लिपकार्ट फाउंडेश ने समाज के कमजोर तबके की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए कार्यरत जाने-माने एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) दीपालय के साथ एक नई पहल के लिए हाथ मिलाया है। इस पहल के जरिए समाज के कम सुविधा प्राप्त वर्ग की युवतियों तथा महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाया जाएगा। प्रोग्राम के तहत् छ सौ से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को ऐसी जरूरी वोकेशनल स्किल्स दी जाएंगी जो उन्हें आर्थिक रूप से आत?मनिर्भर बना सकें और साथ ही उन्हें माइक्रो-एंटरप्राइज़ स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित भी करें। इस तरह यह पहल इन युवतियों एवं महिलाओं को आजीविका का सतत जरिया उपलब्ध कराएगी।

### लाइन के चपेट में आने से संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रांतगत स्थित ग्राम सभा पिंडारी में बने पंचायत भवन के समीप सोमवार की रात्रि लगभग 7 बजे 11000 वोल्टेज लाइन में एक विद्युत खंभे पर चढ़कर लाइन जोड़ रहे संविदा कर्मी लाइन मैन 41 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह बीजपुर थाना के उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवाने के बाद अन्य विधिक जांच पड़ताल में जुटे देखे गए।

### शांतिभंग के आरोप में पिता पुत्र का चालान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस ने गाली-गलौज करके शान्तिभंग करने के आरोप में थानाक्षेत्र के अर्न्तगत स्थित ग्राम सभा रजमिलान के टोला जलजलिया निवासी प्रेमलाल पुत्र गुलाबचंद्र एवं प्रेमलाल के पुत्र संदीप कुमार को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए पिता-पुत्र का चालान करके संबंधित न्यायालय में सक्षम अधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

### जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार-(7), जिलाधिकारी अर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कारागार चिकित्सालय, महिला एंव पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाये सी सी टी वी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियो के सम्बन्ध मे पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरको का निरीक्षण किया गयां। बैरको मे बन्दियो के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया। कारागार मे रसोई घर के निरीक्षण मे प्रत्येक दिनं बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली।

### कानपुर में हुए राज्यस्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में कोच विवेक कन्नौजिया पर हुआ जानलेवा हमला

**मिर्जापुर।** यूथ ताईक्कांडो एकेडमी के कोच विवेक कन्नौजिया द्वारा एक प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि कानपुर में हुए 3 दिवसीय राज्यस्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता में मिर्जापुर से 8 लड़के व 3 लड़कियों के साथ प्रतिभाग किया थाए जिसमे बच्चों के अभिभावक भी साथ में मौजुद थें। कोच ने बताया दिनांक 27 मई को शाम में जब बच्चों को मैच खिलाया जा रहा था तो कुछ लोगो के द्वारा मेरे उपर अभद्र लांछन लगाए हुए जानलेवा हमला किया गया। जिसमें मुझे काफी चोट भी आई थी। उन्होंने बताया की घुरहूपट्टी के टाईक्कांडो टीम के द्वारा ऐसा कृत हमारे साथ किया गया जिसकी सूचना टाईक्कांडो एसोसियेशन के सचिव शंभू सोनकर को मामले से अवगत कराया गया मामले को शांत कराने के नियत से सचिव द्वारा बाहर बुलाया गया लेकिन सचिव के सामने ही विपक्षीयों द्वारा मेरे साथ पुनः मारपीट करके घायल कर दिया गया तथा जाति सूचक गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार किया गया तथा जेल भेजने की धमकी दिया गया।

### उपजा तहसील के चुने गए पधाधिकारी

**मुग़लसराय/चन्दौली।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील इकाई डीडीयू के अध्यक्ष अजय राय में संगठन के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से घोषणा की हैं। अध्यक्ष अजय राय,महामंत्री राजेश शर्मा,उपाध्यक्ष संदीप कुमार,मनोहर कुमार,मनमीत सिंह,मंत्री अजीत यादव, रंधा सिंह,जितेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष अंकित गुप्ता,मीडिया प्रभारी कृष्ण गोंड बने। संरक्षक मंडल में सरदार महेंद्र सिंह , कमलजीत सिंह , राजेन्द्र प्रकाश व आसाराम यादव को रखा गया ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बछरांवा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के लखनऊप्रयागराज राजमार्ग स्थित चुरूवा चौराहे के पास सोमवार की रात तेज रफ्तार में जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी । हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । कोतवाली क्षेत्र के विनायकपुर निवासी हुबलाल य70द्ध अपने नाती दुर्गेश य11द्ध के साथ चक मजरे इसिया गांव में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने बाइक से गया था । देर रात कार्यक्रम के बाद वापस घर जाते समय चुरुवा चौराहे पर सड़क पार करते समय लखनऊ की तरफसे रायबरेली की ओर जा रहे अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक चालक हुबलाल की मौके पर मौत हो गई । पीछे बैठे दुर्गेश को राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया ।

# अमेठी प्रदेश का आदर्श जिला बनेगा : बृजेश पाठक

**संवाददाता।** अमेठी



**प्रदेश** सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शासन द्वारा संचालित विकास योजनाओं को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने विभागवार संचालित योजनाओं की समीक्षा किया, जिसमें राजस्व विभाग के अंतर्गत कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली, राजस्व वादों का निस्तारण, चकबंदी प्रक्रिया, खनन पट्टों की अद्यतन स्थिति, भू जल संरक्षण, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, सेतुओं का निर्माण, कृषि विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, नगर विकास, ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद एवं रसद, मत्स्य पालन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, वन विभाग, दुग्ध विकास, बेसिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, खादी ग्रामोद्योग, सहकारिता, पर्यटन विकास सहित आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी तथा लापरवाही करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मा. उपमुख्यमंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने एफएसटीपी सेंटर का किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान जामो रोड स्थित निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट, गेहूं क्रय केंद्र, जिला अस्पताल, कान्हा गौशाला एवं बेनीपुर स्थित एफएसटीपी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री जी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज में संचालित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर अब तक की गई खरीद की समीक्षा किया एवं किसानों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करने के निर्देश दिए, इस दौरान उन्होंने वजन मशीन, नमी मापक यंत्र का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मा. उपमुख्यमंत्री जी ने जिला अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया एवं अस्पताल में आए मरीजों से उनका हालचाल पूछा तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# उद्यान मंत्री ने आज ब्लाक लालगंज के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**संवाददाता।** रायबरेली



**प्रदेश** के उद्यानए कृषि विपणनए कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री यस्वतंत्र प्रभारद्ध दिनेश प्रताप सिंह ने आज जनपद रायबरेली में विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने न्याय पंचायत सेमरपहाए छिवलहाए लोदीपुर उतरावां व कल्याणपुर रैली में भूमि पूजन कर कृषि उत्पादन मण्डी समितिए लालगंज क्षेत्रान्तर्गत हाटण्पैठों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इसी प्रकार मा0 मंत्री जी ने कोरिहरा में लालगंज फ्तेहपुर मार्ग से थाना लालगंज के पीछे स्थित राघवेन्द्र सिंह के नवीन आवास तक इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण किया तथा शहीद राघवेन्द्र सिंह स्मृति द्वार का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मा0 मंत्री जी ने न्याय पंचायत दो सड़का के श्री बालाजी मन्दिर शोभापुर में अखण्ड रामायण पाठ एवं हवन भी किया। मां0 मंत्री ने न्याय पंचायत छिवलहा में बंगला गांव यरामपुर कलाद्ध में सार्वजनिक स्थल पर तथा भूपगंज मजरे छिवलहा में ओपेन जिमों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। रामपुरकला में बृजेश सिंह के घर के पास गंगा जी के किनारे की ओर तक नाला निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। मा0 मंत्री जी ने इसी प्रकार न्याय पंचायत गोविंदपुर बलौली में सोनू मिश्रा के दरवाजे से दुर्गा शंकर के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

## सुंदर कांड के पाठ के साथ भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन

**ऊंचाहार।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुंदर कांड के पाठ के साथ भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गयाएजिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जमुनापुर चौराहे पर शिवकमल सिंह व बैंक कर्मियों की अध्यक्षता प्रसाद वितरण कार्यक्रम में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कियाए इस मौके पर प्रधान जितेंद्र सिंहए सूर्यभान सिंह राठौरए अजय सिंह राठौरए पंकज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं नगर के चौराहे पर व्यापारियों द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में लोगों ने छोला चावल, पूड़ी सब्जी आदि प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयुष जायसवालए शुभम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहेएसीएचसी परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर सीएचसी स्टाफ द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अंडर 16 अंतर जनपदीय ट्रायल के दूसरे मैच में मऊ हुआ विजयी

**संवाददाता।** गाजीपुर



**उतर** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशन में गाजीपुर मंडल के अंतर्गत जनपद के नेहरु स्टेडियम में अंडर 16 श्रेणी का दूसरा अंतर जनपद ट्रायल मैच मऊ तथा आजमगढ़ के बीच खेला गया। मैच के पूर्व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध - उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ) के मुख्य संरक्षक तथा उतर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह मुख्य चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर ए0पी0 भानू एवं शिशिर मेहरोत्रा ने पिच का मुयायना किया एवं अनुशासन में खेलते अपना बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। रिपोर्टिंग टाइम प्रात: 07 बजे था। टॉस प्रात: 07ः30 बजे कराकर ठीक 08 बजे मैच शुरू किया गया। मऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कारण वर्मा के 63 रनों के बदौलत 9 विकेट पर 210 रन पर बनायी।

जवाब में आज़मगढ़ की टीम मैच 35 वें ओवर में अनिल यादव के 50 तथा सौरभ यादव के 40 रनों के बावजूद 170 रन पर सिमट कर रह गई। यह मैच मऊ ने 40 रनों से जीत लिया।

# आज पत्रकारिता के कई रूप है: विनीत सिंह

**संवाददाता।** मीरजापुर

● पत्रकारिता मानव समाज का अभिन्न अंगः मुथुस्वामी बी

**पत्रकारिता** राष्ट्र निर्माण का चैथा स्तम्भ है। आज टीबी समाचार चैनलों के 24 घंटो के प्रसारण, सोशल मीडिया ( फेसबुक, ट्विटर ) के होते हुए भी इसका महत्व कम नहीं हुआ है। बेशक आज पत्रकारिता के कई रूप है, हर भाषा में है। किन्तु हिन्दी पत्रकारिता अपनी व्यापकता, पहुंच में बहुत आगे है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को हुई। यह उद्गार सीटी क्लब में आयोजित बतौर मुख्य अतिथि मीरजापुर सोनभद्र विधान परिषद सदस्य श्याम नारायन सिंह (विनीत सिंह) ने राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका एवं चुनौतियां पर आयोजित विषयक गोष्ठी में कही। उन्होने कहा कि पत्रकारिता एक रचनाशील विद्या है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है।

पत्रकारो को अपने दायित्व और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। टीबी मीडिया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में क्रांति तो लायी किन्तु चैनलो की बाढ़, 24 घंटो खबरो के प्रसारण ने समाचारो की सार्थकता को कटघरे में ला दिया है। किसी समय अखबारो को गली, चौराहो, बसो, ट्रेनों मे हेडलाइन को चिल्लाकर ग्राहको को खरीदने के लिए आकर्षित किया जाता था। उन हेडलाइनो पर लोगो में बहसे हुआ करती थी। लेकिन आज ये चीखना चिल्लाना टीबी डिवेट का हिस्सा जरूर है।

इस मौके पर मंडलायुक्त मुथुस्वामी बी ने कहा कि वर्तमान पत्रकारिता (मीडिया) परिदृश्य अत्यन्त परिवर्तनशील एवं जटिल है। अपने जन्म से ही पत्रकारिता मानव समाज का अभिन्न अंग है। इस उचाई को प्राप्त करने के लिए मीडिया ने एक लम्बी यात्रा की है। प्रिन्ट से शुरू होकर सोशल नेटवर्किंग साइट के अलग-अलग रूपो तक पहुँचा है।

अपर आयुक्त रमेश चन्द ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के पहले पत्रकारिता के समक्ष जन-जन में स्वातत्रंय चेतना का प्रचार करना प्रमुख लक्ष्य था।

# अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित हुई गोष्ठी, पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** गाजीपुर



**उत्तर** प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार गोष्ठी में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। नगर के बैजनाथ इण्टर कालेज में मंगलवार को जोन सचिव डा ए के राय की अध्यक्षता व प्रान्तीय विशेष सचिव मयंक कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत जिला सचिव अम्बरीष सिंह ने किया। गोष्ठी में उपस्थित पत्रकारों ने राष्ट्र के स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर वर्तमान समय तक की पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नयी तकनीकी और इंटरनेट के प्रयोग से पत्रकारिता के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। पहले खबरें पाठकों तक कई दिनों के अन्तराल पर पहुंचती थी जबकि वर्तमान समय में मिनटों में ही खबर आस पास ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि आज खबरों को यथाशीघ्र उनका प्रकाशन इंटरनेट के माध्यम से किया जा रहा है परंतु आवश्यकता इस बात की है कि खबर पूरी तरह पुष्ट और समाज हित में होनी चाहिए? कोई भी खबर अपुष्ट व विवादित न हो ताकि समाज में भ्रम की स्थिति पैदा न हो। वक्ताओं ने पत्रकारों से अपनी सशक्त लेखनी के बल पर अपनी पहचान बनाने और कॉपी पेस्ट की नीति से दूर रहने की सलाह दी। प्रमुख वक्ताओं व सम्मानित होने वाले पत्रकारों में सतेन्द्र नाथ शुक्ला, पद्माकर पांडेय, अनिल उपाध्याय, प्रमोद कुमार राय, उधम सिंह, रविकांत पांडेय, विजय कुमार मधुरेश, दिनेश शर्मा, नीरज यादव, संजीव अरुण कुमार आदि प्रमुख रहे।

# असंगतता अनुचित

## न्यायसंगत कदम उठाना जरूरी

**इसने** कई सरकार और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों को परेशान किया होगा कि नए संसद भवन के उद्घाटन की धूमधाम और उत्साह इस खबर के साथ था कि दिल्ली के जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस द्वारा पहलवानों के साथ मारपीट की गई थी। वे रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध कर रहे हैं, जो एक भाजपा नेता और सांसद भी हैं। दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई को जायज ठहराया है। जंतर-मंतर के अधिसूचित स्थान पर कुश्ती पहलवानों का धरना व प्रदर्शन सुचारू रूप से चल रहा था। कल, सभी अनुरोधों और अनुरोधों के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने उन्मादी तरीके से कानून की धज्जियां उड़ाईं। इसलिए, चल रहे धरने को बंद कर दिया गया है, पुलिस उपायुक्त ने हिंदी में ट्वीट किया। यह सच हो सकता है, लेकिन अप्रिय घटना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भव्य आयोजन की चमक को कुछ हद तक कम कर दिया। इस मुद्दे के केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था की सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने की अनिच्छा है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि वह न केवल उत्तर प्रदेश के उस निर्वाचन क्षेत्र में, जिसे वह लोकसभा में प्रस्तुत करते हैं, बल्कि आस-पास के जिलों में भी एक राजनीतिक ताकत हैं। ऐसे में उन्हें खुशमिजाज बनाए रखने की राजनीतिक मजबूरियां हैं। लेकिन क्या इन मजबूरियों को हर दूसरे विचार पर हावी होना चाहिए? खिलाड़ियों की आकांक्षाओं के बारे में क्या, बेईमान खेल अधिकारियों की हठधर्मिता के बिना एक गरिमापूर्ण जीवन की उनकी अपेक्षा का क्या? अधिकांश



अधिकारी ईमानदारी से यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके प्रभार में उनके युवा अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन जिन पर गलत काम करने का आरोप है, उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ। पदक विजेताओं सहित पहलवानों को सिंह के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के बीचोबीच विरोध प्रदर्शन करना पड़ा।

इसके अलावा, जैसा कि हमने पहले उल्लेख किया है, सिंह उस तरह के नेता नहीं हैं जैसे मोदी का न्यू इंडिया एक आदर्श नेता के रूप में पेश करेगा। उनकी छवि एक बाहुबली की है; वर्षों पहले, उन पर दाऊद इब्राहिम के सहयोगी सुभाष ठाकुर को कथित रूप से आश्रय देने के लिए आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम या टाडा का आरोप लगाया गया था। उन्होंने कई अन्य मामलों का भी सामना किया है, हालांकि उनमें से एक में भी उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। हालांकि, यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि कई बाहुबलियों को लंबे समय तक दोषी नहीं ठहराया जाता है। सिंह को जो सुरक्षा प्राप्त है, वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध पर सख्त होने के दावे के साथ असंगत प्रतीत होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नई संसद के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा कहे गए प्रेरक शब्दों से भी अलग है। उन्होंने कहा, आज एक नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है और नए रास्ते बना रहा है। एक नया उत्साह और एक नया जोश है। एक नई यात्रा और एक नया दृष्टिकोण है। दिशा नई है और दृष्टि नई है। संकल्प नया है, विश्वास नया है। चीजों की नई योजना में सिंह कहां फिट होते हैं?

# समावेशी प्रगति के नौ साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने रखी है 'अमृत काल' की नींव और उनके युग को देश को तीव्र गति वाले मार्ग पर लाने के लिए याद किया जाएगा।



**सुमित भसीन**
(लेखक, एक नीति विश्लेषक हैं)



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की नौवीं वर्षगांठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जमीन पर दिखाई देने वाले और सत्यापन योग्य प्रभावों के साथ कार्रवाई में जुनून से प्रदर्शित शासन कला की सफलताओं का जश्न मनाने का एक अवसर है। पीएम मोदी ने यह भी दिखाया है कि निर्णायक जनादेश निर्णायक सरकारें देते हैं। राजनीतिक पंडितों को देश के व्यापक हित में सभी राजनीतिक दलों के संदेशों को संहिताबद्ध करने के लिए अपने रंगीन चश्मे को गिराकर मोदी सरकार की उपलब्धियों की जांच करनी चाहिए।

स्मृति निश्चित रूप से 2012-14 के दिनों को याद करने में विफल नहीं होगी जब राजनीति में प्रत्येक और सभी को गाली देने के लिए जंतर-मंतर पर एक विद्रोही कार्यकर्ता ने कंगारू अदालत आयोजित की थी। राजनीतिक वर्ग के बारे में लोगों के मन में संदेह पैदा करके अरविंद केजरीवाल जनजाति ने लोकतंत्र की संस्था पर हमला किया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के प्रतिभागियों पर ट्रक भर कर मलबा डाला।

पीएम मोदी का पहला काम भारतीय लोकतंत्र में लोगों के विश्वास को बहाल करना था. यह रिकॉर्ड समय में किया गया, क्योंकि जंतर मंतर जनजाति ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और राजनीति में भी शामिल हो गए। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का रिकॉर्ड मतदान दर्शाता है कि पीएम मोदी ने भारतीय लोकतंत्र में लोगों के विश्वास को पूरी तरह से बहाल किया है। अब, कोई भी भारतीय लोकतंत्र का दुरुपयोग नहीं करता है। पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर युवा राजनीति में आने के लिए मोटी तनख्वाह वाली नौकरी तक छोड़ रहे हैं।

सरकार के प्रमुख के रूप में पीएम मोदी की नौ वर्षों की उपलब्धियों के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि देश की बैंकिंग प्रणाली में 48 करोड़ से अधिक लोगों के वित्तीय समावेशन की गणना होगी। देश की एक तिहाई से अधिक आबादी को कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने के योग्य नहीं देखा गया था।

इन 48 करोड़ लोगों को अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में धकेल दिया गया था और चिट फंड और अन्य वित्तीय धोखाधड़ी करने वालों के लिए अपनी गाढ़ी कमाई खोने का जोखिम भी था, जबकि वे साहूकारों के लिए भी असुरक्षित थे। कांग्रेस वंशावली के अर्थशास्त्रियों के लिए ये 48 करोड़ लोग अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के लायक नहीं थे।

जब वे पीएम मोदी के आह्वान पर उन्हें शामिल करने के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली में शामिल हुए, तो उन्होंने बैंकिंग प्रणाली में जमा राशि के रूप में 1.90 लाख करोड़ रुपये लाए। अर्थव्यवस्था के मोदी मॉडल का सभी को अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि वित्तीय समावेशन का लाभ जन धन योजना के लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं था, बल्कि बैंक भी, जो स्वस्थ बैंकिंग मानदंडों के सभी मानदंडों को पूरा करते हुए रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने अपनी देखभाल करने वाली शासन कला में गरीबों, महिलाओं और बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सहानुभूति लाई। उन्होंने उन क्षेत्रों पर नीतिगत ध्यान आकर्षित किया जिन पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। उनके पहले कार्यकाल ने देश में महिलाओं की गरिमा को संबोधित किया, जो युगों से शौचालय की जरूरतों के लिए अंधेरे में जा रही थीं। भारत को शौच मुक्त देश बनाने की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुसार देश में 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी देकर मोदी सरकार ने लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। आश्रय और स्वच्छता समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहानुभूति के साथ शासन कला के मोदी मॉडल की पहचान रही है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने ग्रामीण और गरीब लोगों की भलाई से जुड़े बुनियादी मुद्दों को संबोधित करने के बारे में कभी क्यों नहीं सोचा।

1 रुपये में सैनिटरी नैपकिन सुनिश्चित करके, मोदी के शासन कौशल ने दिखाया कि लोगों की भलाई शासन के मूल में है। यह फिर से देखा गया जब सदी में एक बार महामारी ने देश पर हमला किया। पीएम मोदी ने सबसे पहले यह सुनिश्चित किया कि देश में कोई भूखा न सोए। लोगों को भूख से बचाने के लिए उनके हस्तक्षेप से 80 करोड़ लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत हुई और 1121 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न आबादी को उपलब्ध कराया गया ताकि वे कोविड-19 के कारण होने वाली कठिनाइयों को पूरा कर सकें। प्रकोप। लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उन्हें जल जनित रोगों से बचाने के लिए पीने योग्य पानी तक पहुंच की आवश्यकता है। घरों में नल के पानी के कवरेज के विस्तार के कारण अर्थशास्त्रियों के लिए यह एक कार्य होगा कि वे अपने जेब खर्च पर लोगों की बचत को मापें।

हर घर जल (जल जीवन मिशन) लोगों की भलाई के बारे में मोदी सरकार की सोच का एक और उदाहरण है, क्योंकि 40 करोड़ से अधिक लोगों वाले आठ करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को इस कार्यक्रम के तहत लाभ मिला है।

हर घर बिजली (सौभाग्य योजना) ने भी इस योजना के तहत करीब तीन करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया, जो देश के कुल घरों के 99.9 प्रतिशत से अधिक को कवर करता है। मार्च 2023 तक, हर घर गैस सिलेंडर के वादे को पूरा करते हुए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नौ करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए। यह फिर से अर्थव्यवस्था की चिंताओं के मोदी मॉडल को सहन करता है कि नीतियों को लोगों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि इसने महिलाओं को रसोई के धुएं से बचाने का काम किया। मोदी सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप के कारण एक बार फिर देश में महिलाओं को रसोई के धुएं के संपर्क में आने से होने वाली बीमारियों से बचाया गया।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत, योजना के लॉन्च के बाद से करीब 41 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, 2018-19 से पिछले चार वर्षों के दौरान डिजिटल भुगतान की मात्रा में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। अकेले यूपीआई लेनदेन पिछले तीन वर्षों में आठ गुना बढ़ गया है, जो कि पिछले चार वर्षों में 50 गुना है। मोदी सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों के कारण 2005-06 और 2019-20 के बीच भारत में 41 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले, आज हम 2024 तक अत्यधिक गरीबी को खत्म करने के रास्ते पर हैं। यदि शासन के मोदी मॉडल के देखभाल स्पर्श से सामाजिक क्षेत्र को लाभ होता है, तो अर्थव्यवस्था को अगले कुछ वर्षों में 5 ट्रिलियन टैग प्राप्त करने के लिए जमीन को पूरी तरह से चलाने के लिए मजबूती से खड़ा होना होगा और चौथी सबसे बड़ी स्थिति का दावा भी करना होगा। अर्थव्यवस्था। अर्थव्यवस्था बुनियादी ढांचे के असाधारण विस्तार, सड़कों, बंदरगाहों, जलमार्गों और हवाई अड्डों के असाधारण विस्तार का अच्छा उपयोग कर रही है, जिसने सामानों की तेज आवाजाही के साथ एक अच्छी तरह से बुनी हुई भारतीय अर्थव्यवस्था बनाने में तेजी लाई।

सुरक्षा के मोर्चे पर, मोदी सरकार का लगभग आतंकवाद मुक्त ट्रैक रिकॉर्ड का अद्वितीय ट्रैक रिकॉर्ड है। साथ ही, भारत ने लंबी सीमा वाले क्षेत्रों वाले राज्यों में त्वरित विकास के साथ अपनी सीमा अवसंरचना को मजबूत बनाया है। उत्तर-पूर्वी राज्य भारत के सभी हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। अब देश में ऐसा कोई कारण नहीं है, जो देश के प्रमुख शहरों से जुड़े बिना हो। यह उन प्रतिनिधियों को दिखाया गया है जो पूरे देश में जी20 की कई बैठकों में भाग ले रहे हैं।

रेलवे के बुनियादी ढांचे के लिए 2.50 लाख करोड़ रुपये का वादा करके, मोदी सरकार ने राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए बहुत आवश्यक ऊर्जा और क्षमता लाई है, जो प्रतिदिन ऑस्ट्रेलिया की आबादी के आकार को वहन करती है। यह रेखांकित किया जाना चाहिए कि मोदी युग ने भारत के लिए अमृत काल की नींव रखी है।

# शिक्षा में डिजिटल तकनीक की भूमिका

"डिजिटल इकोसिस्टम और बेहतर संसाधन आवंटन से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है"

**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



शिक्षा में डिजिटल तकनीक की भूमिका विश्व स्तर पर तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि यह छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और सीखने की प्रक्रिया को अधिक व्यापक रूप से समर्थन के नए और नए रूप प्रदान करती है। कोविड महामारी ने इस प्रक्रिया को बहुत तेज, प्रासंगिक और मजबूत बना दिया है। टीवी, रेडियो, ऑनलाइन और मोबाइल प्लेटफॉर्म के संयोजन के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा तकनीकों को लागू करके बड़ी संख्या में संस्थान अपने छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम थे। शिक्षा में डिजिटल तकनीकों की भूमिका पर जी20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक इस संबंध में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में सामने आई है, जिसमें वर्तमान और भावी तकनीकी उपायों पर प्रकाश डाला गया है। जी20 सदस्य देशों में शैक्षिक संस्थानों के बीच संभावित अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मुख्य क्षेत्रों और विषयों की पहचान एक बहुत बड़ा विकास है, क्योंकि समूह में दुनिया के कुछ सबसे विकसित देश शामिल हैं, जो विश्व स्तरीय अनुसंधान, नवाचार और कटिंग का उपयोग करते हैं। इस डोमेन में -एज प्रौद्योगिकियां।

विचार-विमर्श के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन जैसे आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, तकनीक-सक्षम शिक्षा, कार्य का भविष्य और अनुसंधान और नवाचार सहयोग - क्षेत्रीय विशेषज्ञों से समृद्ध इनपुट के साथ व्यापक-आधारित चर्चा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जी20 देशों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए डिजिटल तकनीकों के उपयोग का विस्तार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, हालांकि, अधिक मूर्त और



प्रभावी शैक्षिक प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने से यह पहचानने में मदद मिली कि भाग लेने वाले देश कहां हैं हैं और उनमें क्या सुधार करने की आवश्यकता है। यहां, हम कुछ सामान्य शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आगे प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सहयोग कर सकते हैं, क्योंकि हम अभी भी प्रक्रिया में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करते हैं, खासकर जब सीखने के परिणामों में सुधार के साथ-साथ सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसर सुनिश्चित करने की बात आती है। कुछ जी20 देशों सहित दुनिया को सुलभ, समावेशी और न्यायसंगत स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास की आवश्यकता है। यह डिजिटल प्रौद्योगिकियां हैं जो सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में समानता ला सकती हैं। उदाहरण के लिए, भारत में लगभग 1.48 मिलियन स्कूल, 265 मिलियन स्कूली छात्र और लगभग 9.5 मिलियन शिक्षक हैं, जिनमें 20 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएं शिक्षा के माध्यम के साथ-साथ देश भर में 62 शिक्षा बोर्ड हैं। इसके अलावा, लाखों छात्रों ने विभिन्न भाषाओं में अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। ऐसे में केवल डिजिटल तकनीक से ही समान और समावेशी शिक्षा प्रदान करने की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि क्षेत्रीय भाषाओं में बहुत सारी सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षक अभी भी उपलब्ध नहीं हैं।

इसलिए, केंद्रीय बजट 2023 शिक्षा के डिजिटलीकरण पर ज्यादा जोर देता है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को 4,795.24 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डिजिटल पुस्तकालयों और डिजिटल विश्वविद्यालयों जैसी पहलों का प्रस्ताव दिया है। राज्यों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय संसाधनों तक पहुंचने के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर भौतिक पुस्तकालय स्थापित करें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ध्यान देने वाली डिजिटल पहलों को डिजिटल क्रांति की ओर एक कदम बताते हुए सभी ने इसकी सराहना की है। एआई के लिए उत्कृष्टता के तीन केंद्र और इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग करने वाले अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं, डिजिटल क्रांति की इस प्रक्रिया में और इजाफा करेंगी।

डिजिटल विश्वविद्यालयों का उद्देश्य गुणवत्ता, कौशल-आधारित और नौकरी-उन्मुख पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण के साथ देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचना है। पहुंच बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार, क्षमता निर्माण और डिजिटल शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर बजट का ध्यान होने के साथ, अब हम एक विश्व स्तरीय स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणाली की उम्मीद कर सकते हैं, जो सभी के लिए सुलभ होगी।

## आप की बात

### श्रेष्ठ उदाहरण

**शायद** ही यह देखने को मिला हो कि बिल्डिंग निर्माण के श्रमिकों को बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर सम्मानित किया जाए. लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने यह अच्छा उदाहरण पेश किया है निसंदेह मन से किया गया एक सराहनीय कार्य है. देश के प्रधानमंत्री के द्वारा भारत के नई संसद भवन परिसर उद्घाटन आज जिस भव्यता से,गरिमापूर्ण ,सद्भावना के साथ एवम समन्वय स्थापित करते हुए किया गया यह ऐतिहासिक है हम सभी भारतीयों के लिए यह गौरवशाली क्षण है। नई संसद भवन परिसर में उद्घाटन के समय सर्वदलीय प्रार्थना सभा का आयोजन कर केंद्रीय सरकार ने सभी संप्रदायों को, धर्मों को एवम वैचारिक ग्रुप समूह को एक संदेश दिया है यह देश सभी का है इस देश में रहने वाले सभी बराबर हैं. और सब को न्याय मिलेगा। हालांकि विपक्षी दलों के द्वारा आलोचना अपनी जगह है। लेकिन अब संसद भवन का उद्घाटन हो चुका है एवम आने वाले दिनों में एक संयुक्त संसद का सत्र भी आहूत किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता देश के प्रथम नागरिक और महामहिम राष्ट्रपति जी करेंगे। हम अपेक्षा करते हैं कि विपक्ष और पक्ष सभी मिलकर नई संसद में ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लेंगे जिसमें सभी के लिए प्रगति के अवसर हों।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### पर्यावरण संरक्षण

**धरती** को बढ़ते तापमान से बचाने के लिए एवं ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम हेतु पर्यावरण के प्रति चेतना का भाव मानव मात्र में होना चाहिए। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण मानव जाति एवं इस धरा के समस्त जीवधारी अनेक दुष्परिणाम भोग रहे हैं। आने वाला समय हमारी भावी पीढ़ी के लिए और चुनौतीपूर्ण होगा। अगर हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति यूं ही उदासीन बने रहे तो इस धरती पर मानव जीवन दूभर हो जाएगा। भविष्य में शुद्ध पेयजल, प्राणवायु एवं खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनसामान्य को विचार करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति छोटे से छोटा प्रयास भी माने रखता है। बिजली एवं पानी बचाने, एसी के ज्यादा उपयोग को हतोत्साहित करने, सार्वजनिक वाहनों से परिवहन करने एवं पानी की उपलब्धता के अनुसार बागवानी में सिंचन करने, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर में लगवाने जैसे अनेकों उपाय अपनाकर हम बिना किसी विशेष परिश्रम एवं प्रयास के ही अपने घर से निसर्ग के प्रति अपने आत्मीय भाव का प्रदर्शन कर सकते हैं। अगर हम इसकी पहल करते हैं तो वह भी सर्वशक्तिमान प्रभु की आराधना का ही एक स्वरूप होगा।

- **ललित महालकारी**, इंदौर

### शिक्षा का ढांचा

**हमारे** देश में आजादी के बाद से ही शिक्षा का ढांचा डिग्री अर्जित करने वाला रहा है! जब देश में कम आबादी थी तब तक तो डिग्री धारी की बड़ी वैल्यू थी। मगर अब जबकि भारत विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है! और उसमें भी शिक्षा और नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण है! ऐसे में अब बड़ी-बड़ी डिग्रियां सिर्फ शहद लगाकर चाटने के काम में आती है! उद्यमियों का व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होता रहता है! फलतः और समय के अनुसार सुधार भी होते रहते हैं! उनके साथ पीडियो तक रोजगार की कमी सामने नहीं आती है। मगर सामान्य युवा जिनका सर्वाधिक आकर्षण सरकारी नौकरी की ओर होता है। कभी खुद का रोजगार करने या तकनीकी ज्ञान प्राप्त करके उसे कमाई का जरिया बनाने के बारे में सोचते भी नहीं है? ?400 रोज पाने वाला मजदूर हाड तोड़ मेहनत करता है। यदि यही युवा मजदूर तकनीकी कौशल प्राप्त कर ले। बिजली वाहन आदि का मैकेनिक बन जाए। राजमिस्त्री बन जाए फैशन डिजाइनर बन के कपड़े सीलने , स्ट्रीट फूड का काम करें। ऐसे अनेक अनेक रोजगार हैं जो युवाओं को अच्छी कमाई दे सकते हैं।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### राहुल के मन की बात

**आजकल** राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ही अपने भी मन की बात कहना एवं सुनाना चाहते हैं इसके अंतर्गत अभी उन्होंने दिल्ली से चंडीगढ़ तक की यात्रा ट्रक में की है एवं ट्रक चालकों के मन की बात को सुनने का प्रयास किया है एवं उन्हें अपने मन की बात भी कही है। आज इस विषय में कांग्रेस पार्टी का कहना है कि जननायक राहुल गांधी ट्रक चालकों की समस्याओं को जानने के लिए चालकों के बीच जाकर आधी रात तक उन्होंने ट्रक चालकों के मन की बात को समझने का प्रयास किया और उन्हें अपने मन की बात भी पहुंचाई, आज देश भर में 90लाख ट्रक ड्राइवर हैं। इनकी अपनी अनेकों समस्याएं हैं एवं ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने इन सब के मन की बात को लेकर हि अपने मन की बात को कहने एवं सुनने का प्रयास किया है। अच्छी बात है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि आज वे विश्वविद्यालय के छात्रों से, किसानों से, आम नागरिकों से सभी से अपने मन की बात करना चाहते हैं। तब कांग्रेस कहती है कि इसी कारण ही उन्होंने पिछले समय अपनी पदयात्रा भी की थी।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस....

# तंबाकू से मुक्ति ही स्वस्थ जीवन की युक्ति

संवाददाता। प्रयागराज

**●तंबाकू की खेती से भूमि एवं पर्यावरण को हो रही गंभीर क्षति, भारत विश्व का दूसरा तंबाकू उत्पादक देश है यहां का वार्षिक उत्पादन 757.5 हजार मीट्रीक टन है। तम्बाकू एक धीमा जहर है जो व्यक्ति को धीरे धीरे मौत के मुँह में धकेलता रहता है। पूरी दुनिया में प्रति 6 सेकंड एक व्यक्ति की मौत का कारण तंबाकू है।**

**तंबाकू** के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रयासों को बढावा देने के लिए हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का नारा थीम है हमें भोजन की आवश्यकता है तम्बाकू की नहीं। आयुर्वेद के ख्यातिलब्ध चिकित्सक प्रो डॉ जी एस तोमर ने बताया कि तंबाकू की खेती से भूमि एवं पर्यावरण को भी गंभीर क्षति हो रही है। दुनिया भर में सालाना 35 लाख हेक्टेयर भूमि का उपयोग तंबाकू की खेती के लिए किया जाता है। इसकी खेती के लिए वार्षिक वनों की कटाई का अनुमान लगभग दो लाख हेक्टेयर है। इससे जमीन की उपजाऊ शक्ति भी कम होती है तथा मरुस्थलीकरण का विस्तार होता है। इसके अलावा तंबाकू के सेकन से वातावरण में अनेक हानिकारक पदार्थ पैदा होते हैं। इसके निर्माण पैकेजिंग एवं परिवहन से भी पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ता है। यही नहीं तंबाकू के कारण हजारों टन जहरीले पदार्थ एवं ग्रीन हाउस गैसेस पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहीं हैं। तम्बाकू की खेती कृषि योग्य भूमि के पोषक तत्वों को हानि पहुचाती हैं तथा इसके निर्माण से रसायनिक कचरा पैदा होता है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। यहाँ आश्चर्यजनक रूप से विरोधाभास यह है कि भारत में पर्यावरण मंत्रालय तंबाकू उद्योग को अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योग का दर्जा देता है तो वही बीड़ी उद्योग को कुटीर उद्योग का दर्जा मिला है। ज्ञातव्य हो तीन सौ सिगरेट तैयार करने के लिए एक पेड़ काट दिया जाता है। भारत विश्व का दूसरा तंबाकू उत्पादक देश है यहां का वार्षिक उत्पादन 757.5 हजार मीट्रिक टन है। सेकंड हैंड पैसिव स्मोकिंग जिसमें व्यक्ति स्वयं धूम्रपान नहीं करता किन्तु उसके आसपास के लोगों द्वारा धूम्रपान करने के कारण श्वांस के माध्यम से वे धूम्र ग्रहण करते हैं। सिगरेट व बीड़ी पौने वाले जो धुआं छोड़ते हैं उसमें सामान्य की अपेक्षा 3 गुना ज्यादा निकोटीन 3 गुना टार एवं 50 गुना अमोनिया होता है। तम्बाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे धीरे मौत के मुँह में धकेलता रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू छोड़ने का निश्चय करने वालों में से केवल 30 प्रतिशत लोग ही तम्बाकू छोड़ने के उपाय को अपनाने में सफल होते है। एक अनुमान के अनुसार पूरी दुनिया में प्रति 6 सेकंड पर एक व्यक्ति की मौत का कारण तंबाकू होता है।

**भारत में तंवाकू सेवन करने वालों की संख्या लगभग 27 करोड़ है**

**बच्चों** में सेकंड हैंड स्मोकिंग के कारण दिल का दौरा पड़ने व स्ट्रोक का खतरा बहुत अधिक रहता है। इससे महिलाओं में बाँझपन का भी खतरा बढ़ जाता है। भारत में 50 प्रतिशत लोग सेकंड हैंड स्मोकिंग के शिकार होते हैं। तंबाकू के सामान्य दुष्प्रभावों में नेत्र रोग आतों में सूजन उच्च रक्तचाप दमा मुँह का कैंसर बाँझपन डायबिटीज डिप्रेशन एवं फेफड़ों का कैंसर मुख्य हैं। आँकड़ों के अनुसार पूर्वांचल में निरन्तर बढ़ रहे कैंसर रोगियों में से लगभग 28ण्39 प्रतिशत रोगी मुख एवं सिर के कैंसर के हैं अर्थात हर तीन कैंसर रोगियों में से एक रोगी मुख कैंसर से पीड़ित है। जिसका मुख्य कारण पान मसाला खैनी गुटखा बीड़ी सिगरेट आदि के रूप में तम्बाकू सेवन ही है। आज के दिन हमें जनता को जागरूक करना है कि वे इस हानिकारक लत से अपने आपको बचाने के लिए आज ही इसे छोड़ने का संकल्प लें।

# पहले दिन 1385 अभ्यर्थियों ने छोड़ी यूपी कैटेट परीक्षा

**●कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह द्वारा अयोध्या के तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण**

**●परास्नातक, पीएचडी व एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आज**

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या



**यूपी** संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा.2023 के पहले दिन कुल 1385 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 10 जनपदों के 24 केंद्रों पर आयोजित की गई। कृषि विवि के कुलपति डा बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या के तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कृषि विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ राधाकृष्णन केवी ने बताया कि पहले दिन की प्रवेश परीक्षा को कुशलतापूर्वक संपन्न करा लिया गया है। मंगलवार को यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा में स्नातक पाठ्यक्रम के लिए 12954 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें अयोध्या में 190, कानपुर में 208, झांसी में 23, बांदा में 30, लखनऊ में 238ए आजमगढ़ में 38, वाराणसी में 221ए बरेली में 106ए आगरा में 105ए और मेरठ में 226 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। बुधवार को परास्नातक, पीएचडी एवं एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इन परीक्षाओं को आयोजित कराने के लिए सभी दस जनपदों, मेरठ, अयोध्या, बरेली, लखनऊ, बांदा, आगरा, कानपुर, वाराणसी झांसी और आजमगढ़ जनपदों में एक-एक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परास्नातक व पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रथम पाली में 9 से 12 बजे तक आयोजित होगी। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा दूसरी पाली में 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी। एमबीए की प्रवेश परीक्षा के लिए पांच जनपदों अयोध्या,लखनऊ, कानपुर, मेरठए वाराणसी में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि सम्मान निधि से वंचित किसानों की समस्या का हुआ निदान

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**ग्राम** पंचायत शेखपुर मलपुरा में आयोजित पीएम किसान निधि योजनान्तर्गत आयोजित बृहद संतृप्तिकरण कार्यक्रम के तहत 27किसानों का अभिलेख को गांव में चौपाल लगाकर सही किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के अधिकारी कृपाशंकर दुबे ने कहा कि गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान सरकार के चलाए जा रहे गांव की समस्याए गांव में समाधान के तहत पीएम किसान योजना से वंचित किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है जिससे गांव के गरीब किसान को तहसील और कृषि विभाग के कार्यालय में भागदौड़ न करना पड़े ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान इंद्रराज कनौजिया ने कहा कि गांव में अधिकारी के पहुंचने पर ही गांव की समस्याओं का निराकरण हो सकता है हमारी कोशिश रहेगी कि गांव की समस्याओं का समाधान यथासंभव गांव में ही किया जाएगा।जनसेवा केंद्र प्रभारी मनोज कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

**सरकारी योजनाओं को पलीता लगा रहे सरकारी कर्मचारी**

**गांव** में चौपाल लगाकर पीएम किसान योजना के तहत छूटे हुए किसानों की समस्याओं के समाधान में कई अधिकारी पलीता भी लगा रहे हैं। शेखपुर मलपुरा में ग्राम चौपाल में पीएम किसान योजना के समाधान में लगाए गए कर्मचारी में डाक विभाग एसेक्रेटरीए अनुपस्थिति रहे। जब ऐसे ही अधिकारी अनुपस्थित रहेंगे तो गांव में ही समस्या का समाधान कैसे हो पाएगा। उच्च अधिकारी इस मामले में क्या करते हैं अब आने वाला समय ही बताएगा।

# नगरवासियों की समस्याओं का निराकरण हमारी पहली प्राथमिकता-जगत जायसवाल

**●प्रथम बोर्ड बैठक में पालिका क्षेत्र में चौमुखी विकास पर बनी सहमति**

संवाददाता। संतकबीरनगर



**नगर** पालिका खलीलाबाद के प्रथम बोर्ड की बैठक नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद जगत जायसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य बिन्दु नगरीय क्षेत्र के वार्ड बड़ंगो, डीघा एवं कसैला में जल निकासी के ऊपर चर्चा किया गया तथा मोहल्ला बनियाबारी से शादीगंज को जोड़ने वाली सड़क जो बरसात के समय में आवागमन बाधित हो जाता है कि निर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। मोहल्ला बनियाबारी से खुदा नाला तक नाला निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। सभी वार्ड के सभासदों द्वारा अपने वार्डो के विकास कार्य यथा, सड़क नाली पथ प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई, सरकारी भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे बोर्ड सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया। पारित प्रस्तावों हेतु शासन से धनराशि के डिमाण्ड हेतु पत्र प्रेषित किये जाने हेतु आदेश निर्गत किया गया है। बोर्ड की बैठक में ई0ओ0 खलीलाबाद विनय कुमार मिश्र, रीतू भारती, मीरा, अवधेश चौरसिया, दिलीप कुमार, भागवत मौर्या, अरविन्द, प्रीती मिश्रा, राम प्रताप, सलमा खातून, जानकी देवी, बैजनाथ चौरसिया, साजिदा खातून, मु0 असलम अंसारी, अजीजुर्रहमान, सुनीता, ऋषि, सावित्री, विरेन्द्र यादव, सीमा, विपिन, सोनी, आतिफ हसन, सुनील प्रजापति, नसीबुननिशा, रोहित पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर पालिका लिपिक गोरख यादव, उमेश चौधरी, राधेश्याम, पंकज आदि लोग उपस्थित रहे। शासन द्वारा प्राप्त 15वां वित्त आयोग की धनराशि की कार्य योजना पर विचार, शासन द्वारा प्राप्त पंचम राज्य वित्त आयोग पर शासन के निर्धारित बिन्दुओं पर व्यय करने पर विचार, पालिका में धनराशि की उपलब्धता पर पूर्व से लम्बित बिलों का भुगतान किये जाने पर विचार, आय-व्यय की स्वीकृति पर विचार तथा अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति पर विचार विमर्श हुआ।

## क्विक न्यूज

### संगोष्ठियों- कार्यशालाओं के आयोजन पर दें विशेष ध्यान: जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की परियोजनाओं की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि राजभाषा का प्रचार प्रसार करना कार्यालय प्रमुख का दायित्व है। परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशक अपने कार्यालय में राजभाषा का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। कहा कि मूल पत्राचार में हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जाए। उन्होंने क और ख क्षेत्र के कार्यालयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर शत प्रतिशत हिंदी में देने पर जोर दिया। कहा कि परियोजनाएं राजभाषा के प्रचार प्रसार के लिए आवंटित बजट का उपयोग सुनिश्चित करें तथा संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के आयोजन पर विशेष ध्यान दें। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबन्धित सभी कमियों को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया। इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य बिजली इंजीनियर एस एस नेगी ने अध्यक्ष महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं ऑनलाइन जुड़े मुख्य परियोजना निदेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब हिंदी के प्रयोग के प्रति निष्ठापूर्वक समर्पित होंगे तो निश्चित रूप से हिंदी के प्रयोग के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। यह हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमें पूरे दायित्व बोध के साथ इसका निर्वाह करना होगा। बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष वी के गर्ग वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुरेश कुमार प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर डी के गुप्ता प्रमुख वित्त सलाहकार के के सिंह प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस के मिश्रा प्रमुख मुख?य इंजीनियर एवं एस के द्विवेदी मुख्य जन संपर्क अधिकारी ने भाग लिया।



### सपा के नवनिर्वाचित पार्षदों ने ली शपथ

**अयोध्या।** आज समाजवादी पार्टी के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों ने अयोध्या नगर निगम के तिलक हाल में एक साथ शपथ ली शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन मौजूद रहे महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई देते हुए उन्हें अपने अपने क्षेत्र में जन समस्याओं के बारे में जानकारी कर उन्हें प्रमुखता से करने के लिए कहा महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद्र यादव डॉ आशीष पांडे दीपूए पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पूए प्रधान लड्डू लाल यादवएएडवोकेट मंसूर इलाही महिला सभा जिला अध्यक्ष सरोज यादवएमहानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवालए अमृत राजपाल ए नौशाद मामाए रवि यादवए अरावनी पासवानए आकिब खानए प्रधान मुकेश यादवए करन यादवए मंसूर प्रधानए संजीव सिंहएसंटी तिवारी शाहबाज लकीए आदि वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे!!

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अवध विवि की झोली में पहला कांस्य पदक

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विवि की एथलीट ममता पाल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। सोमवार को लखनऊ में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के एथलेटिक्स की व्यक्तिगत स्पर्धा 1500 मीटर महिला दौड़ में एथलीट ममता पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की झोली में पहला पदक दिलाया। इससे पहले इन्होंने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया था। एथलीट ममता ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी कांस्य पदक हासिल कर विश्वविद्यालय की उम्मीद को कायम रखा। इस प्रतियोगिता के विश्वविद्यालय के कंटिंजेंट मैनेजर डॉण् अनुराग पांडेय व एथलेटिक्स टीम के साथ टीम कोच डॉण् मनीष सिंह रहे। एथलीट की इस उपलब्धि पर अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोण् प्रतिभा गोयल ने बधाई दी। कहा कि विश्वविद्यालय की एथलीट ममता के खेल के प्रति समर्पण की भावना व उसके परिश्रम का प्रतिफल है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में विश्वविद्यालय की झोली में पदक दिलाया। एथलीट ममता महिला खिलाड़ियों की प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने ममता को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। विवि क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने एथलीट को शुभकामनाएं देते कहा कि खेलो इंडिया गेम्स में खिलाड़ियों से और पदकों की उम्मीद है। इन खिलाड़ियों को और खेल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।



### न्यायिक अधिकारी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास गोस्वामी द्वारा मंगलवार को जिला कारागार संत कबीर नगर का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में जिला कारागार में 373 सिद्धदोष बंदी, 374 विचाराधीन बंदी एवं 01 एन0एस0ए0 बंदी हैं। सभी बंदियों के बैरक में जाकर उनसे बात चीत की गई तथा बीमार बंदियों के स्वास्थ संबंधी हाल चाल लिए गए तथा अल्प वयस्क बंदियों के पठन पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला कारागार में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा जेलर को साफसफाई एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक बाल कृष्ण मिश्र, जेलर आर0के0 सिंह, उप कारापाल नयन कमल सिंह एवं गीता रानी, फार्मासिस्ट घनश्याम श्रीवास्तव समेत अन्य कर्मचारीगण एवं बंदीजन मौजूद रहे।

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर डीएम ने दी बधाई

**श्रावस्ती।** डीएम नेहा प्रकाश ने ष्हिन्दी पत्रकारिता दिवसष् के अवसर पर प्रेस.प्रतिनिधियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होने कहा कि प्रत्येक वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी भाषा में उदन्त मार्तण्ड के नाम से पहला साप्ताहिक समाचार पत्र कलकत्ता से आज के ही दिन 30 मई 1826 में निकाला गया था। उन्होने कहा कि मीडिया स्वच्छ समाज का दर्पण है। वर्तमान समय में पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन.जन तक सूचनात्मकए शिक्षाप्रद एवं मनोरंजनात्मक संदेश पहुँचाने की कला एवं विधा है। उन्होने कहा कि मीडिया को ष्समाज का दर्पण एवं दीपकष् दोनों माना जाता है। दर्पण का काम है समतल दर्पण की तरह काम करनाए ताकि वह समाज की हूबहू तस्वीर समाज के सामने पेश कर सकें। उन्होने कहा कि समय-.समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों भी मीडिया का सहयोग मिलता रहा है। आगे भी देश के विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

# ज्येष्ठ मास के आखिरी बड़े मंगल पर हुआ विशाल भंडारा

संवाददाता। गोंडा



**मंत्री** डॉ. जितेंद्र सिंह व श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज परिवार द्वारा विज्ञान परिसर के सीवी रमन गेट पर ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे प्रात: सुंदरकांड पाठ के उपरांत प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में जिलाधिकारी डा. उज्जवल कुमार, एडीएम सुरेश सोनी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार मंजू सिंह, गोंडा सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, राजेश राय चंदानी, एसीएमओ डॉ. ए.पी. सिंह, सपा नेता सूरज सिंह, डीआईओएस राकेश कुमार, उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश शाह, प्राचार्य रवींद्र कुमार, संजू छाबड़ा, महेंद्र छाबड़ा, डॉ. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, संजय पांडे, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. रंजन शर्मा, डॉ. श्रवण श्रीवास्तव, डॉ. जय शंकर तिवारी, डॉ. पुष्यमित्र मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा, शिशिर त्रिपाठी, वंदना भारतीय, विजय सिंह व महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं जनमानस आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक, आनंद जी, पवन अग्रवाल, प्रवीण सिंह, रमेश प्रताप सिंह, एसएन सिंह आदि भक्तों ने की बढ़-चढ़ कर सेवा की। इस प्रसाद वितरण में में डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. वीसीएचएनके श्रीनिवास राव, हेमंत, अंकित मौर्य, पुनीत कुमार, रवि ओझा, शोभित मौर्य, अनुराधा गुप्ता, अवनीश मिश्रा सहित महाविद्यालय परिवार ने सहयोग किया।

# डीएम ने वनराजा समुदाय के लिए शुरू की अनोखी पहल

संवाददाता। अंबेडकर नगर




**मुख्यमंत्री** के मंशानुरूप डीएम अविनाश सिंह द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे -व्यक्ति (वनराजा) के कल्याण व बिना किसी भेदभाव के चौमुखी विकास के लिए अभिनव प्रयास किया है। विकास खण्ड भीटी के ग्राम पंचायत चाचिकपुर के वनराजा बस्ती में लाभार्थी परक योजनाओं की हकीकत परखने के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड भीटी के ग्राम पंचायत चाचिकपुर के वनराजा बस्ती जिसमें 12 मुसहर परिवार निवास करते है जिनकी स्थिति काफी दयनीय थी। डीएम एवं सीडीओ के निर्देशन में उक्त वनवासी परिवार जो कुछ गज जमीन, मकान, शौचालय, स्वच्छ पीने को पानी के लिए संघर्ष करने वाले वनवासी है। जीवन में खुशहाली लाने के लिए उत्तर प्रदेश के यशवस्वी मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक महा अभियान की शुरूआत की गई। जिससे वनवासी लोगों के जीवन को उन्नति की ओर ले जाया जा सके। तथा इनको समाज की मुख्य धारा में जोड कर देश के विकास में सहभागी बनाया जा सके। मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए जिलाधिकारी ने विकास खण्ड भीटी के ग्राम पंचायत चाचिकपुर के वनराजा बस्ती के इन 12 परिवारो के लिए प्रधानमंत्री आवास, सामूदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, सभी को राशन कार्ड, बीमारीयों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, सभी घरो को स्ट्रीटलाइट, पीने के पानी हेतु हैण्ड पम्प, सभी घरों तक इण्टरलाकिंग, खण्डजा आदि व्यवस्था की गयी। सभी 12 परिवारों के महिलाओं को समूह से जोड़ा गया। महिलाओं को कुटीर उद्योग से जोड़ा गया। इन महिलाओं द्वारा दोना पत्तल बनाना शुरू कर दिया। सभी पात्रों को पेंशन की सुविधा प्रदान की गई है। कुछ परिवारों को बकरी शेड भी दिया गया है। इन सभी परिवारों को सामाजिक, आर्थिक रूप से उन्नयन करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी को उनके स्थान पर ही शिक्षा मिले इसके लिए मोहल्ला पाठशाला भी शुरू किया गया है। जिसमें सभी अधिकारीए शिक्षक गण शिक्षा दे रहे है। इनके योग पर्यटन के लिए अमृत सरोवर का निर्माण शुरू किया गया है। डीएम द्वारा ग्राम पंचायत चाचिकपुर के वनराजा बस्ती में चौपाल का प्रारम्भ सर्वप्रथम गौ पूजन से किया गयाए ततपश्चात वनराजा बस्ती में गेट के सामने फीता काट कर वनराजा बस्ती में शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न लाभार्थी परक उपर्युक्त योजनाओं का निरीक्षण किया गया। डीएम महोदय अम्बेडकरनगर द्वारा वनराजा बस्ती में वनराजा परिवार के लोगों को फल वितरण कर भोजन कराया गया। तत् पश्चात डीएम द्वारा चौपाल स्थल पर अपने सम्बोधन में वनराजा बस्ती में कराये गये कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त समाज को उचित शिक्षा एंव रोजगार हेतु प्रेरित करे। जिससे वनराजा समाज को उत्थान कराया जा सके।इसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एंव कर्मचारियों तथा वनराजा परिवारों को धन्यवाद करते हुए चौपाल का समापन किया गया।

# हिन्दी पत्रकारिता पर भारतीय संस्कृति की अमिट छाप

**●पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं ने मनाया हिन्दी पत्रकारिता दिवस**

संवाददाता। अयोध्या



**हिन्दी** पत्रकारिता भारतीय संस्कृति की अमिट पहचान बन चुकी है। इस पत्रकारिता ने आज 197 वर्ष पूरे कर लिए है। इसका श्रेय पंण् जुगल किशोर शुक्ल को जाता है। उन्होंने ही उदंत मार्तण्ड साप्ताहिक समाचार की शुरूआत कर हिन्दी पत्रकारिता की नींव रखी। पंण् शुक्ल के आदर्श एवं मापदण्ड आज भी प्रासगिंक एवं अनुकरणीय है। उक्त बातें डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में आयोजित हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चैथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता हर क्षेत्र में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। विशेषकर इसमें परम्परागत मीडिया की भूमिका महती है। पत्रकार देश के प्रहरी होते है। राष्ट्र निर्माण में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डॉ0 राज नारायण पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता एक समृद्ध साहित्यिक परम्परा का वाहक रही है। स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता का इतना लम्बा सफर कई चुनौतियों से भरा रहा। उन सभी बाधाओं को पार कर हिन्दी पत्रकारिता अपनी विश्वसनीयता को बनाये हुए है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर छात्र.छात्राओं ने भी संबोधित किया। जिसमें तन्या सिंह ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता का श्रेय उदंत मार्तण्ड को दिया जाता है। 30 मईए 1826 को मंगलवार के दिन ही शुरूआत हुई थी और संयोग से आज भी 30 मईए 2023 मंगलवार है। उदंत मार्तण्ड भारतीय महादीप का पहला समाचार पत्र था। कार्यक्रम में रोशनी कुमारी ने बताया कि हिन्दी पत्रकारिता ने कई प्रतिबन्धों को पार करते हुए इसने बड़ा सफर तय किया है। स्वतंत्रता आंदोलन में हिन्दी पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भमिका का निर्वहन किया है। छात्र अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि हिन्दी भाषा अनमोल है। यह ज्ञान एवं सूचना की प्रमुख संवाहिका है। कार्यक्रम में संदीप शुक्ल ने बताया कि हिन्दी पत्रकारिता ने अपना परचम उस समय स्थापित किया जब अंग्रेजीए उर्दूए फारसी और बंगला भाषाओं को वर्चस्व रहा। उदंत मार्तण्ड समाचार पत्र आर्दश पत्रकारिता का दर्पण है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राज नारायण ने किया। इस अवसर पर लालजी मौर्य सहित छात्र.छात्राएं मौजूद रही।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ कृष्णा गुप्ता सम्मानित

**●तमिलनाडु के महाबलीपुरम में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

संवाददाता। प्रयागराज



**एमपीवीएम** ग्रुप ऑफस्कूल्स की सचिव डॉ कृष्ण गुप्ता को जी 20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डा कृष्णा गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि थे। जिन्होंने डॉ कृष्णा गुप्ता को सम्मानित किया। शिक्षाविद डॉ कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में सम्मेलन का सफल आयोजन तमिलनाडु में किया गया। यह वास्तव में अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे देश भारत को प्रतिष्ठित जी 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता सौंपी गई है। मेगा इवेंट के एक भाग के रूप में सिविल 20 इंडिया 2023 के आधिकारिक समूहों में से एक का उद्देश्य सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन सी 20 के लिए एक मंच प्रदान करना है। सिविल 20 इंडिया 2023 का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजना है। यह व्यक्तिगत से वैश्विक दृष्टिकोण में सुधार करने के लिए एक कदम है। भारत सरकार ने चिन्मय मिशन को सी 20 2023 वसुधैव कुटुम्बकम का राष्ट्रीय समन्वयक नामित करने की जिम्मेदारी दी है। स्वामी मित्रानंद को राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में नामित किया है। इसी क्रम में 14 मई को प्रयागराज में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने में महर्षि पतंजलि ग्रुप ऑफ स्कूल्स को उत्कृष्ट भागीदार का सम्मान दिया गया। प्रयागराज में सी 20 राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन में उनके प्रयासों को स्वीकार करते हुए और उनके सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों में वसुधैव कुटुम्बकम को आत्मसात एवं प्रचारित करने के लिए डॉ कृष्णा गुप्ता को जी 20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। यह वास्तव में एमपीवीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स प्रयागराज के साथ ही समूचे उत्तर भारत के लिए भी गर्व का क्षण था। भारतवर्ष के 14 शहरों में 14 राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। अंतिम जी 20 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 27 से 29 मई तक सुरम्य शहर महाबलीपुरम तमिलनाडु में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में 28 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं ने भाग लिया था।

# भाजपा का 30 मई से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

● जन संपर्क से समर्थन तक विशेष रूपरेखा को ध्यान में रख अभियानों का आयोजन किया जाएगा

● प्रत्येक मंडल व बूथ को मजबूत करते हुए शक्ति केंद्र तक हमें अपनी पहुंच बढ़ानी होगी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को क्षेत्रीय कार्यालय अवध क्षेत्र निराला नगर में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सांसद राज्यसभा आदरणीय गीता शाक्य जी के निर्देशानुसार क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा आदरणीय गोदावरी मिश्रा जी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्य समिति महिला मोर्चा अवध क्षेत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री संगठन आदरणीय धर्मपाल सिंह जी भाई साहब द्वारा किया गया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए धर्मपाल जी ने महिलाओं को संगठित होकर लक्ष्य 2024 को किस प्रकार सफ्लतम रूप से प्राप्त किया जा सकता है पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा 30 मई को केंद्र सरकार के द्वितीय कार्यकाल के साथ सफ्लतम 9 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संगठन भाजपा व प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा 30 मई से 30 जून तक एक माह का विशेष अभियान चलाएगा। इस विशेष अभियान के माध्यम से जनसंपर्क से समर्थन तक विशेष रूप रेखा को ध्यान में रखते हुए अभियानों का आयोजन किया जाएगा प्रत्येक मंडल व बूथ को मजबूत करते हुए शक्ति केंद्र तक हमें अपनी पहुंच को बढ़ाना होगा समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई है जिन्हें लोकसभा एविधानसभाए बूथ स्तर तक पहुंचा कर हमें मिशन 2024 की प्रारंभिक तैयारियों को आधार देना होगा। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा जी ने माइक्रो मैनेजमेंट के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे अभियानों को सफ्ल बनाने पर अपना पक्ष रखते हुए महिलाओं का मार्गदर्शन किया। तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा जी ने महिलाओं की कार्यशैली किस तरह से विस्तृत और व्यापक हो सके व प्रत्येक बूथ पर महिला वोटरों को अधिक से अधिक संपर्क के माध्यम से संगठन से किस प्रकार जोड़ा जा सके वा नए मतदाताओं को जागरूक कर किस प्रकार अधिक से अधिक मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कराया जा सके पर प्रकाश डाला। कार्य विभाजन एकार्यशैली व संगठनात्मक रूपरेखा पर व्यापक प्रकाश डालते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय विजय बहादुर पाठक जी प्रभारी महिला मोर्चा ने समापन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी क्षेत्रीय पदाधिकारी व जिलाध्यक्ष अवध क्षेत्र महिला मोर्चा उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**लखीमपुर खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालयए मॉडल कॅरियर सेन्टरए राजकीय आईटीआईए कौशल विकास मिशन राजापुर लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वाधान में 31 मई को राजकीय आईटीआई परिसर राजापुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध हैए आप सेवायोजन पोर्टल पर अपनी योग्यता अनुसार रोजगार मेला आईडी 7673 पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियॉए बॉयोडाटाए एक आईडी एवं दो फोटो के साथ राजकीय आईटीआई परिसर राजापुर में प्रातः 10रू30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

# पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर को किया गया सम्मानित

● पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारों के योगदान पर डाला गया प्रकाश.

**संवाददाता।** सीतापुर

**पत्रकारिता** दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारों के द्वारा किए जा रहे योगदान पर प्रकाश डाला। स्वस्थ लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका शीर्षक पर अतिथियों ने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या दायिनी माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। विशिष्ठ अतिथि सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा की पत्रकार शासन व जनता के बीच सेतू का काम करते हैं। समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार ही करते है। वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर ने कहा पत्रकारिता कोई साधारण कार्य नहीं अत्यंत ही चुनौती भरा कार्य है। इनमें भी ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार सबसे ज्यादा मेहनत करने के बावजूद सबसे अधिक चुनौतियां का भी सामना करते है। एक सच्चाई दिखाने के लिए उन्हे किस-किस की दुश्मनी झेलनी पड़ती है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार एसडीएम बिसवां पीएल मौर्य,सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय, समाज सेविका रेनू मेहरोत्रा,अशोक त्रिपाठी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डाक्टरेट उपाधि मिलने पर वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक मोहित जायसवाल ने उन्हें अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगरपालिका के नवनिर्वाचित सभासदों समाजसेवियों, मीडिया कर्मियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश पत्रकार मान्यता समिती के कोषाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी व संचालन पत्रकार पद्मकांत शर्मा प्रभात ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका बिसवां अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल, संदीप मिश्रा, सलिल सेठ, विशाल गुप्ता, अरुम नाथ सिंह, विभू पुरी, सिराज अहमद, अभिषेक अग्रवाल, अयूब खान, बिलाल खान, हरिशंकर गुप्ता, पीयूष शर्मा, पीयूष बाजपेई, शिव कुमार गुप्ता,नैय्यर सकेब, मतीन अहमद, पंकज भारतीय, आजाद अंसारी, अब्दुल्ला सिद्दीकी, प्रेम दीक्षित, आरके जैन, वरिंदर सिंह, रिंकल, अतीक घोषी, इरफान अहमद, अंशू रस्तोगी, आशीष गुप्ता, बादल मौर्य, अम्ब्रीष मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव, राकेश नंद, विशाल गुप्ता, राजन भार्गव, अखिलेश पांडेय, संदीप, वेद रत्न मिश्रा, राजीव बाजपेई,धैर्य गुप्ता, वीरेन्द्र विक्रम सिंह, चांद जुबैर सहित तमाम पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे।

# अव्यवस्था पर एसीएमओ ने लगाई कड़ी फटकार

● सीएचसी रेउसा का एसीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, सेंटर पर बैठने की कोई व्यवस्था न होने पर दिखाई सख्त नाराजगी

● चार डाक्टरों सहित आठ कर्मचारी मिले गायब, भेजा गया नोटिस

● उपस्थित पंजिका में सभी के पाए गए हस्ताक्षर

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** के गांजरी इलाके में डाक्टरों और कर्मचारियों की मनमानी का नजारा मंगलवार को औचक निरीक्षण में दिखाई दिया। सीएचसी रेउसा में चिकित्सकों की मनमानी से उस समय पर्दा उठा जब अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर कमलेश चंद्रा अचानक अस्पताल जा पहुंचे और यह देखकर हैरान रह गए कि डाक्टरो और कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर तो हैं लेकिन इनमे से अस्पताल में मौजूद कोई नहीं था। औचक निरीक्षण के दौरान चार डाक्टरों सहित आठ कर्मचारी नदारद मिले। सीएचसी पर तैनात डाक्टरों में एक मात्र डाक्टर सुनील यादव ड्यूटी पर मौजूद थे, जबकि उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर के बावजूद डाक्टर दीपिका सिंह, डाक्टर नुजहद फातिमा, डाक्टर निर्मला चौधरी, डाक्टर प्रमोद गुप्ता, स्टाफ नर्स शशि प्रभा, अर्चिता, बीपीएम दीप्ती तोमर, बीसी पीएम, रंजन आदि गैर हाजिर मिले। निरीक्षण के दौरान कई कमियां मिली जिस पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने फ्टकार लगाई। अस्पताल में मरीजो के बैठने की कोई व्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधीक्षक डाक्टर विकास मिश्रा को व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी जब मेडिसिन कक्ष पहुंचे तो देखा वहां दवाओं का रख-रखाव सही नहीं था। इसपर फार्मासिस्ट गिरीश त्रिपाठी को दवाइयों का रख रखाव देखकर सही तरीक से रखने की हिदायत दी। इसके बाद वह चिकित्सक कक्ष पहुंचे यहां चिकित्सक कक्ष का इस्तेमाल स्टोर रुम के लिए किया जा रहा था। यह देख वह काफी नाराज हुए, और एएनएम शिल्पी वर्मा को दो दिनों के अंदर रुम खाली करने का अल्टीमेटम दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर कमलेश चंद्र ने बताया रजिस्टर पर हस्ताक्षर होने के बावजूद ड्यूटी पर कर्मचारी नहीं मिले है। फर्जी हस्ताक्षर की फोटो मोबाईल में खींच ली है, जो डाक्टर कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए हैं उन्हे नोटिस भेजी जाएगी। उन्होने बताया लेबर रुम में गंदगी और बेड पर चादर नहीं मिली।

# जेल में बंदियों को खुशहाल जीवन व्यतीत करने के लिए दिए टिप्स



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**सकारात्मक** सोच से इंसान की जिंदगी में बदलाव आता है सकारात्मक सोच इंसान को प्रगति के पथ पर ले जाती है। इंसान के दिमाग को प्रेरित करने के लिए न्यूरो लिंगविसटिक प्रोग्राम ;एनएलपी द्ध की हरियाणा राज्य अंतरराष्ट्रीय काउंसलर ऋद्धा जाती गिरी ने सोमवार को जिला कारागार में बन्दियों को खुश रहने व सकारात्मक सोच के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने व तरक्की की राह पर आगे पढ़ने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि दिमाग व शरीर का आपसमें कनेक्शन होता है। एक हाथ सिर पर व एक हाथ दिल पर रखकर लम्बी लम्बी नाक से सास ले और मुंह से छोड़े ।यह नियमित किर्या करने से दिमाग का टेंशन समाप्त हो जाएगा और दिल व दिमाग खुशहाल रहेगा। इस पद्धति को बोलोसोम फॉर सेल्फ कहा जाता है। यूएसए से लेकर तमाम देशों व भारत मे इस तरह के प्रोग्राम का आयोजन लोगो को टेंशन मुक्त रहने के टिप्स देने का काम किया जाता है उन्होंने बन्दियों को सकारात्मक सोच के साथ खुद से कुछ अच्छा करने की अपील की । इस मौके पर जेलर पंकज सिंह, अधिवक्ता मो0 सईद खान समेत सैकड़ों बन्दी मौजूद रहे।

## एमसीएच विंग में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**चौथे** बड़े मंगल पर एमसीएच विंग, जिला पुरुष चिकित्सालय में डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ पूजन अर्चन के साथ अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तवए अधीक्षक डॉ आईके रामचंदानी और वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ एसके मिश्रा द्वारा किया गया। विशाल भंडारे में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा अस्पताल के समस्त डॉक्टर और समस्त कर्मचारियों के संयुक्त सहयोग से किया गया।

## क्विक न्यूज

### वीएचपी ने की साक्षी के हत्यारे को तत्काल फांसी देने की मांग



**बरेली।** दिल्ली में 28 मई की रात्रि में हुए सनातन हिंदू परिवार की बिटिया साक्षी रेड्डी के नृशंस हत्याकांड के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट गेट पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया उसके बाद हत्यारे को फांसी की सजा की मांग करते हुए महानगर अध्यक्ष आशू अग्रवाल के नेतृत्व में एसीएम द्वितीय को ज्ञापन दिया।महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल ने बताया देश की राजधानी में बेखौफहोते असामाजिक एवं जिहादी तत्वों में लगता है कि अब दिल्ली पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। आए दिन बढ़ती लव जिहाद की घटनाएं और सरेआम लड़की को चाकुओं से मारने तक गोदना और फिर पत्थर से कई बार सर को कुचल कर नृशंस हत्या करने की घटनाएं अब आम बात हो गई है, जिससे साफप्रतीत होता है कि अपराधियों में कानून, पुलिस और सुरक्षा बलो का खौफसमाप्त हो गया है । श्रद्धा के हत्यारे को फांसी पर लटका दिया होता तो आज शायद इस जिहादी साहिल की हिम्मत किसी भी हिंदू लड़की की ओर आख उठाने की भी नहीं होती। सनातन हिंदू परिवार की नाबालिग बिटिया साक्षी रेड्डी के हत्यारे जिहादी साहिल को तत्काल फांसी की सजा दिलाई जाए ।ज्ञापन देने बालो में के के शंखधार , दिव्य चतुर्वेदी, प्रीति आर्य , अमित राठौर , रोहित राकेश, भानु सिंह , अजय चौहान , शिवम देवल , जितेंद्र , राम औतार , अजय कुमार सिंह , नीरज चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### एक जून को होगा एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव

**लखीमपुर खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव पर सरकार के स्वनिधि से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 01 जून को सुबह 11 बजे बिलोबी मेमोरियल हाल में पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर ;स्वनिधिद्ध योजना के तहत स्वनिधि महोत्सव ;स्वावलंबी रेहड़ी पटरी वालों का उत्सवद्ध आयोजित होगाए जिसमें जिले के विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टाल के जरिए योजनाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार के साथ ही साथ खाद्य पदार्थों के स्टाल में लगाये जायेगें। उक्त आशय की जानकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी डा0अजय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सूडा मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम एवं डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के आदेश पर एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव होगाए जिसमें परिवार संग आकर महोत्सव का आनंद उठाए। स्ट्रीट फूडए ैभ्ळ उत्पादों की प्रदर्शनीए नुक्कड़ नाटकए स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मानए लोन मेलाए डिजिटल ट्रेनिंग इसका मुख्य आकर्षण है।

### रामगंगा नदी में डूबने से 5 बच्चों की मौत

**बरेली।** जेठ के दशहरा पर गंगा स्नान करने गए रामगंगा में 5 बच्चों की डूबने से मौत हो गई एक को बचा लिया गया मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।थाना भमोरा के क्षेत्र के गांव टपुरा नवदिया मजरा गौसगंज निवासी अरविंद पुत्र मान सिंह और अनुज पुत्र अमर पाल दोनों चचेरे तहेरे भाई थे । जेठ के दशहरा पर गांव के पास फिरोजपुर गांव के पास रामगंगा नदी जाती है वहां पर गांव के कई लड़के गंगा स्नान करने रामगंगा गए थे स्नान करते समय अरविन्द और अनुज की डूबने से मौत हो गई तीसरा युवक पास के गांव तीरथ पुर के थाना भमोरा निवासी की डूबने से मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफथाना सिरौली क्षेत्र रामगंगा मैं नहाते समय दो लड़के डूब गए वहां दोनों लड़कों को निकाला गया दोनों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं द्वारा किया गया भंडारे का आयोजन

**ओयल खीरी।** जिले भर में बड़े मंगल पर जगह.जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोर से ही हनुमान मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तो ने मंदिरों पर पहुंच कर माथा टेका व विधि.विधान से पूजा.आरती की। वहीं सुबह से ही लोगों ने स्टाल लगाकर शर्बत व प्रसाद का वितरण कियाए जो शाम तक चलता रहा। उधर दूसरी तरफओयल कस्बे में श्रद्धालु कुंवर गुप्ताए शिवांश गुप्ताए राजन गुप्ताए संगम गुप्ताए मुकेश शाह एवम अन्य के द्वारा नेशनल हाईवे स्थित राकेश जनरल स्टोर के सामने प्रातः काल से ही भगवान का भोग लगाकर प्रसाद रुपी छोला चावलए मैंगो जूस श्रद्धालुओ एवम राहगीरों को वितरित किया गयाएजहां बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के सुविख्यात मेढ़क मन्दिर के प्रांगण में पंकज मिश्रा पप्पूए राजकुमार कसेराए बालकृष्ण कश्यप के द्वारा मन्दिर में आने जाने वाले भक्तो राहगीरों को शर्बत पिलाया गया आज चतुर्थ एवम अंतिम बड़ा मंगल कस्बे में धूम धाम से मनाया गयाएजिसके चलते स्टेशन रोड पर प्रशांत जनवारएसूरज कसेराए डाक्टर अशोक मिश्राए दुर्गे ज्वेलर्स के मालिक सुशांत सिंह नन्हा एवम अन्य के द्वारा भंडारे एवम प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर स्पर्श रस्तोगीए नर्वदेश्वर शर्मा सोमूए पारस गुप्ताए अतीकएविकास कसेरा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे एवम प्रसाद वितरित किया।

### डग्गामार बसों के विरुद्ध चला अभियान

**बरेली।** पुलिस की मदद से परिवहन विभाग की टीम में डग्गामार बसों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कई बसों को सीज कर दिया उनके चालक तथा परिचालको के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट करा दी। सिरौली थाने की पुलिस और एआरटीओ द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में डग्गामार बसों की चेकिंग की गई अनियमितता पाए जाने पर शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों को एआरटीओ द्वारा सील किया गया एआरटीओ की ओर से रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव मित्तरपुर निवासी बस चालक मोहम्मद उमर पुत्र खुशी मोहम्मद और यहीं के रहने वाले बस के परिचालक यूनुस पुत्र साबिर और उनकी बस के मालिक एवं एक अन्य बस के चालक सिरौली खाने के हरचंद नगर निवासी रहीस अहमद पुत्र नबी हुसैन बस के परिचालक पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव भंडाई निवासी सलाहुद्दीन पुत्र मोहम्मद शाहरुख और बस मालिक के विरुद्ध थाना सिरौली में रिपोर्ट दर्ज कराई दोनों बसों को एआरटीओ ने सील कर दिया ।

### फरीदपुर पुलिस और एआरटीओ ने तीन बसों को किया सील

**बरेली।** अवैध रुप से टैक्सी एंव बस स्टैन्ड तथा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी फरीदपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना फरीदपुर के पुलिस द्वारा अवैध तरीके से डग्गामार बसों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये तीन बसों को पकडा गया उनके विरुद्ध संभागीय परिवहन अधिकारी के माध्यम से लगभग दो लाख रुपये का जुर्माना कराया गया और टूरिस्ट परमिट के आधार पर डग्गामारी करने बाले ड्राइवर व परिचालक तथा मालिक के की कार्रवाई में प्रमोद कुमार पुत्र जलसिंह निवासी रझौली थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा,राशिद हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन निवासी हाफिजगंज थाना हाफिजगंज, मोहम्मद साजिद पुत्र अब्दुल माजिद निवासी करीमनगर नगरियान रोड संगानेर सदर जयपुर राजस्थान, ताजमोहम्मद पुत्र सिराजुद्दीन निवासी तोपखाना हजूरी रामगंज जयपुर राजस्थान, सोहिल पुत्र सिराजुद्दीन निवासी तोपखाना हजूरी रामगंज जयपुर राजस्थान, भुपेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी शंकरनगर ब्रहमपुरी जयपुर शहर राजस्थान,सलमान पुत्र कलुआ निवासी खुनमुनिया हापुड जिला हापुड, नासिर पुत्र जब्बार निवासी कमालपुर थाना पिलखुवा जिला हापुड, लतापत अली पुत्र साबिर अली निवासी दिल्ली सहारनपुर रोड बड जिला बागपत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह

**संवाददाता।** बरेली



राष्ट्रीय लोक दल बरेली की टीम द्वारा किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 36 वी पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी बरेली पर विधि-विधान से हवन एवम पुष्पांजलि अर्पित की संगोष्ठी में उनके जीवन एवम कार्यो पर चर्चा हुई जिलाध्यक्ष मो0 मतलूब ने कहा कि चौधरी साहब का जन्म नूरपुर जिला मेरठ में 23 दिसंबर 1902 में हुआ था वह एक साधारण किसान परिवार में जन्मे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए प्रधानमंत्री के शिखर तक पहुंचे उन्होंने 1926 में मेरठ कॉलेज में कानून डिग्री प्रथम श्रेणी पास कर गाजियाबाद में वकालत की शुरुआत की चौधरी साहब सिद्धांत एवं नीतियों वाले व्यक्ति थे जातिवाद के घोर विरोधी थे उनकी मृत्यु 29 मई 1987 में हुई थी देश का किसान गरीब मजदूर उनको भुला नही सकता ऐसे किसान मसीहा को उनके कार्यो को कोई नही भूल सकता जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी की भारी समस्या है सरकार लोगो को रोजगार नही दे पा रही है चौधरी साहब ने अपने मुख्यमंत्री काल में नहर की पटरी पर चलना ? अंग्रेजी दौर में प्रतिबंधित था चौधरी साहब ने इस प्रतिबंध कानून को खत्म कर दिया । बरिष्ठ नेता? सर्वेश पाठक ने कहा कि चौधरी साहब हमेशा कहा करते थे राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है जब ग्रामीण क्षेत्र में रहने बाले किसान मजदूर खुशहाल होंगे ग्रामीण लोगों की आय बढ़ती रहे किसान कठोर परिश्रम करता है परंतु उनके उत्पादों फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिलता है जिसको सरकारों को देखना चाहिये चौधरी साहव ने ग्रामीण बेरोजगारों के लिए काम के बदले अनाज देने की योजना चलाई जो आज तक चली आ रही है बरिष्ठ नेता? सर्वेश पाठक ने बर्तमान राजनीति में चौधरी साहब के बताए रास्ते पर चलने की लोगो से अपील की और उनकी नीतियों को जन जन तक पहुचाने की अपील की इससे पूर्ब हवन का आयोजन किया जिसमें पुरोहित का कार्य बरिष्ठ नेता? सर्वेश पाठक ने किया । जिजमान विजय वहादुर सक्सेना बने कार्यक्रम में प्रमुख रुप से बरिष्ठ नेता सर्वेश पाठक,जिलाध्यक्ष मो0 मतलूब,शहादत हुसैन,एजाज अलवी,विजय वहादुर सक्सेना, मनीषा गीता सिन्हा, मो0 बाहिद,शाकिर अली मंसूरी, फारूक अली, मुबारक पहलवान, माया देवी, गीता , राधा, हसनैन अलवी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## ज्येष्ठ के अंतिम बड़े मंगल को भण्डारे का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** जंगबहादुरगंज खीरी

**ज्येष्ठ** के अंतिम बड़े मंगल को संतोष गुप्ता किराना ने हनुमान जी के भंडारे का भव्य आयोजन किया। बतादें कि अंतिम बड़े मंगल के दिन संतोष किराना ने वीरों के वीर पवनपुत्र हनुमानजी के भंडारे का आयोजन सर्वप्रथम उनकी पूजा अर्चना आरती करते हुए किया जिसमें पवन मालीए आदर्श गुप्ताए हार्दिक सक्सेनाए अशोक सहाराए जितिन गुप्ताए देवांग गुप्ताए योगेशएअशोक शर्माए उनके पूरे परिवार ने तथा अन्य भक्तगणों ने हर प्रकार से भक्ति से भावविभोर होते हुए योगदान किया। इसी के साथ साथ जेबीगंज में अन्य स्थानों पर भी भंडारो को सम्पन्न किया गया जिनमें . पसगवां तिराहे पर मुन्नू लालए गिरजाशंकरए रामलड़ैते अमित आदि लोगों ने पिछले कई वर्षों की भांति इस आखिरी बड़े मंगल पर भी भंडारे का आयोजन कियाए बरखिरिया रोड पर माँ दुर्गा मंदिर के समीप ललितएसमीरए निहालए प्रेमए वीरेश व भक्तों के द्वारा बजरंग बली जी के भंडारे को सम्पन्न कियाए इसी क्रम में स्टेशन रोड के सामने श्री हनुमानजी विशाल भंडारा दिनेश मेडिकल स्टोर के सौजन्य से आयोजित किया गया। सभी स्थानों पर दोपहर से लेकर सायंकाल तक भारी संख्या में महिला बड़ों व बच्चों सभी ने हनुमानजी के दर्शन व चरण वन्दन करते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आनन्द प्राप्त किया।

## ट्रक की चपेट में आकर रिटायर फौजी की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**मोटर** साइकिल सवार एक रिटायर्ड फौजी को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 52 वर्षीय इतवारी पुत्र मेवाराम की कल शाम नवाबगंज के गांव कला पुर स्थित नहर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के परिजनों ने बताया कि इतवारी सेना से सूबेदार के पद से रिटायर हुए थे और कल अपने किसी काम से नवाबगंज गए थे जहां से शाम को घर वापस लौटते समय कलापुरा गांव की नहर के पास तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे इतवारी लाल की मौके पर ही मौत हो गयी स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# रोड किनारे खेतों की मेड़ पर कंटीले तारो की जगह लगाए जाएं पौधे

संवाददाता। सीतापुर

तमाम प्रयासों के बावजूद प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। अब इसकी रोकथाम के लिए विशेष उपाय किए जाएगें। प्लास्टिक के उपयोग न करने एंव इसके सदुपयोग को लेकर डीएम मंगलवार को काफी संजीदा दिखे। जिला वृक्षारोपण, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और इसकी रोकथाम के लिए सभी को शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग से यह भी जानकारी ली कि प्लास्टिक का सड़क पर इस्तेमाल किया जाता है या नहीं। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अनुज सिंह ने कहा की पौधरोपण हेतू स्थलों का चयन करते हुए गढ्ढे खुदवा लिए जाए जिससे लक्ष्य के अनुरुप पौधों का रोपण समय पर हो सके। जिलाधिकारी ने पौधरोपण के लिए मियावाकी पद्धति अपनाने पर बल दिया। उन्होने निर्देश दिए की रोड के किनारे खेतों की मेड़ पर कटीले तारो की जगह ऐसे पौधे लगाए जाए जिनसे पशु खेतों में न पहुंच सके। पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान प्लागिंग की जानकारी करते हुए डीएम ने कहा कि जो ज्यादा प्लागिंग करके लाएगा उसको प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। जिला अस्पताल के पास ध्वनि नियत्रंण बोर्ड लगवाए जाने का निर्देश भी डीएम ने दिया। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के इओ को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा कूड़ा कलेक्शन घरों से हो ऐसे प्रयास किए जाए। सरायन नदी और गोमती नदी में गिरने वाले नालों और नदी के पानी की क्वालिटी के बारे में भी जानकारी ली। निर्देश दिया की राजघाट के पास गोमती नदी में जल कुम्भी काफी ज्यादा है इसका निस्तारण किया जाए और इसके स्त्रोत का भी पता लगाया जाए।

## जय हनुमंत संत हितकारी सुन लीजो प्रभु


**संवाददाता।** मैलानी-खीरी।



**जेष्ट** माह चौथे बडे मंगल के अवसर पर नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी तथा समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी द्वारा राम जानकी मंदिर मे सुबह से सुन्दर काण्ड पाठ व पूजा अर्चना का आयोजन किया तदुपरान्त कन्या भोज तथा बाला जी महराज के विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे प्रसाद के रूप मे श्रधालुओ को सब्जी पूडी हल्वा आदि का प्रसाद वितरण किया भवानी शंकर माहेश्वरी व कीर्ति माहेश्वरी ने हमारे लगभग पच्चीस वर्षो से निरन्तर भंडारे आयोजन होता चला आ रहा हम लोगो पर बाला जी की बडी कृपा हुई जोकि कीर्ति माहेश्वरी जी को यहा की जनाता नगर पंचायत के रूप मे चुना हम समाज सेवी के रूप मे इस लिए जाने जाते है कि हम लोग जनता की सेवा लगातार करते रहै है और करते रहेगे श्रधालुओ मे विनय शर्मा पवन भाई विजय गुप्ता अनिल गुप्ता कारीगर भैय्या गुरमीत कौर अमित कुमार सहित तमाम लोगो ने बढचढ कर भाग लिया इसी क्रम में नगर के पलिया रोड स्थित अरोडा गैस सर्विस के स्वामी अशोक अरोडा द्वारा बडे मंगल के उपलक्ष मे अरोडा गैस सर्विस प्रतिष्ठान पर सुबह सुन्दर काण्ड का पाठ तथा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगो ने पहुंच कर प्रसाद गृहण किया। यह आयोजन सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

# आईटीबीपी के जवानों और परिवारों ने किया योगाभ्यास

**संवाददाता।** बरेली



**महानिदेशालय** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार तृतीय वाहिनी द्वारा दिनांक 27 मई से 21 जून तक ष्अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न योग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। योग गतिविधियों की इसी कड़ी विपिन कुमार सेनानी तृतीय वाहिनी के निर्देशन में 29 मई को वाहिनी के हिमवीर जवानों एवं परिवारों को योग से संबंधित अलग-अलग योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया तथा योग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। योगाभ्यास में तृतीय वाहिनी के हिमवीर जवान एवं परिवारजनों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया।इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं परिवारजनों को योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम आदि योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया एवं योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक बहुमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। विभिन्न योग मुद्राओं एवं आसन के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते है साथ ही इसके व्यवस्थित अभ्यास से मन की नकारात्मकता को दूर कर सकते है भारतीय योग पद्धति को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से 2014 में योग दिवस की पहल की गई जिसके बाद 21 जून 2015 को पहली बार 170 से अधिक देशों द्वारा योग दिवस मनाया गया। योग के प्रति जागरूकता बढाने एवं योग के महत्व को समझने के लिए प्रतिवर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता है। यह योग, ध्यान, वाद-विवाद, चर्चाओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी देशों में मनाया जाने वाला एक विश्वव्यापी कार्यक्रम है। अंत में योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग मानने का संकल्प लेते कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जितिन प्रसाद ने रखी उपरगामी पुल की आधारशिला


● हवन-पूजन के बाद विधि विधान से रखी आधारशिला

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात

**भोगनीपुर** के निकट मुगलरोड स्थित झांसी-कानपुर रेलवे रूट पर बहुप्रतिक्षित हलधरपुर रेलवे क्रासिंग के उपरगामी पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रदेश सरकार के सार्वजनिक लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को भोगनीपुर में सीओ कार्यालय के निकट हवन पूजन के बाद उपरगामी पुल की आधारशिला रखी। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राकेश सचान, राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह एवं विधायक पूनम संखवार भी मौजूद रहे। आधारशिला रखने के बाद चतुर्वेदी लॉन में एक जनसभा आयोजित की गई। जिसमें सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए लोक निर्माण मंत्री निर्माण मंत्री ने कहा कि अगले तीन वर्षों में प्रदेश के सभी राज्य मार्गों व प्रमुख जिला मार्गों को न्यूनतम दो लेन चौड़ा करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया है। कस्बों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर अत्यधिक यातायात होने के कारण बाईपास प्रस्तावित किए जाने की कार्ययोजना तैयार की गईं हैं। प्राथमिकता के आधार पर पांटून पुलों के स्थान पर पक्के पुलों का चरणबद्ध निर्माण कराया जाएगा। सभी जिलों की कार्ययोजना इस प्रकार तैयार करने के लिए कहा गया है, ताकि हर जिले में लगभग समान धनराशि स्वी..त की जा सके। बताया कि रेलवे के साथ अनुबंध कर एक लाख से अधिक ट्रैफिक व्हीकल यूनिट वाले सभी लेवल क्रासिंग पर रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए सेतु निगम प्रस्ताव उपलब्ध कराये गए हैं। अंतरराज्यीय मार्गों पर निर्माणाधीन स्वागत द्वार और ब्लाक मुख्यालयों के कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने का निर्देश दिया गयाहै। मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिये बृहत अभियान चलाने के निर्देश दिये गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा सांसद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने केंद्र व प्रदेश में भरपूर विकास किया गया है। जो विकास हुए हैं वह 70 वर्षों में नहीं हो पाए उन्हें सात वर्षों में पूरा किया गया है। देश में मजदूर, किसान एवं व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के उपयुक्त वातावरण है। भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संकल्पित है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्य मंत्री अजीत पाल सिंह व विधायक पूनम संखवार ने भी विचार व्यक्त किए।



आधारशिला रखने के लिये हवन पूजन करते मंत्रीगण



सभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान

## 7500 रुपये व बाइक समेत दो लुटेरे गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ मऊ राजकमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह ने लूट की घटना का खुलासा किया है। दो आरोपियों को लूट के 7500 रुपये व घटना मे मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि छह जनवरी 2023 को रामप्रसाद पुत्र स्व बब्लू आदिवासी निवासी दूबी मौजा रैपुरा थाना बरगढ़ के साथ मुन्ना गुप्ता की चाय की दुकान अशोक चौराहा थाना बरगढ़ के पास मोटरबाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने 20 हजार रुपये की लूट की थी। इस सम्बन्ध में थाना बरगढ़ में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ व दरोगा अनिल कुमार मिश्रा को मामले विवेचना को निर्देश दिया था।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु करे आवेदन

**कानपुर देहात।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए भोगनीपुर द्वारा बताया गया की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए भोगनीपुर कानपुर देहात में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कोर्स के बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण पूर्णता निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक अभिलेखए आधार कार्डए जाति प्रमाणपत्रए बैंक पासबुक की छायाप्रतियों एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफके साथ अपना आवेदन किसी भी कार्यदिवस में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए भोगनीपुर कानपुर देहात कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 05০06০2023 अपराह्म. 03:00 तक है। प्रवेश पहले आओ एवं पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

### डीजे वाहन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के गांव मल्लाहन पुरवा तिगाईं में आई बारात में चल रहे डीजे को देख रहे एक 12 वर्षीय बच्चे की डीजे वाहन की चपेट में आकर देर रात मौत हो गई। गांव मल्लाहन पुरवा के बृजेश कुमार ने बताया कि उसके परिवार के हीरा निषाद की पुत्री रोशनी की शादी थी। गंगा बैराज कानपुर का राम प्रसाद अपने पुत्र श्याम जी की बारात लेकर गांव आया था।द्वारचार आदि के दौरान डीजे बज रहा था जिसे देखने गांव एवं परिवार के लोगों के साथ आया था। परिवार के लोग शादी कार्यक्रम में व्यस्त हो गए। इसी बीच कार्तिक बाहर निकल आया और बैक हो रहे पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर कुचल कर मौके पर मौत हो गई। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पिकअप चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुई है। बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।घटना की रिपोर्ट पिता बृजेश कुमार ने दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### सुन्दर कांड का पाठ कर प्रसाद वितरण किया

**हमीरपुर।** बड़े मंगल पर बाला जी महराज (अखाड़े पर) का श्रंगार व सुन्दर काण्ड पाठ एवं बृहद प्रसाद वितरण हर वर्ष की भाति आयोजित किया गया। राहगीरों बच्चों बूढ़ों आदि सभी को प्रसाद व शीतल जल की व्यवस्था राजीव शुक्ला द्वारा की गई।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी. सरस्वतीशरण यतीश जगदीश अवस्थी करुणाशंकर कृष्णकुमार आदि मौजूद रहे। चन्दन शुक्ला के साथ महेन्द्र सिंह गौतम सभासद संजय सोनकर व आचार्य जी योगेश पाण्डेय कन्हैया व्यास विजय तिवारी सन्तोष दुबे नीरज शुक्ल सूरजपाल आदि प्रसाद वितरण सहयोग में रहे। रिक्शा गाड़ियां आदि रोक रोक कर सभी को प्रसाद व पानी पिलाया गया।

### ईंट से सिर कुचलकर चौकीदार के भाई की हत्या

**फर्रुखाबाद।** ईंट से सिर कुचलकर चौकीदार के भाई की हत्या दावत खाकर लौट रहे चौकीदार के भाई की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर शव को क%ची सड़क पर फेंक दिया गया। सुबह शव मिलने पर सनसनी फैल गयी। पुलिस व फिल्ड यूनिट नें मौके पर पंहुच तफ्तीश शुरू की। कायमगंजकोतवाली क्षेत्र के ग्राम भटासा निवासी 55 वर्षीय हरीश चंद्र कठेरिया अधिकतर साधुओं के साथ रहनें लगा था। मिलीजानकारी में मुताबिक बीती रात वह ग्राम नरसिंहपुर में एक दावत में शामिल होनें कुछ लोगों के साथ गया था। सुबह उसका शव भटासा निवासी अहमद शेर के खेत के निकट क%ची सड़क पर पड़ा मिला। उसके उसके पास ही खून से सनी एक ईंट भी मिली, वही किसी अज्ञात व्यक्ति का पीला गमछा भी मिला । मृतक हरीशचंद्र का भाई रामाधार गाँव का चौकीदार है। सूचना पर सीओ कायमगंज सोहराब आलम , निरीक्षक अपराध संतोष अवस्थी, दारोगा हरीओम त्रिपाठी मौके पर पंहुचे । पुलिस नें शव कब्जे में ले लिया । पुलिस छानबीन कर रही है। सीओ कायमगंज सोहराब आलम नें बताया कि जाँच की जा रही है। पुलिस तीन बिन्दुओं पर तफ्तीश कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होगी।

### तालाब खुदाई में खानापूरी करने की शिकायत शासन से

**मौदहा, हमीरपुर।** लघु सिंचाई प्रखंड के अधिशासी अभियंता द्वारा तालाब खुदाई में की गई जमकर धांधली की है ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत शासन से की है। ग्रामीणों ने बताया कि मौदहा विकास खंड के ग्राम असुई में बंधा किनारे स्थित बड़ा तालाब को गहराई से खुदाई करवाने हेतु बुंदेलखंड विकास निधि के पैकिज से 22 लाख रुपए की धनराशि दो वर्ष पहले स्वीकृत हुई थी। जिसमें विभागीय ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से यदा-कदा कार्य करा कर खानापूर्ति कर लाखों रुपए के बजट को ठिकाने लगा दिया गया है।ग्रामीणों ने शासन से कहा है कि तालाब की मजबूत भीट काटकर उसी से मिट्टी की ऊंचाई बढ़ा दी गई है तथा पूरे तालाब में गहरी खुदाई नहीं कराई गई और पूरे तालाब में चारा झांखड़ आज भी खड़ा हुआ रहा उपरोक्त स्थिति से संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है शिकायत कर्ताओं में बैजनाथ पाल, रजवा, रामजीवन, दिनेश, चंद्रपाल, गोपाल,बंसीलाल,राजेश पाल,बबलू आदि रहे जिनका कहना है की स्थल पर सत्यता देखी जा सकती है इस संबंध में अवर अभियंता सदानंद यादव ने बताया कि इस तालाब के संबंध में एक बार जांच हो चुकी है जिसमें बड़ी धांधली पाई गई थी ।

### पत्रकारिता मिशन के साथ साथ समाज का आईना है : जीतेंद्र

**हमीरपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के मंडल अध्यक्ष जीतेंद्र पांडेय ने कहा कि हिंदी भाषा का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तंड आज ही के दिन 30 मई 1826 को कोलकाता से निकाला गया था इसलिए इस दिन को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है।पत्रकारिता एक मिशन के साथ साथ समाज का आइना है जिसे समाज आज भी पत्रकार के लेख पर विश्वास करता है। मंडलीय अध्यक्ष ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण किया।श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला ने कहा कि निडर एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त करने वाले सभी पत्रकारों का हिंदी पत्रकारिता दिवस पर अभिनंदन। पत्रकारिता का कार्य बड़ा जोखिम भरा होता है शासन की गलत नीतियों का विरोध करने पर कभी-कभी पत्रकारों को सरकार का कोपभाजन बनना पड़ता है। इस मौके पर राजेश सिंह, ओपी दोहरे ,कुंदन निषाद शाहिद अली, जितेंद्र यादव ,पवन तिवारी जिला अध्यक्ष अमित दुबे, अभिषेक कश्यप ,महेंद्र मोहन चौबे ,हरिश्चंद्र राजपूत, जसवंत निषाद ,अंकित पांडे आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### बरेली ने मेरठ को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**फर्रुखाबाद ।** बरेली ने मेरठ को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप बी के दूसरे मैच में बरेली ने मेरठ की टीम को 27 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युदनाथ सिंह सोमवंशी मेमोरियल रा%य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप बी का दूसरा मैच बरेली और मेरठ के बीच में हुआ। बरेली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

# भोगनीपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में किया जागरूकता अभियान

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद** के चिन्हित हॉट स्पॉट पर नेहा जैनए जिलाधिकारी नेहा जैनए कानपुर देहात के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारीए चन्द्र भूषण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में श्रम विभाग से अभिनव पांडे श्रम प्रवर्तन अधिकारीए संदीप यादव सहायक लेखाकारए धर्मेन्द्र कुमार ओझा संरक्षण अधिकारीए निधि सचान सेन्टर मैनेजर वन स्टाप सेन्टरए अर्पित वर्मा आउटरीच कार्यकर्ताए पुलिस विभाग ए0एच0टी0यू0 से सेल निरीक्षक देवेन्द्र सिंहए हेड कांस्टेबल देवेश कुमारए कांस्टेबल मुकेश कुमारए महिला कांस्टेबल शकुन्तला देवी की संयुक्त टीम द्वारा कानपुर देहात के भोगनीपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सड़क पर जीवन यापन करने वाले बच्चों व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान में बस स्टैण्ड एवं होटल आदि जगहों पर स्थित बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के चिन्हीकरण एवं पुनर्वास हेतु मुख्य हॉट चिन्हित किये गये तथा यात्रियोंए दुकानदारों को चिन्हित किया गया। अभियान में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बच्चे इस देश की धरोहर हैं और देश के भविष्य हैं इसलिए बच्चों की पढ़ाईए खेलए खानपान के प्रति संबंधित वयस्क को विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि भिक्षावृत्ति में लिप्त नहीं करना चाहिये क्योकि भिक्षावृत्ति किसी भी समाज के लिये व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये अभिशाप हैए इसी क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा रेलवे स्टेशन भोगनीपुर के वेंडर से बातचीत की गयी।

# गंगा दशहरा में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

● मंदाकिनी किनारे स्नान करने से कट रहे हैं पाप

**संवाददाता।** चित्रकूट

**हिंदू** धर्म में गंगा दशहरा पर्व का बड़ा ही महत्व माना जाता है। इस दिन जो व्यक्ति गंगा स्नान और नीलकंठ के दर्शन करता है वह बहुत ही सौभाग्यशाली माना जाता है। इसीलिए लोगों गंगा दशहरे के दिन गंगा में स्नान जरूर करते हैं। मान्यता ये भी है जो भी लोग गंगा स्नान करते हैं उनके कई तरह के पाप भी कट जाते हैं।

इस बार गंगा दशहरा जेष्ठ मास के 30 मई को गंगा दशहरा पर्व मनाया गया। चित्रकूट के भरत मन्दिर के मंहत दिव्यजीवन दास बताते हैं कि पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई को सुबह 11 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी। अगले दिन 30 मई को दोपहर एक बजकर सात मिनट पर खत्म होगी। उदयातिथि के अनुसार गंगा दशहरा 30 मई को मान्य रहेगा। ये खास शुभ मुहूर्त जाना जाएगा और बहुत ही खास दिन रहेगा। चित्रकूट के मंहत दिव्यजीवन दास जी ने बताया कि मंदाकनी में जो गंगा दशहरा के दिन स्नान करता है तो उसके दस तरह के पाप कट जाते है। पुराणों में जैसे वर्णन है जैसे की ब्रह्मपुराण के अनुसार गंगा दशहरा के दिन हस्त नक्षत्र विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस अवधि में जो गंगा स्नान करता है उसके दस तरह के पापों का नाश हो जाता है। इन दस पाप में तीन दैहिक, चार वाणी के द्वारा किए पाप और तीन मानसिक पाप शामिल है। जैसे झूठ बोलना, हिंसा, नास्तिक बुद्धि रखना, कड़वा बोलना, बिना मंजूरी के दूसरे की चीज लेना, परस्त्री गमन, दूसरों की निंदा करना, किसी का अहित करना, दूसरे की चीजों को गैर कानूनी ढंग से लेने का विचार करना, दूसरे का बुरा होने की कामना करना शामिल है। गंगा दशहरे के दिन चित्रकूट की पावन धरती में लाखों की तादात में श्रद्धालु चित्रकूट में पहुंचकर मंदाकनी में स्नान किया। चित्रकूट भगवान राम की तपो स्थली होने के साथ-साथ माता अनसुइया के तपोबल से निकली मंदाकनी नदी का महत्त्व काफी बड़ा माना जाता है। इस दिन बताया जा रहा है कि यूपी एमपी में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा।



# हेड कांस्टेबल ने अपने आवास पर फांसी लगाई

● बांदा के अतर्रा थाना क्षेत्र के लोघारा गांव का निवासी था जवान

● सीओ सदर कार्यालय में बतौर हेड कांस्टेबिल के पद पर था तैनात

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**हेड** कांस्टेबल ने सोमवार की रात पुलिस लाइन में बने आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिपाही के फांसी पर झूलने का क्या कारण हो सकता है इसकी पुलिस जांच करने में जुटी हुयी है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला बांदा के अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लोघारा निवासी जयचंद प्रजापति उरई सीओ सिटी कार्यालय में बतौर हेड कांस्टेबल तैनात था। जिसने पुलिस लाइन में बने आवास में सोमवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में तब जानकारी मिली जब उसके पड़ोस में रहने वाले पुलिस जवान उसके कमरे में गये। जहां हैड कांस्टेबल को फांसी के फंद्दे पर लटका हुआ देखा तो साथियों के होश उड़ गए। जिन्होंने तत्काल लाइन इंस्पेक्टर के साथ साथ घटना की जानकारी स्टाफको दी। जिन्होंने उरई कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस फांसी के फंद्दे से उतारकर कर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची। जहां जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस अधिकारियों को हुई तो वो भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये। बताया गया है कि हेड कांस्टेबल जयचंद्र बांदा जनपद का रहने वाला है और वह पुलिस में भर्ती 2011 में हुआ था। जिसका कुछ दिन पहले ही हेड कांस्टेबल पर प्रमोशन हुआ था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के कारण ही सिपाही ने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जिसके बाद ही आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बाद भी अधिकारी नहीं उठाते फोन

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**प्रदेश** सरकार अधिकारियों को जनता के फोन उठाने और किसी कारणवश फोन न उठे तो कॉल बैक करने के निर्देश दे रही है। सरकार के तमाम निर्देशों के बाद भी अधीनस्थों की कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं आ रहा है अधिकारी जनता के फोन नहीं उठाते हैं। अधिकारियों के फोन न उठने के कारण जनता को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि वह जनता की समस्याओं के प्रति गम्भीरता दिखाये और जनता के फोन उठाएं। अगर किसी कार्य में व्यस्तता के चलते फोन न उठा पाएं तो समय मिलने पर कॉल बैक जरूर करें। मुख्यमंत्री के तमाम निर्देशों के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी अपनी कार्य प्रणाली में बदलाव नहीं ला रहे हैं। राजस्व, बिजलीघर, जल संस्थान, पूर्ति विभाग, वन विभाग आदि विभागों के अधिकारियों के अक्सर फोन नहीं उठते हैं। बिजलीघर का फोन न उठने से उपभोक्ताओं को अधिक दिक्कत होती है। फोन न उठने के कारण जनता का अधिकारियों से संवाद नहीं हो पाता है जिससे सूचनाओं के आदान प्रदान में दिक्कत आती है। नगर के उमेश दीक्षित, दीपक शर्मा, अमित, बादाम सिंह यादव, लोकेंद्र सिंह आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकारी के फोन न उठाने की शिकायतों पर अधिकारियों के फोन उठाने की आदत की रियलिटी चौक कराई जाए और फोन न उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## ट्रैक्टर के नीचे लेटे चालक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

**फर्रुखाबाद।** ट्रैक्टर के नीचे लेटे चालक की उसके पहिए के नीचे आने से हो गई मौत ट्रैक्टर के नीचे लेटे चालक की उसके पहिये के नीचे आनें से मौत हो गयी। पुलिस नें मौके पर आकर शव कब्जे में लिया और सी एच सी ले आयी ।

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के चुनुपुर गढिया निवासी 47 वर्षीय दिनेश दिवाकर पुत्र सुरेश चंद्र ट्रैक्टर चालक का कार्य करता था। सोमवार को सुबह वह रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद से गेंहू ट्राली में लादकर सकवाई गोदाम में लेकर आया था। ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था । दिनेश दूसरे ट्रैक्टर के नीचे लेट गया। तभी चालक नें ट्रैक्टर को चला दिया जिससे दिनेश ट्राली के पहिये के नीचे आ गया और कुचल गया।

# प्रतिभावान छात्रों को कोचिंग का लाभ दिया जाये: प्रमुख सचिव

**संवाददाता।** हमीरपुर



**अभ्युदय** योजना एवं सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक के आयोजन में प्रमुख सचिव परिवहन एवं महानिदेशक उपाम एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि कोचिंग में छात्रों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा के लिये कोचिंग में परीक्षाएं आयोजित की जाये उन्होंने कहा कि विज्ञान गणित वर्ग के प्रतिभावान ,गंभीर तथा डिसिप्लिन में रहने वाले बच्चों को खोज कर उनको जेईई ध्नीट की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा इस संबंध में उन्हें मार्गदर्शन दिया जाय। सड़क सुरक्षा के संबंध में उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि असामयिक मृत्यु का बहुत बड़ा कारण सड़क दुर्घटना है अत: सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने हेतु प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए तथा लोगों को जागरूक किया जाए ।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों ध् कालेजों के माध्यम से भी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अनिवार्य रूप से जागरूक किया जाए। दुर्घटना बाहुल्य स्थल का चिन्हांकन कर वहां जरूरी संकेतक, स्पीड ब्रेकर आदि लगवाए जाएं तथा दुर्घटनाओं को कमी लाने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किए जाएं । उन्होंने कहा कि हेलमेट न लगाने वालों, बाइक पर तीन सवारियां बैठाने वाले तथा रफ ड्राइव करने वाले, नशे में वाहन चलाने वाले, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई किया जाए।

## मदीने वाले से मेरा सलाम कहना नारों के साथ हज यात्री मक्का मदीना रवाना

**कालपी ( जालौन )।** स्थानीय नगर के मक्का मदीना की हज यात्रा पर जाने के लिए मंगलवार को नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर के नारों के साथ धूमधाम पूर्वक रवाना हुए, मालूम हो कि हर मुसलमान की तमन्ना होती है कि हमको मक्का मदीना की हज यात्रा का सौभाग्य हासिल हो सके। इसी तमन्नाओं के साथ धार्मिक जज्बा लेकर स्थानीय नगर के मोहल्ला राजेपुरा निवासी समाजसेवी भूरे खां सभासद, इसरार खान, रफीक सुनार समेत आधा दर्जन यात्री धूमधाम पूर्वक लखनऊ रवाना हो गए। लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डे से बुधवार की भोर में हवाई जहाज से जनपद जालौन के हज यात्रियों का जत्था पवित्र मदीना शरीफके लिए रवाना हो जाएगा।

# करंट से मौत के बाद गौवंशों को खेत में दफन किया

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**क्षेत्र** के छिरका गांव में आधा दर्जन से अधिक गौवंश विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गयी। बाद में खेत मालिक एवं ग्राम प्रधान बिना प्रशासन को जानकारी दिये बिना सभी जानवरों को दफ्नाकर खेत की जुताई कर उसमें आग लगा दी गई। उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव का गनेशा सैनी जो अपने खेतों में तारबंदी किये हुए है और खेत में तारों के बीच करंट प्रवाहित कर देता है सब्जियां उगाकर अपना व्यापार करता है। रविवार की रात में आधा दर्जन से अधिक गौवंश जब उसके खेत की तरफगये तो उस तारबंदी की चपेट में आकर सभी गोवंश अचेत होकर वहीं गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई जिसके बाद गनेशा सैनी ने बिना प्रशासन को जानकारी दिये ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाकर सभी गौवंशों को वहीं दफ्ना दिया और साक्ष्य मिटाने के लिए खेत की जुताई करवा दी और खेत में अरहर का झांड़ डालकर उसमें आग लगा दी जिससे सभी प्रकार के साक्ष्य मिटाए जाने की कोशिश की। वहीं गांव निवासी परशुराम साहू ने बताया कि गौवंशों की मौत उसके सामने करंट लगने से हुई है जिसके बाद मैंने उपरोक्त घटना की जानकारी डायल 112 को दी।

# जिले को नंबर वन बनाने को पार्टी से जुडे लोग : संतोषीलाल

**संवाददाता।** चित्रकूट

**रेलवे** स्टेशन के पास बल्दाऊजी मंदिर के समीप आम आदमी पार्टी की धन्यवाद यूपी समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता व बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। मंगलवार को प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन ने संगठन निर्माण की रणनीति पर मौजूद पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। नए-पुराने साथियों को सक्रियता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने जिले में बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन व सक्रिय ईमानदार साथियों को संगठन में नई जिम्मेदारी देने की बात कही। दूसरे दलों के जो लोग इमानदारी से देश व अपने चित्रकूट को नंबर वन बनाना चाहते हैं, उनसे पार्टी में जुडने की अपील की। इस मौके पर प्रांत महासचिव अंकित सिंह, श्यामबाबू त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष, राजबहादुर साहू जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ, शिवप्रकाश सिंह जिला उपाध्यक्ष ओबीसी, लवलेश केसरवानी जिला कार्यकारिणी सदस्य, कुलदीप सिंह यूथ विंग जिला उपाध्यक्ष, धनराज सिंह जिला उपाध्यक्ष एससी-एसटी प्रकोष्ठ, नर्वदा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, दिलीप सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, लवदीप सिंह ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी, बच्चाराम, संतोष कुमार, डॉ रमाकांत गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, प्रमोद कुमार सोनी, सुरेश सिंह नगर अध्यक्ष, अभिषेक सिंह पटेल, गुज्जू गुप्ता, सन्तोष भरद्वाज जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, मइयादीन वर्मा, राजा राजपूत आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक ने किसान को पुत्रों सहित गोली मारकर किया घायल, मौत

**फर्रुखाबाद।** किसान को सेवानिवृत शिक्षक ने पुत्रो सहित गोली मारकर किया घायल,मौत बीती रात गाली-गलौज का विरोध करना किसान को भारी पड़ गया। रिटायर्ड अध्यापक ने पुत्रों के साथ मारपीट कर उसे गोलियों से भून दिया। इसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया जहाँ से आधी रात को पुलिस उसे लोहिया अस्पताल लेकर पंहुची, जहाँ किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस नें मामले में मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लिया है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम गैसिंगपुर निवासी 50 वर्षीय मनोज कुशवाह का गाँव के ही परिवारी रामप्रताप व उनके पुत्रों से विवाद चलता था। रामप्रताप के पुत्र आये दिन शराब के नशे में आकर गाली-गलौज करते थे। दो दिन पूर्व भी विवाद हुआ था। मनोज के पुत्र अन्नू सिंह नें बताया कि बीती रात लगभग 9-10 के बीच रामप्रताप के पुत्र सत्यम सिंह व शिवम सिंह मेरे घर में दाखिल हुए और गाली-गलौज करनें लगे।

# हाई सिक्योरिटी सुरक्षा में न हो चूक : जिलाधिकारी




**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने बैरक 16, 17, 18, 19, 20, 21 एवं कैदियों के मुलाकाती कक्ष को देखा। मंगलवार को डीएम-एसपी ने जेल निरीक्षण में कैदियों से खानपान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें। दवाएं उपलब्ध है कि नहीं, एक्सपायरी दवाएं को भी देखें ले। कोई भी कैदी बीमार नहीं होना चाहिए। जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित हुए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये। निरीक्षण में अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह, रवि आनंद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर दो की गंगा में डूबकर मौत

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**गंगा** दशहरा पर दो गंगा की डूबकर मौत,एक की खोज जारी तथा चार को डूबने से बचा लिया गया

जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा दशहरा पावन पर्व पर आज मंगलवार तड़के शुरू हुए गंगा स्नान के दौरान दो गंगा श्रद्धालुओं की डूब कर मौत हो गई एवं एक डूबे श्रद्धालू की खोज जारी है। जबकि चार गंगा श्रद्धालुओं को डूबने से बचा लिया गया। यहां देर सांय काल तक चले गंगा स्नानके दौरान करीब एक लाख प%चीस हजार गंगा श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई।पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज मंगलवार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गोदाम का निवासी रजत उर्फ बॉबी उम्र करीब 20 वर्ष अपने साथी योगेश कुमार, अंशुल, अभिषेक के साथ गंगा स्नान करने करीब 9रू30 वजे ढाई घाट पहुंचे।



इस दौरान रजत उर्फ वावी की स्नान करते समय गहरे जल में डूब कर मौत हो गई।जबकि उसके 3 साथी गहरे जल में न घुसने के कारण डूबने से बाल बाल बच गए। यहां करीव2 घंटे गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद रजत उर्फ बावी का शव जल से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन शव को अपने साथ घर ले गए।

इसी क्रम में शहर कादरी गेट थाना क्षेत्र के प्रमुख गंगा पांचाल घाट पर शुरू गंगा दशहरा पावन पर्व के स्नान के दौरान थाना क्षेत्र के नेकपुर कला निवासी होरीलाल उर्फ अनुज उम्र करीब 16 वर्षकी गहरे जल में करीब 10रू00 वजे स्नान करते हुए डूबने से मौत हो गई। इस घाट के गोता खोरों ने कड़ी मशक्कत बाद मृतक होरीलाल उर्फअनुज केशव को जलते बाहर निकाला गया और शब को फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया ।

पायनियर
लखनऊ ,बुधवार, 31 मई, 2023



# मॉस्को की इमारतों पर ड्रोन हमले हुए : रूस

## कीव पर भी हवाई हमले

भाषा। कीव



**रूस ने दावा** किया कि मंगलवार तड़के किए गए ड्रोन हमले में मॉस्को की कुछ इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचा, जिसके चलते निवासियों को बाहर निकालना पड़ा।

पिछले साल यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पहली बार राजधानी मॉस्को को निशाना बनाया गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मॉस्को की हवाई रक्षा प्रणाली ने बेहतर कार्य किया। हालांकि, उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि हमे तंत्र की खामियों को दूर करने के मुद्दे पर काम करना है। पुतिन ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कीव शासन ने रूसी नागरिकों को डराने और रिहायशी इमारतों पर हमले का प्रयास किया। यह स्पष्ट तौर पर आतंकी गतिविधि का संकेत है। वहीं, रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर मंगलवार तड़के हवाई हमले किए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिन-रात लगातार हो रही बमबारी के कारण कीव के निवासी एक बार फिर आश्रय स्थलों में शरण लेने को मजबूर हैं। पिछले 24 घंटे में कीव पर रूस ने तीसरी बार हमला किया। आसमान में रूसी ड्रोन और भीषण विस्फोट की आवाजें सुनाई देती रहीं। कीव के सैन्य प्रशासन ने कहा कि शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, कीव के हवाई क्षेत्र में हवाई रक्षा बलों ने 20 से अधिक शाहिद ड्रोन (ईरानी ड्रोन) को मार गिराया। यूक्रेन की वायुसेना ने बाद में कहा कि देश को विशेष कर कीव को निशाना बनाने वाले 31 में से 29 ड्रोन को मार गिराया गया है। सुबह होने से पहले कीव के आसमान में ड्रोन और विस्फोटों की गगनभेदी आवाजें सुनी जा सकती थीं जिन्हें यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली ने मार गिराया।

उधर, मास्को में निवासियों ने धमाकों की आवाजें सुनीं और रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि मास्को में प्रवेश करने वाले ड्रोन को मार गिराया गया। रूस ने इसे कीव प्रशासन द्वारा आतंकवादी हमला करार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पांच ड्रोन को मार गिराया गया और तीन के सिस्टम ठप कर दिया गया। यूक्रेन ने मास्को हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेन पर हमला शुरू करने के बाद से मास्को ने यूक्रेन के शहरों को निशाना बनाकर निरंतर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जिसमें कई लोग मारे गए हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने रूस की राजधानी पर मंगलवार को सुबह एक ड्रोन हमला होने की जानकारी दी। सोबयानिन ने टेलीग्राम में एक पोस्ट के जरिए के कहा कि इस हमले से कई इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचा है। दो घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, हालांकि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने बताया कि हमले में क्षतिग्रस्त हुईं दो इमारतों के निवासियों को बाहर निकाला गया है। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोबयोव ने बाद में कहा कि मॉस्को की ओर आ रहे कई ड्रोन को मार गिराया गया। मॉस्को पर हमले की यह दूसरी घटना है। इससे पहले मॉस्को के अधिकारियों ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मारने के इरादे से क्रेमलिन (राष्ट्रपति भवन) को निशाना बनाकर हमला किए जाने की सूचना दी थी। कीव सैन्य प्रशासन के अनुसार, कीव को निशाना बनाकर देर रात किए गए रूस के हमले में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और सात लोग घायल हो गए। सैन्य प्रशासन ने कहा कि होलोसीव जिले में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, तीन अन्य घायल हो गए। इमारत के दो ऊपरी तल नष्ट हो गए और मलबे के नीचे लोगों के दबे होने की आशंका है। 20 से अधिक लोगों को वहां से बाहर निकाला गया।

## पूर्वी कांगो में चरमपंथी विद्रोहियों ने 17 नागरिकों की हत्या की

**किंशासा।** पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में चरमपंथी विद्रोहियों ने कम से कम 17 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय गवर्नर के सहायक साबिती नजीमोजा ने सोमवार को कहा कि बेनी क्षेत्र के बम्बुबा–किसिकी क्षेत्र में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लड़ाकों द्वारा नागरिकों को मार दिया गया था। माना जाता है कि एडीएफ इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ा हुआ है।उन्होंने कहा, हमने रविवार को 10 शवों को दफनाया। सभी मरने वाले असैन्य नागरिक थे जिनकी हत्या एडीएफ द्वारा बृहस्पतिवार और शुक्रवार के बीच केनाना में की गई। सोमवार को सात और मिले। पूर्वी कांगो में दशकों से संघर्ष चल रहा है, जहां 120 से अधिक सशस्त्र समूह लड़ रहे हैं। अधिकांश समूहों में मूल्यवान खनिजों के साथ भूमि और खदानों पर नियंत्रण के लिए होड़ चल रही है।

## क्विक न्यूज

### चीन ने नए मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का किया सफलतापूर्वक प्रक्षेपण, पहली बार आम नागरिक को भेजा

**बीजिंग-जियुक्वान।** चीन ने मंगलवार को मानवयुक्त अंतरिक्ष यान शेनझोउ-16 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया और अपने अंतरिक्ष स्टेशन में मिशन के लिए पहली बार एक आम नागरिक सहित तीन अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया। इसे देश के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। अंतरिक्ष केंद्र में मौजूद चालक दल को बदलने के लिए इस मिशन को संचालित किया जा रहा है। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, लॉन्ग मार्च-2एफ कैरियर रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिम चीन में जियुक्वान प्रक्षेपण केंद्र से सुबह नौ बजकर 31 मिनट (चीन के समयानुसार) पर प्रक्षेपित किया गया। सीएमएसए के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद शेनझोउ-16 रॉकेट से अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। चालक दल के सदस्य ठीक है और प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा। अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण के कुछ घंटे बाद यह सफलतापूर्वक जमीन से करीब 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष स्टेशन के कोर मॉड्यूल में पहुंच गया। इसके बाद शेनझोऊ16 पर सवार तीनों अंतरिक्ष यात्रियों ने तियान्हे मॉड्यूल में प्रवेश किया और मंगलवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की और कक्षा में चालक दल के बदलने का नया दौर शुरू हुआ। मिशन पूरा करने वाले तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री जल्द लौटेंगे। चीन ने पहली बार अंतरिक्ष केंद्र के लिए एक आम नागरिक को भेजा है, अन्यथा सैन्य कर्मी ही इस तरह के अभियान पर जाते रहे हैं। ऐसा दूसरी बार हुआ है कि अंतरिक्ष की कक्षा में छह चीनी अंतरिक्ष यात्री एक साथ जमा हुए।

### सल्वाडोर कारागार में 153 कैदियों की मौत : रिपोर्ट

**सैन सल्वाडोर।** एल सल्वाडोर के स्थानीय गिरोहो पर नकेल कसने के लिए मार्च 2022 में आपात शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए जेल भेजे गए कम से कम 153 लोगो की सल्वाडोर कारागार में मौत हो गई। मानवाधिकार समूह क्रिस्टोसल ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। क्रिस्टोसल की रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगो की मौत हुई है उनमे से किसी को भी उस अपराध के लिए दोषी नही ठहराया गया , जिनके आरोप गिरफ्तारी के समय उन पर लगाए गए थे। इनमें में चार महिलाएं और शेष पुरुष है। रिपोर्ट के अनुसार, इन लोगों की मौत यातनाओ, गंभीर चोटों की वजह से हुई। करीब आधे लोगो की मौत हिंसा का शिकार होने की वजह से हुई। कुछ लोगो की मौत कुपोषित होने के कारण हुई। चिकित्सकीय सहायता न मिलने, दवा या भोजन जान-बूझकर न देने कारण भी कुछ लोगों की जान जाने के संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन लोगों की मौत सुरक्षा कर्मियो और जेल अधिकारियो की दंडात्मक नीतियो का खुलासा करती है। सरकार ने हालांकि कैदियो की मौत के संबंध में कोई सटीक आंकड़ा पेश नही किया है।

### संयुक्त राष्ट्र निगरानी संस्था ने परमाणु कार्यक्रम पर पूछताछ बंद की : ईरानी सरकारी एजेंसी का दावा

**तेहरान।** ईरान की सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने मंगलवार को दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय निरीक्षको ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा एजेंसी की तिमाही रिपोर्ट जारी होने से पहले तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही पूछताछ की दो प्रक्रियाओ को बंद कर दिया। हालांकि, वियना से संचालित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट पर पूछे गए सवालो का जवाब नही दिया। इरना ने ज्ञात सूत्रों के हवाले से कहा कि आईएईए ने 83.7 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम के अंश मिलने की अपनी खोज के बाद जांच बंद कर दी है। मार्च में आईएईए की तिमाही रिपोर्ट में कहा गया था कि निरीक्षको को ईरान के भूमिगत फोर्दो परमाणु स्थल पर अंश मिले जिसके बाद परमाणु अप्रसार को लेकर चिंताएं और बढ़ गईं। ईरान ने फोर्दो परमाणु स्थल पर खोज के लिए अनपेक्षित उतार-चढ़ाव को जिम्मेदार ठहराया था। इस्लामिक गणराज्य 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है।

### उत्तर कोरिया ने जून में पहला सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की पुष्टि की

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने जून में अपना पहला सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना की मंगलवार को पुष्टि की और इस प्रकार की क्षमताओं को अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य अभ्यासो पर नजर रखने के लिए अहम बताया। इस बयान के एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने जापानी प्राधिकारियों को सूचित किया था कि वह आने वाले दिनो में एक उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। इसके बाद जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने अपने देश के आत्मरक्षा बल को आदेश दिया कि यदि कोई उपग्रह जापानी क्षेत्र में प्रवेश करता है तो उसे मार गिराया जाए। जापान के तटरक्षक बल के अनुसार, उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियों से मिले नोटिस में कहा गया था कि प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है। इस प्रक्षेपण से पीत सागर, पूर्वी चीन सागर और फिलीपीन के लुजोन द्वीप के पूर्व में समुद्री क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, देश के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी री प्योंग चोल ने अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की निंदा की। प्योंगयांग लंबे समय से यह कहता रहा है कि ए उस पर हमले का अभ्यास है। री ने कहा कि उत्तर कोरिया अंतरिक्ष-आधारित टोही उपग्रह को अमेरिका और उसके अधीन बलो के खतरनाक सैन्य कृत्यो की निगरानी के लिए अपरिहार्य मानता है। उन्होने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया आक्रमण की अपनी अविवेकपूर्ण महत्वाकांक्षा को खुले तौर पर प्रकट कर रहे है। उत्तर कोरिया 2022 की शुरुआत से करीब 100 मिसाइलो का परीक्षण कर चुका है, जिनमें अमेरिकी मुख्य भूमि तक पहुंचने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल और कई अन्य प्रक्षेपण भी शामिल है, जिन्हें उसने दक्षिण कोरिया को निशाना बनाकर किए जाने वाले नकली परमाणु हमलो के रूप में वर्णित किया है। री ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास का विस्तार, दक्षिण कोरिया में परमाणु-सक्षम पनडुब्बियो को भेजने की अमेरिका की कथित योजनाएं और क्षेत्र मे अमेरिकी टोही विमानो की बढ़ती गतिविधियां उत्तर कोरिया के खिलाफ अग्रिम सैन्य कार्वाई की तैयारी की भयानक मंशा को रेखांकित करती है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपने इन नियमित अभ्यासो को रक्षात्मक प्रकृति का करार दिया है, लेकिन उन्होने उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए 2022 से अपने प्रशिक्षणो में विस्तार किया है।

### ग्लोबल लीडर ऑफ ईयर से सम्मानित

**नोएडा।** होम अप्लायन्सेज़ के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायन्सेज़ के लिए दुनिया के नंबर 1 ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने अपने 5स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफोर्मेन्स एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। बेस्ट इनोवेटिव ऑफद ईयर् के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेज़ी से ठण्डा करते हैं और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं। इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सतीश एनएसए प्रेज़ीडेन्टए हायर इंडिया ने कहा हायर में हम आधुनिक अनुसंधान नई तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाज़ार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5.स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को ष्बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफद ईयरष् का खिताब मिला है।

### नाटो को दक्षिणपूर्व एशिया में संभल कर कदम रखने चाहिए, जहां उपनिवेशवाद के जख्म अब भी ताजा हैं

**न्यू बर्न्सविक।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मौजूदगी ऐसा कदम है जो क्षेत्रीय संघर्ष तथा तनाव को बढ़ाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि नाटो को यूरोपीय उपनिवेशवाद तथा साम्राज्यवाद के उसके इतिहास से अलग नही किया जा सकता, जिसने आधुनिक एशिया को आकार दिया- तथा आज जो चीनी राष्ट्रवाद में अहम भूमिका निभाता है। नाटो ने 2022 में घोषणा की थी कि चीन सहयोगियो के हितों, सुरक्षा तथा मूल्यों के लिए चुनौती है। हाल में नाटो ने तर्क दिया कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में चीन का रूस को संभावित सहयोग,चीन को यूरोप के लिए सैन्य खतरा बनाता है। नाटो जापान में एक संपर्क कर्यालय खोल रहा है और यह जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड तथा दक्षिण कोरिया के साथ साझेदार है। यह एशिया के सुरक्षा तंत्र में यूरोपीय दखल को गहरा करने का पहला कदम हो सकता है। जापान का तर्क है कि यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को अस्थिर कर दिया है और उसने चीन को रोकने के लिए नाटो को हिंद प्रशांत मे आमंत्रित किया है। हालांकि नाटो पर गैर पश्चिमी देशो मे ज्यादा भरोसा नही किया जाता। नाटो: एक अमेरिकी कठपुतली? शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से नाटो ने अमेरिकी शक्ति के विस्तार की तरह काम किया है। कोसोवो और सर्बिया पर 1999 में नाटो की बमबारी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन किया। अफगानिस्तान मे नाटो के हस्तक्षेप को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत किया गया था, लेकिन इसने इराक पर अवैध और विनाशकारी आक्रमण में अमेरिका की सहायता की।

### बोल्ट बना विश्व का नंबर दो स्मार्टवॉच

**नई दिल्ली।** भारतीय स्मार्ट वियरेबल फायर बोल्ट ने वैश्विक स्मार्टवॉच बाजार में दूसरा स्थान हासिल कर स्मार्टवॉच उद्योग में नई क्रांति ला दी है। 2023 की पहली तिमाही की काउंटरपॉइंट रिपोर्ट के अनुसार फायर.बोल्ट अब 9 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वैश्विक स्मार्टवॉच बाजार में भारत की स्थिति का नेतृत्व कर रहा है। इसने सैमसंग और हुवावे जैसे उद्योग के दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। यह फायर.बोल्ट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने 2020 में सिर्फ3 साल पहले स्मार्टवॉच श्रेणी में प्रवेश किया था। इस ब्रांड को हाल ही में आईडीसी द्वारा भारत का नंबर 1 स्मार्टवॉच प्लेयर घोषित किया गया था और काउंटरपॉइंट रिपोर्ट ने इस क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। इस उपलब्धि के बारे में फायर.बोल्ट के सह .संस्थापक अर्नव किशोर और आयुषी किशोर ने कहा कि श्हम ग्लोबल फ्रंटरनर्स की लीग में एक भारतीय ब्रांड को स्थान देकर बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## फलस्तीनी बंदूकधारियों ने इजरायल के एक नागरिक की गोली मारकर हत्या की

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक मे यहूदी बस्ती के निकट मंगलवार को फलस्तीनी बंदूकधारियों ने एक इजरायली नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि इजरायली नागरिक को उत्तरी वेस्ट बैंक मे हेरमेश बस्ती के निकट गोली मारी गई और सैनिक हमलावरो की तलाश कर रहे है। स्थानीय अधिकारियों ने हमलावर की पहचान हेरमेश बस्ती मे रहने वाले मीर तामारी (32) के तौर पर की है।

## एडिनबर्ग विवि हिन्दी में जलवायु समाधान पाठ्यक्रम शुरू करेगा

**लंदन।** एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन संस्थान ने स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग मे स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के साथ साझेदारी के माध्यम से हिन्दी में अपना पहला पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। जलवायु समाधान पाठ्यक्रम मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, भारत और ब्रिटेन पर केंद्रित संस्करणों के साथ अंग्रेजी, अरबी और हिंदी मे उपलब्ध है। विश्वविद्यालय ने कहा कि यह पाठ्यक्रम पुरस्कार विजेता जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञों ने डिजाइन और वितरित किया है, जिसमे एडिनबर्ग जलवायु परिवर्तन संस्थान (ईसीसीआई) के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डेव रे भी शामिल है।

## पाकिस्तान : पुलिस ने सिद्धू मूसेवाला के किशोर प्रशंसक को गिरफ्तार किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे मे दिवंगत भारतीय गायक सिद्धू मूसेवाला के प्रशंसक एक 15 वर्षीय किशोर को सोशल मीडिया पर पंजाबी गायक की पहली बरसी के अवसर पर हवाई फायरिंग के लिए लोगो को आमंत्रित करने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शर्जिल मलिक ने अपने फेसबुक पेज पर मूसेवाला का पोस्टर अपलोड किया और लोगो को लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर ओकरा स्थित अपने आवास पर गायक की पहली बरसी पर हवाई फायरिंग के लिए आमंत्रित किया।

## अमेरिका: हॉलीवुड में समुद्र तट के निकट गोलीबारी, नौ लोग घायल

**हॉलीवुड (अमेरिका)।** अमेरिका मे फ्लोरिडा के हॉलीवुड मे समुद्र तट के पास सोमवार शाम गोलीबारी की घटना मे नौ लोग घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता डियाना बेट्टिनेस्की ने बताया कि कई घायलो को बच्चों के अस्पताल ले जाया गया। प्राधिकारियो ने उनकी आयु के बारे मे अभी कोई जानकारी नही दी है। मेमोरियल हेल्थकेयर सिस्टम की प्रवक्ता यानेट ओबारियो सांचेज ने बताया कि घायलो मे छह वयस्क और तीन बच्चे शामिल है। उन्होने बताया कि सभी घायलो की हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच मे पता चला है कि दो समूहो के बीच झगड़े के कारण गोलीबारी हुई।

## कुछ प्रावधानों की वजह से ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा संधि में हो रही देरी

**कैनबरा।** पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ प्रस्तावित सुरक्षा संधि मे देरी कुछ शब्दो और प्रावधानो की वजह से हो रही है। मारापे का यह बयान पापुआ न्यू गिनी द्वारा पिछले सप्ताह अमेरिका के साथ नई सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद शुरू हुए विरोध प्रदर्शन के बाद आया है। पापुआ न्यू गिनी के नेता के कार्यालय ने मंगलवार को जारी बयान मे कहा कि मारापे ने ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस को देरी की जानकारी सोमवार को दी। मारापे ने दक्षिण कोरिया मे एक अंतरराष्ट्रीय मंच की बैठक से इतर उनसे मुलाकात की थी।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थक पत्रकार रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक माने जाने वाले मशहूर टेलीविजन पत्रकार सामी अब्राहिम मंगलवार सुबह अपने घर लौट आए। अब्राहिम का पिछले दिनों अपहरण कर लिया गया था। अब्राहिम की बेटी जैनब सामी ने पिता की वापसी की जानकारी साझा करते हुए ट्विटर पर लिखा कि उसके पिता सुरक्षित घर आ गए हैं। जैनब ने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके पिता के अगवा होने की खबर फैलाई और उनकी वापसी को संभव बनाया। इब्राहिम के परिवार तथा बोल टीवी ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में काम के बाद घर लौट रहे थे तभी चार वाहनों में सवार आठ लोगों ने उनकी कार को बीच रास्ते में रोक लिया और उन्हें अपने साथ ले गए थे। पत्रकार को अगवा करने की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें देश की सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा था। इन एजेंसियों पर पत्रकारों को अगवा करने, प्रताड़ित करने तथा उन्हें यातना देने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान में जल्द आम चुनाव की मांग कर रहे हैं।

# आतंकवाद रोधी अदालत के सामने हाजिर हुए इमरान

- चार मामलो मे मुचलका जमा किया

भाषा। लाहौर



**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मंगलवार को लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हमले सहित चार मामलों में एक आतंकवाद रोधी अदालत के सामने पेश हुए और 2 जून तक की अपनी अग्रिम जमानत के संबंध में मुचलका जमा किया। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई–भाषा से कहा, खान एटीसी लाहौर के न्यायाधीश इजाज अहमद बुट्टर के समक्ष पेश हुए और आतंकवाद के चार मामलों में एक–एक लाख पाकिस्तानी रुपए का मुचलका जमा किया, जिसमें उन्हें पहले ही दो जून तक अग्रिम जमानत मिल चुकी है। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के 70 वर्षीय अध्यक्ष खान जैसे ही कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश हुए, वकीलों के एक समूह ने उनके पक्ष में नारे लगाए। खान के वकील ने पूर्व प्रधानमंत्री के जमान पार्क, लाहौर स्थित आवास के लिए तलाशी वारंट को भी आतंकवाद रोधी अदालत में चुनौती दी। न्यायाधीश ने अगली सुनवाई के लिए पंजाब पुलिस के डीआईजी (परिचालन) को तलब किया और उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। गत नौ मई को इस्लामाबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया था। खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने पूरे पाकिस्तान में खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 10,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4,000 को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या 10 बताई है, जबकि खान की पार्टी का दावा है कि सुरक्षाकर्मियों की गोलीबारी में उसके 40 कार्यकर्ताओं की जान चली गई। इस बीच, खान के दो वकील लाहौर में जिन्ना हाउस के नाम से प्रसिद्ध कोर कमांडर हाउस पर हमले की जांच कर रहे एक संयुक्त जांच दल के सामने पेश हुए। गत नौ मई को लाहौर में जिन्ना हाउस और असकरी कॉरपोरेट टावर में हमले और आगजनी की जांच के लिए पंजाब की अंतरिम सरकार द्वारा गठित संयुक्त जांच दल ने खान को बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को बुलाया था, लेकिन उन्होंने इसके बजाय अपने वकीलों को भेज दिया।

## देश के प्रतीकों पर हमला करने वाले अराजकतावादियों से बातचीत नहीं: शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को संकेत दिया कि उनकी सरकार इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के साथ बातचीत करने को तैयार नही है। शरीफ ने कहा कि नेताओ का चोला ओढ़े अराजकतावादी जो देश के प्रतीकों पर हमला करते है वे बातचीत किए जाने के योग्य नही है। खान (70) ने कहा है कि जो भी सत्ता में है वह उससे बातचीत करने के लिए तैयार है। खान का बयान ऐसे समय आया है जब उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने 9 मई के दंगों के बाद पार्टी छोड़ना शुरू कर दिया है, जिसमें संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान ने आम चुनाव की तारीख पर आम सहमति बनाने के वास्ते सरकार के साथ बातचीत करने के लिए सात सदस्ईय टीम का गठन किया है। खान ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब उनकी गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुई हिंसा के लिए उनकी पार्टी के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जा रही है। प्रधानमंत्री शरीफ ने एक ट्वीट मे स्वीकार किया कि राजनीतिक प्रक्रिया मे संवाद गहराई से अंतर्निहित है, जो लोकतंत्र को परिपक्व बनाने और विकसित करने में मदद करता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के अध्यक्ष शरीफ ने किसी का नाम लिए बिना कहा, कई राजनीतिक और संवैधानिक सफलताएं मिली, जब नेता आम सहमति बनाने के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। हालांकि उन्होने कहा कि जब खान के नेतृत्व वाली पार्टी की बात आती है तो एक बड़ा अंतर है।

## नाइजीरिया में प्रवासी भारतीयों के साथ राजनाथ का संवाद

**अबुजा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नाइजीरिया में प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद के दौरान तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और सरकार के प्रगतिशील प्रयासों के कारण वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। सिंह तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे, जो संभवत: किसी भारतीय रक्षा मंत्री की इस अफ्रीकी देश की पहली यात्रा है। रक्षा मंत्री ने सोमवार को नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अबुजा में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नाइजीरिया में बसे भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ बातचीत की। संवाद के दौरान सिंह ने सरकार के आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने और मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर जोर दिया।

# ब्रिटिश पीएम सुनक ने बच्चों के लिए मुफ्त वेप्स पर शिकंजा कसा

भाषा। लंदन



ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को बच्चों को भ्रष्ट कंपनियों और ऑनलाइन बदमाशों से बचाने के लिए एक कार्वाई शुरू करते हुए कहा, मेरी बेटियां 10 और 12 साल की हैं, और मैं नहीं चाहता कि जिस तरह से वेप्स का विपणन, प्रचार और बिक्री की जाए, वह उनके प्रति आकर्षित हों। स्कूली बच्चों के हाथों में सीसा युक्त अवैध वेप्स पहुंचने की खबरों पर हैरानी जताते हुए इसपर शिकंजा कसने के लिए नए उपायों की घोषणा की। स्कूली छात्राओं अनुष्का और कृष्णा के पिता ने ट्विटर पर कहा, मेरी बेटियां 10 और 12 साल की हैं, और मैं नहीं चाहता कि जिस तरह से वेप्स का विपणन, प्रचार और बिक्री की जा रही है वह उनके लिए आकर्षक हो। इसलिए मैं आज बच्चों की सुरक्षा के लिए एक नई कार्वाई शुरू कर रहा हूं और जिसके निशाने पर भ्रष्ट कंपनियों और ऑनलाइन बदमाश होंगे जो उनके हाथों में वेप्स थमा रहे हैं। कानून की कुछ कमियां खुदरा विक्रेताओं को इंग्लैंड में बच्चों को वेप्स के निशुल्क नमूने देने की अनुमति देती हैं, हालांकि नई योजनाओं के तहत इन कमियों को दूर किया जाएगा। देश में 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को वेप्स बेचना अवैध है, लेकिन यह पाया गया कि कारोबार से जुड़े लोग निशुल्क नमूनों की रंगीन पैकेजिंग के जरिए बच्चों को लक्षित करते हैं। ब्रिटिश सरकार ने यह भी घोषणा की है कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को निकोटीन–मुक्त वेप्स बेचने वाले खुदरा विक्रेताओं पर प्रतिबंध लगाने की समीक्षा की जाएगी।

## सिंगापुर में मंदिर के आभूषण के गबन पर भारतीय पुजारी को जेल

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** के सबसे पुराने हिंदू मंदिर के 39 वर्षीय भारतीय मुख्य पुजारी को मंदिर के 20 लाख सिंगापुर डॉलर (15 लाख डॉलर) से अधिक मूल्य के आभूषण गिरवी रखने के मामले में मंगलवार को छह साल कैद की सजा सुनाई गई। मीडिया की एक खबर से यह जानकारी मिली। कंडासामी सेनापति को दिसंबर 2013 से चाइनाटाउन जिले के श्री मरिअम्मन मंदिर में एक पुजारी के रूप में हिंदू धर्मादाय बोर्ड द्वारा नियुक्त किया गया था। उसने 30 मार्च, 2020 को इस्तीफा दे दिया। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, सेनापति ने गबन करके आपराधिक विश्वासघात के दो आरोपों और आपराधिक आय को देश से बाहर भेजने के दो आरोपों को कबूल किया। सजा सुनाते समय अन्य छह आरोपों पर विचार किया गया। भारतीय नागरिक सेनापति के अपराध का खुलासा 2020 में कोविड–19 महामारी के दौरान हुआ। सेनापति ने 2016 में आभूषणों को गिरवी पर रखना शुरू किया। बाद में मंदिर के अन्य आभूषणों को गिरवी रखकर उससे प्राप्त धन का इस्तेमाल करके उन्हें छुड़ाया। खबरों में कहा गया है कि अकेले 2016 में ही सेनापति ने 172 मौकों पर मंदिर से सोने के 66 आभूषण गिरवी पर रखे थे। उसने 2016 और 2020 के बीच कई बार इसी तरह की हरकतें की। सेनापति को 2016 से 2020 के बीच गिरवी रखने की दुकानों से 2,328,760 सिंगापुरी डॉलर मिले, जिसमें से उसने कुछ अपने बैंक खाते में जमा किए।

# आईएस आतंकवादियों के बच्चे पुनर्वास शिविरों में, लेकिन भविष्य अनिश्चित



भाषा। क्वामिश्ली (सीरिया)

**इस्लामिक** स्टेट समूह के आतंकवादियों के परिवारों के हजारों बच्चे पिछले कम से कम चार साल से पूर्वोत्तर सीरिया के एक शिविर में बड़े हो रहे हैं। इनका पालन पोषण ऐसे माहौल में हो रहा है जहां समूह की कट्टरपंथी विचारधारा अभी भी फैल रही है और जहां उनके पास शिक्षा के लिए कोई मौका नहीं है। ऐसे में डर है कि अल–होल शिविर से उग्रवादियों की एक नई पीढ़ी उभरेगी। इसी डर को खत्म करने के लिए पूर्वी और उत्तरी सीरिया पर शासन करने वाले कुर्द अधिकारी बच्चों को चरमपंथी सोच से बाहर निकालने के उद्देश्य से एक प्रायोगिक पुनर्वास कार्यक्रम चला रहे हैं। इसके लिए उन्हें अनिश्चित समय के लिए उनकी माताओं और परिवारों से दूर रखा जा रहा है लेकिन इसे लेकर मानवाधिकार समूहों के बीच चिंता बढ़ गई है। अगर उन्हें पुनर्वासित मान भी लिया जाता है, तो भी बच्चों का भविष्य अधर में है क्योंकि उनके घरेलू देश उन्हें वापस लेने के लिए इच्छुक नहीं हैं। कुर्द नेतृत्व वाले प्रशासन के न्याय और सुधार मामलों के कार्यालय के सह–अध्यक्ष खालिद रेमो ने कहा, अगर ए बच्चे शिविर में रहते हैं, तो इससे चरमपंथियों की एक नई पीढ़ी पैदा होगी, जो पहले की तुलना में अधिक उन्मादी हो सकते हैं। एसोसिएटेड प्रेस टीम को ऑर्केश सेंटर का दौरा करने की अनुमति दी गई थी, जो पिछले साल के अंत में खोला गया एक पुनर्वास केंद्र है। यह अल–होल से लिए गए दर्जनों युवा लड़कों का घर है। 11 से 18 वर्ष की आयु के ए लड़के फ्रांस और जर्मनी सहित लगभग 15 विभिन्न देशों से हैं। ए वे बच्चे हैं जिनके माता पिता आईएस की विचारधारा से प्रभावित होकर उनके साथ लड़ने के लिए अपने अपने देश छोड़कर सीरिया पहुंचे थे।

## संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियान के प्रमुख ने भारत के योगदान की सराहना की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियान के प्रमुख ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों के महत्व को देखते हुए, इस संदर्भ में विश्व निकाय के शांति अभियानों की तेज गति सुनिश्चित करने के लिए भारत की पहल की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि भारत शांतिरक्षा के डिजिटलीकरण की संयुक्त राष्ट्र की रणनीति में एक प्रमुख भागीदार है। उन्होंने ब्लू हेलमेट के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसी अहम पहलों में भारत की भागीदारी और प्रतिबद्धता की सराहना की। ब्लू हेलमेट संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सेना के जवानों को कहा जाता है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में कर्मियों के योगदान के मामले में तीसरे नंबर पर है। उसके 6000 से अधिक सैन्य एवं पुलिस कर्मी साइप्रस, कांगो, लेबनान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा क्षेत्र में तैनात हैं। शांतिरक्षा अभियानों के लिए अवर महासचिव ज्यां पियरे लैक्रोइक्स ने पीटीआई से एक विशेष साक्षात्कार में कहा, भारत दुनिया में, संयुक्त राष्ट्र में, बहुपक्षवाद में बड़ी भूमिका निभाता है और यह शांतिरक्षा अभियानों में भी अहम योगदान देता है। केवल बलों और पुलिस के संदर्भ में ही उसका योगदान महत्वपूर्ण नहीं है। हम शांतिरक्षा में सुधार के लिए जो कदम उठाते हैं, उनमें भी कई तरीके से हमारी मदद की जाती है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा प्रमुख ने भारत के शांतिरक्षकों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। शांतिरक्षा अभियानों में भारत की भागीदारी और उसकी सहयोग की प्रतिबद्धता अहम है। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में शांतिरक्षा अभियानों की गति बढ़ाने संबंधी पहल को सहयोग देने में भारत की भूमिका रेखांकित करते हुए कहा, हमने शांतिरक्षा के डिजिटल बदलाव की रणनीति बनाई है और भारत इस संदर्भ में बड़ा साझेदार है। संयुक्त राष्ट्र ने शांतिरक्षा अभियान के 75 वर्ष पूरे होने पर 29 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस मनाया। इस वर्ष आयोजन की विषय विस्तु थी शांति मुझसे शुरू होती है।

# विधायक के दलबदल को लेकर कांग्रेस व टीएमसी में घमासान

**भाषा।** नई दिल्ली



**आगामी** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दलों की एकजुटता की कवायद के बीच कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) मंगलवार को उस वक्त आमने-सामने आ गए जब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पश्चिम बंगाल में अपने एक विधायक के दलबदल करने को लेकर ममता बनर्जी की पार्टी पर तीखा प्रहार किया। रमेश ने अपने इकलौते विधायक बायरन बिस्वास के सत्तारूढ़ दल (टीएमसी) में शामिल होने को लेकर कहा कि इस तरह की खरीद-फरोख्त से विपक्षी एकजुटता को मजबूती नहीं मिलेगी और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के उद्देश्य पूरे होंगे। इस पर टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि क्षेत्रीय दलों की अपनी बाध्यताएं हैं।

रमेश ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया," ऐतिहासिक जीत के तीन महीने बाद कांग्रेस विधायक बायरन बिश्वास को टीएमसी ने प्रलोभन देकर अपने साथ कर लिया। यह सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र की जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात है।

उन्होंने कहा, इस तरह की खरीद-फरोख्त पहले भी गोवा, मेघालय, त्रिपुरा और कुछ राज्यों में हो चुकी है। इससे विपक्षी एकता मजबूत नहीं होगी और सिर्फ भाजपा के उद्देश्यों की पूर्ति होगी। इस बारे में पूछे जाने पर ममता बनर्जी ने कोलकाता में संवाददाताओं से कहा, हम सभी (विपक्षी दल) राष्ट्रीय स्तर पर एकसाथ हैं। सभी दलों को समझना होगा कि क्षेत्रीय पार्टियों की अपनी बाध्यताएं हैं। हम सिर्फ मेघालय और गोवा में चुनाव लड़े। जब कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, हिमाचल और छत्तीसगढ़ में लड़ी थी तो हमने कोई परेशानी पैदा नहीं की, बल्कि समर्थन दिया।

उनका कहना था, किसी ने कुछ कहा है तो उस पर मैं कुछ नहीं कहूंगी। यह उनकी अपनी आजादी है। एक विधायक शामिल हुआ है। हमने तो कई जगहों पर सीटें नहीं मांगी।

टीएमसी प्रमुख ने कहा, आप (कांग्रेस) राष्ट्रीय पार्टी हैं, भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है। अगर हम चार-पांच राज्यों में चुनाव नहीं लड़ेंगे तो हम कैसे राष्ट्रीय पार्टी बनेंगे। हम चाहते हैं कि तीन-चार जगह थोड़ा-थोड़ा रहें, हमारी राष्ट्रीय पार्टी रहे। जयराम रमेश जी ने टीएमसी के बारे में बात की है, मैं धन्यवाद करती हूं।

टीएमसी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओब्रायन ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए ट्वीट किया, ममता बनर्जी के समर्थन के बावजूद कांग्रेस ममता बनर्जी से ही लड़ने का संकल्प लेती है। कांग्रेस विपक्षी एकजुटता पर विश्वास तोड़ती है और फिर गुलदस्ते की उम्मीद करती है। फिर भाजपा को मजबूत करने की बात क्या करना?

टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि कांग्रेस को यह फैसला करना है कि उसे किससे लड़ना है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा वे बंगाल में टीएमसी का विरोध कर यह दावा नहीं कर सकते कि केंद्र में भाजपा से लड़ रहे हैं। यह दोहरा मापदंड बंद होना चाहिए। केरल की नीति, जहां माकपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं, लेकिन केंद्र में सहयोगी हैं, पश्चिम बंगाल में काम नहीं करेगी।

कांग्रेस और टीमएसी के बीच यह वार-पलटवार उस समय हो रहा है जब अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता की कवायद तेज है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में कांग्रेस के इकलौते विधायक बायरन बिस्वास सोमवार को सत्तारूढ़ टीएमसी में शामिल हो गए।

बिस्वास सत्तारूढ़ पार्टी के जनसंपर्क अभियान नवज्वार के दौरान टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। बिस्वास ने इस वर्ष की शुरुआत में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सागरदिघी सीट जीती थी। इस तरह राज्य विधानसभा में कांग्रेस का खाता खुला था, क्योंकि 2021 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया था।

# अमरनाथ आधार शिविर का किया जा रहा पुनर्विकास

**भाषा।** जम्मू



**वार्षिक** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले मुख्य आधार शिविर का पुनर्विकास किया जा रहा है और अधिकारियों ने 15 जून तक काम पूरा करने की समय सीमा तय की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जम्मू स्थित यात्री निवास, भगवती नगर का इस्तेमाल अमरनाथ यात्रा के दौरान मुख्य आधार शिविर के तौर पर किया जाता है, जहां पर कश्मीर में 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा मंदिर का दर्शन करने के लिए रवाना होने से पहले पूरे देश से आने वाले श्रद्धालु रुकते हैं।

इस साल यह वार्षिक यात्रा एक जुलाई को शुरू होगी और श्रद्धालु दो पारंपरिक रास्तों से बाबा बर्फानी के दर्शन करने पहुंचेंगे। पहला रास्ता 48 किलोमीटर लंबा अनंतनाग जिले में स्थित नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा बालटाल मार्ग 14 किलोमीटर लंबा है, जो गांदरबल जिले से होकर गुजरता है और अपेक्षाकृति सीधी चढ़ाई वाला है।

उम्मीद की जा रही है कि श्रद्धालुओं का पहला जत्था यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले जम्मू के आधार शिविर से रवाना होगा।

जम्मू के मंडलायुक्त रमेश कुमार ने कहा, यात्री निवास का पुनर्विकास सुचारु रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित इंजीनियर को तेज गति से कार्य करने का निर्देश दिया गया है और सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कार्य 15 जून तक संपन्न हो जाए। कुमार ने सोमवार को स्वयं यात्री निवास का दौरा किया और यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता करने से पहले वहां जारी कार्यों का निरीक्षण किया, ताकि श्रद्धालु आराम से रह सकें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

मंडलायुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक महेश लड्डा, जम्मू-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक शक्ति पाठक, जम्मू की उपायुक्त अवनी लवासा, पर्यटन निदेशक विवेकानंद राय और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## महाराष्ट्र सरकार किसानों को सालाना 6,000 रुपए देगी, योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार प्रदेश के एक करोड़ से अधिक किसानों को सालाना 6,000 रुपए देगी। इसके लिए ने एक नई वित्तीय योजना की घोषणा की गई है। नमो शेतकरी महासम्मान योजना को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। बैठक के बाद शिंदे ने संवाददाताओं से कहा कि यह राशि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र से मिलने वाले 6,000 रुपए के अतिरिक्त होगी। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस योजना से राज्य के एक करोड़ से अधिक किसानों को लाभ होगा। फडणवीस राज्य के वित्त मंत्री भी है। उन्होने मार्च में विधानसभा में पेश 2023-24 के बजट में इसकी घोषणा की थी।

## धोखाधड़ी और जालसाजों से बचाने के लिए मुहिम

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश पुलिस और अमेज़ॉन इंडिया के साथ ऑनलाइन ग्राहकों के साथ हो रही धोखाधड़ी को रोकने के लिये अनेक संयुक्त प्रयास करेंगे ताकि उपभोक्ताओं को ज्यादा विश्वास के साथ ऑनलाईन शॉपिंग करने में समर्थ और सुरक्षित बनाया जा सके। उत्तर प्रदेश पुलिस और अमेज़ॉन इंडिया ऑनलाईन उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में मिलकर शिक्षित करने के साथ ही सुरक्षित शॉपिंग की विधियों के बारे में जागरुकता बढ़ाएंगे ताकि जालसाजों से ऑनलाईन शॉपर्स की सुरक्षा हो सके। चेतन कृष्णस्वामी वाईस प्रेसिडेंट पब्लिक पॉलिसी अमेज़ॉन इंडिया ने कहा यह गठबंधन न केवल विशाल उपभोक्ता आधार को शिक्षित करेगा बल्कि हमें एक सुरक्षित डिजिटल अनुभव प्रदान करने में समर्थ बनाएगा।

## एसआरएल डायग्नोस्टिक्स का नाम बदला

**मुंबई।** भारत के प्रमुख डायग्नोस्टिक सेंटर्स में से एक एसआरएल डायग्नोस्टिक्स ने १एजिलस डायग्नोस्टिक्स१ के रूप में रिब्रांडिंग की है। 1995 में स्थापित इस कंपनी ने रीब्रांडिंग की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में अपने काम के परिणामस्वरूप नए नाम के साथ नई पहचान को अपनाने की घोषणा की है। एजिलस्‌ लैटिन शब्द से प्रेरित है जिसका अर्थ फुर्तीला है। यह मरीजों और डॉक्टर्स के साथ विशेषज्ञताए अनुभव और भरोसे की 28 वर्षों की विरासत ही हैए जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को देखते हुए जाँचें करनेए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डायग्नोसिस करने और नई तकनीक को अपनाने में सक्षम होगी। आनंद के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एजिलस डायग्नोस्टिक्स ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रांड परिवर्तन के लिए हमारे प्रयासों के तहत हम इस नई पहचान को अपनाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि यह कंपनी के आगामी विकास की दिशा को गति प्रदान करेगी। उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक देखभाल प्रदान करकेए पिछले 28 वर्षों से हम लाखों मरीजों और डॉक्टर्स का विश्वास जीतने में सक्षम रहे हैं।

# हम मोदी के आगामी वाशिंगटन दौरे को लेकर उत्साहित हैं : अमेरिकी राजदूत

**भाषा।** नई दिल्ली



**अमेरिकी** राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने भारत को मित्रता और रणनीतिक साझेदारी की ऐसी गहराई दी है जो दुनिया में बेजोड़ है और अगले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा को लेकर अमेरिका उत्साहित है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दोनों देशों के बीच साझेदारी में और विस्तार होने की उम्मीद है। गार्सेटी ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दोनों देश रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए कुछ समझौतों पर काम कर रहे हैं और मोदी के अमेरिका दौरे या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने पर उनके मजबूत होने की संभावना है।

भारत द्वारा चीन से अपनी सीमा के साथ-साथ समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि नई दिल्ली वाशिंगटन पर निर्भर रह सकती है क्योंकि यह सीमाओं, संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करने के लिए खड़ा है। गार्सेटी ने कहा, हम इन सिद्धांतों की रक्षा और बचाव करेंगे। अगर कोई देश सोचता है कि वह एकतरफा यथास्थिति को बदल सकता है, तो यह हम सभी के लिए अस्वीकार्य है। हम कार्वाई को भी रोकना चाहते हैं। हम भारत और अमेरिका दोनों देशों के लिए चीन के साथ अधिक शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहेंगे। साथ ही, गार्सेटी ने जोर दिया कि किसी के द्वारा धौंस जमाने की हरकत स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी वर्तमान भू-राजनीतिक हालात के संदर्भ में दुनिया के लिए काफी महत्वपूर्ण है। गार्सेटी ने कहा कि यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि विश्व के लिए भी फायदेमंद है। क्या भारत और अमेरिका प्रमुख सैन्य प्लेटफॉर्म के संयुक्त विकास का पता लगा रहे हैं, इस पर गार्सेटी ने कहा, बिल्कुल। मुझे लगता है कि आप प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान हुए समझौतों को देखेंगे, या शायद जब राष्ट्रपति दो महीने बाद वापस आएंगे तो हम पिछले कुछ वर्षों से जो कर रहे हैं उसे संस्थागत और औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने कहा, हम ऐसी हथियार प्रणालियों की पेशकश कर रहे हैं जो अत्याधुनिक हैं और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत इनमें से कुछ चीजों को यहां भारत में बना सकता है।

# भारत की उत्तरी सीमा पर पीएलए की तैनाती में नहीं हुआ बदलाव : जनरल चौहान

**भाषा।** पुणे

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारत की उत्तरी सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की तैनाती दिन प्रतिदिन नहीं बढ़ रही है।

पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की 144वीं पाठ्यक्रम पासिंग आउट परेड के बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा कि उत्तरी सीमा पर पीएलए की तैनाती में बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, वे पीछे नहीं गए। इसलिए वहां पर वास्तव में चुनौती है। सशस्त्र बल सभी तरह के कदम उठा रहे हैं ताकि अवांछित स्थिति पैदा नहीं हो।

जनरल चौहान ने कहा, इन सब के पीछे का विचार यह है कि हमें दावा रेखा (वास्तविक रेखा) की वैधता को बनाए रखने में सक्षम होना चाहिए। उन इलाकों में गश्त करने में हमें सक्षम होना चाहिए जहां पर वर्ष 2020 में सकंट शुरू होने से पहले वास्तव में (गश्त) करते थे।

उन्होंने कहा कि सीमा विवाद का समाधान अलग चीज है लेकिन अभी समय अपने दावे वाली रेखा के पास जाना है जो हमने किया है और एक तरह से यथास्थिति बनाए हुए हैं।

सीडीएस ने कहा, हम डेमचोक और डेपसांग को छोड़कर सभी स्थानों को वापस लेने में सफल रहे हैं। वार्ता जारी है। उम्मीद है कि वार्ता के नतीजे आएंगे, हम आशान्वित हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक अनुकूल स्थिति नहीं बनती, सीमा पर लगातार पैनी नजर रखने की जरूरत है, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि ऐसा करते समय हम सीमा पर कोई गैर जरूरी संकट पैदा नहीं करें।

# आबादी के आधार पर लोस सीटों का परिसीमन दक्षिण के राज्यों के साथ अन्याय होगा

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता और तेलंगाना के मंत्री के टी रामा राव ने मंगलवार को कहा कि 2026 के बाद अगर आबादी के आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन किया जाता है तो यह दक्षिणी राज्यों के साथ घोर अन्याय होगा। बीआरएस नेता की यह टिप्पणी उन खबरों के मद्देनजर आई है जिनमें दावा किया गया है कि अगर भाजपा 2024 के आम चुनावों में सत्ता में आती है तो उसके नेतृत्व वाली सरकार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया था। इसके लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के लिए पर्याप्त जगह के साथ सीटों की संख्या तीन गुनी है। नई राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की जगह है।

इस अवसर पर मोदी ने कहा कि संसद के पुराने भवन में बैठने की जगह से जुड़ी चुनौती थी और आने वाले समय में सीटों की संख्या बढ़ेगी तथा सांसदों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लोकसभा सीटों का परिसीमन हो सकता है। संविधान के 84 वें संशोधन के अनुसार, निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में 2026 के बाद पहली जनगणना तक या कम से कम 2031 कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा वर्तमान लोकसभा सीटों का आधार 1971 की जनगणना है। वर्तमान में संसद के निचले सदन में 543 सीटें हैं। रामा राव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दक्षिण के राज्यों ने केंद्र की नीतियों का पालन करते हुए प्रगतिशील मानसिकता के साथ आबादी को नियंत्रित किया और यदि जनसंख्या आधारित परिसीमन होता है तो यह उन राज्यों के साथ गंभीर अन्याय होगा। उन्होंने आशंका जताई कि परिसीमन के कारण दक्षिणी राज्यों को कम लोकसभा सीटें मिल सकती हैं और दूसरी ओर विशेष रूप से उत्तरी क्षेत्र के राज्यों को लोकसभा सीटों में वृद्धि से लाभ हो सकता है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि इसका लाभ उत्तरी राज्यों को मिलेगा जो केंद्र सरकार की अपील के बावजूद जनसंख्या को नियंत्रित करने में विफल रहे हैं।

# श्री महाकाल गलियारे की मूर्तियां तेज आंधी से गिरीं, कोई भ्रष्टाचार नहीं: एमपी सरकार

**भाषा।** भोपाल

**भाजपा** नीत मध्य प्रदेश सरकार ने उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में श्री महाकाल लोक गलियारे में स्थापित छह मूर्तियों के गिर कर टूटने के संबंध में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को मंगलवार को खारिज कर दिया और इस घटना के लिए तेज बारिश एवं आंधी के साथ आए बवंडर को जिम्मेदार ठहराया।

सरकार ने यह भी दावा किया कि इन मूर्तियों को स्थापित करने का कार्यादेश सात मार्च 2019 को तत्कालीन कांग्रेस शासन के दौरान जारी किया गया था। उल्लेखनीय है कि श्री महाकाल लोक गलियारे की छह प्रतिमाएं रविवार दोपहर आई तेज आंधी के चलते गिरकर टूट गई थीं। ए टूटी प्रतिमाएं वहां स्थापित किए गए सप्त ऋषियों में से छह की हैं जो करीब 11 फुट ऊंची थीं।

मध्य प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि श्री महाकाल लोक गलियारे के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है और मूर्ति निर्माण में बेहद ही गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग किया गया है। मध्य प्रदेश के नगर विकास और आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस द्वारा लगाए गए इन आरोपों को सिरे से नकार दिया। सिंह ने कहा कि 28 मई 2023 को दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे से चार बजे के बीच तेज बारिश एवं आंधी के साथ बवंडर की स्थिति महाकाल मंदिर क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र में निर्मित हुई। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग भोपाल की रिपोर्ट के अनुसार उज्जैन जिले में 55 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर के पास श्री महाकाल लोक में 100 से अधिक एफआरपी (फाइबर-रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक) की मूर्तियाँ स्थापित हैं और उनमें कई 10 फीट से अधिक ऊँचाई तथा वृहद आकार की हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं 100 से अधिक मूर्तियों में से सप्त ऋषियों की मूर्ति भी 10 फीट ऊँचे स्तंभ पर स्थापित थीं तथा इन 7 मूर्तियों की ऊँचाई लगभग 11 फीट की है। सिंह ने बताया कि इन सप्त ऋषियों की मूर्तियाँ रूद्रसागर, त्रिवेणी मण्डपम एवं कमल कुण्ड के बीच में स्थित होने से संभवत: यहाँ तेज आंधी एवं बारिश का प्रभाव अधिक रहा। इस प्राकृतिक आपदा के चलते इन सप्त ऋषियों की मूर्तियों में से छह मूर्तियाँ आधारस्तंभ से अलग होकर नीचे गिर गईं।



नई दिल्ली में कंबोडिया के राजा के साथ राष्ट्रपति व पीएम लोगों से मिलते हुए

# मप्र में धर्मांतरण कराने के मामले में पादरी गिरफ्तार

**शहडोल (मप्र)।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में धर्मांतरण कराने के आरोप में पुलिस ने छत्तीसगढ़ के एक पादरी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। शहडोल के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जैतपुर थानाक्षेत्र में नगपुरा गांव के डोंगरी टोला निवासी रोदाल सिंह (35) ने थाने में इस आशय का आवेदन दिया था कि 28 मई को ग्राम पंचायत नगपुरा में इंद्रपाल सिंह गोड के घर में पादरी शंकर सिंह श्याम एवं अन्य लोगों द्वारा वहां उपस्थित ग्रामीणों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि शिकायत के अनुसार ए लोग आर्थिक सहयोग, शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ, रोजगार आदि उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म के साहित्य की किताबें और बाईबल बांट रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आवेदक की शिकायत पर छत्तीसगढ़ के मलकडोल निवासी पादरी शंकर सिंह श्याम और इंद्रपाल सिंह के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# कर्नाटक के नए शिक्षा मंत्री ने पाठ्य पुस्तकों में संशोधन का संकेत दिया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के नवनियुक्त प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने छात्रों के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनका दिमाग दूषित नहीं हो, आने वाले दिनों में स्कूली पाठ्यपुस्तकों में संशोधन का मंगलवार को संकेत दिया।

उन्होंने हिजाब पर प्रतिबंध को पलटने के संबंध में किसी तरह की टिप्पणी से परहेज करते हुए कहा कि यह मामला अदालत के समक्ष है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने के बारे में नई सरकार की योजनाओं का इंतजार करने को कहा।

कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में रहने के दौरान स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों को पूर्ववत करने और एनईपी को भी खत्म करने का वादा किया था। बंगारप्पा ने कहा, मैं कांग्रेस की घोषणापत्र समिति का उपाध्यक्ष था और घोषणापत्र में हमने स्पष्ट रूप से कहा था कि छात्रों के भविष्य के हित में पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा होगी। हम नहीं चाहते कि उनका दिमाग दूषित हो। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, हम पहले ही कह चुके हैं कि छात्र शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूल जाते हैं और हम नहीं चाहते कि इसमें गड़बड़ी हो और इसमें सरकार या मेरी या अधिकारियों या व्यवस्था की ओर से कोई गलती नहीं होनी चाहिए। हमने प्रतिबद्धता दी है।

कल से स्कूल शुरू करने के लिए पाठ्यपुस्तकें भेज दी गई हैं, इसका उल्लेख करते हुए बंगारप्पा ने कहा, अब हमारे सामने चुनौती है कि हम छात्रों और उनकी पढ़ाई को प्रभावित किए बिना इसे सावधानी से किस तरह करें। बंगारप्पा ने कहा कि घोषणापत्र में की गई प्रतिबद्धता को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा था कि पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से बच्चों के दिमाग को दूषित करने के कृत्य को माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा था, शैक्षणिक वर्ष शुरू हो गया है, हम चर्चा करेंगे और कार्वाई करेंगे ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा था कि एनईपी के नाम पर शिक्षा क्षेत्र को घालमेल का शिकार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि इस संबंध में अलग बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें इस पर व्यापक चर्चा की जाएगी और सख्त फैसले लिए जाएंगे।

# भारत की वृद्धि गति 2023-24 में बरकरार रहने की संभावना

## संरचनात्मक सुधारों पर जोर: आरबीआई

**भाषा।** मुंबई



**मजबूत** व्यापक आर्थिक नीतियों और जिंस कीमतों में नरमी के चलते भारत की वृद्धि गति 2023-24 में बरकरार रहने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि, दीर्घकालिक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में दबाव की ताजा घटनाओं के कारण अगर वित्तीय बाजार में अस्थिरता होती है, तो इससे वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विवेकाधीन खर्च में लगातार सुधार, उपभोक्ता विश्वास की बहाली, कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों के खत्म होने के बाद अच्छी त्योहारी मांग और पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि, अधिक आधार प्रभाव, महंगाई के कारण निजी खपत कमजोर रहने, निर्यात वृद्धि की सुस्त रफ्तार और लगात बढ़ने के कारण 2022-23 की दूसरी छमाही में वृद्धि की गति कम हुई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया, मजबूत व्यापक आर्थिक नीतियों, जिंस कीमतों में नरमी, मजबूत वित्तीय क्षेत्र, स्वस्थ कॉरपोरेट क्षेत्र, सरकारी व्यय की गुणवत्ता पर लगातार जोर, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन और महंगाई के मोर्चे पर नरमी के कारण भारत की वृद्धि गति 2023-24 में बरकरार रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की वास्तविक जीडीपी के 2022-23 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक ने 311 पन्नों की रिपोर्ट में कहा, भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि क्षमता में सुधार के लिए संरचनात्मक सुधारों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। आरबीआई की 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट में आगे कहा गया कि उसकी मौद्रिक नीति यह सुनिश्चित करने के लिए है कि वृद्धि को समर्थन देने के साथ ही मुद्रास्फीति लगातार तय लक्ष्य के करीब पहुंचे। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट इसके केंद्रीय निदेशक मंडल की एक वैधानिक रिपोर्ट है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक स्थिर विनिमय दर और एक सामान्य मानसून के साथ, अगर अल नीनो घटना नहीं होती है, तो मुद्रास्फीति के 2023-24 में नीचे जाने की उम्मीद है। थोक मुद्रास्फीति के घटकर 5.2 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है, जो बीते वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत थी।

वाह्य क्षेत्र के बारे में केंद्रीय बैंक ने कहा कि सेवाओं के मजबूत निर्यात और आयातित वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण चालू खाता घाटा (सीएडी) सीमित रहने की उम्मीद है।

आरबीआई ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के बने रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह अस्थिर रह सकता है। आरबीआई ने कहा कि वह खुदरा और थोक स्तर पर चल रही केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की पायलट परियोजनाओं का विस्तार करेगा। आरबीआई ने 2022-23 के दौरान पायलट आधार पर ई-रुपया भी पेश किया था। रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2023 तक चलन में शामिल ई-रुपया (थोक) और ई-रुपया (खुदरा) का मूल्य क्रमश: 10.69 करोड़ रुपए और 5.70 करोड़ रुपए था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2022-23 में नोटों की मांग और आपूर्ति सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत अधिक थी।

# अगर यासीन मलिक को मौत की सजा मिलती है तो भाजपा इसका स्वागत करेगी : अल्ताफ ठाकुर

**भाषा।** श्रीनगर



**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के जेल में बंद अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मृत्युदंड दिए जाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अल्ताफ ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि अगर अदालत जेकेएलएफ प्रमुख को मौत की सजा देती है तो उनकी पार्टी इसका स्वागत करेगी।

एनआईए ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा दिए जाने का अनुरोध करते हुए 26 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख मलिक को इस मामले में एक निचली अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रवक्ता ठाकुर ने यहां पत्रकारों से कहा, यासीन मलिक एक हत्यारा है और एक हत्यारे को मौत की सजा दी जानी चाहिए। अगर अदालत उसे मौत की सजा देती है तो भाजपा इसका स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि मलिक आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में शामिल रहा है। उन्होंने दावा किया, यासीन मलिक ने सैकड़ों कश्मीरियों को मरवाया है और हमेशा देश के खिलाफ साजिश की है।

ठाकुर ने आतंकवादियों द्वारा सोमवार को एक सर्कस में काम करने वाले मजदूर दीपू कुमार की हत्या के खिलाफ एक प्रदर्शन की अगुवाई की। उन्होंने पाकिस्तान को कश्मीर में निर्दोष लोगों के खूनखराबे को रोकने की चेतावनी दी।

ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर में जी20 की एक बैठक के सफलतापूर्वक संपन्न होने से हताश है। यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर में स्थिति बिगड़ गई है, इस पर ठाकुर ने कहा, अगर आतंकवादी अंधेरे में आते हैं और कायरतापूर्ण कृत्य को अंजाम देते हैं तो इसका यह मतलब यह नहीं है कि कश्मीर में हालात खराब हैं।

# अगले साल फिर खेलूंगा : धोनी

## ● प्रशंसकों के प्यार की वजह से लूंगा फैसला

**भाषा।** अहमदाबाद



चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां खिताब दिलाने के बाद आईपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिए वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरूआत से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया , उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, उन्होंने कहा , अगर परिस्थितियों को देखे तो मेरे लिए संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिए यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। उन्होंने कहा , शरीर को साथ देना होगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिए मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाए हैं, मुझे भी उनके लिए कुछ करना चाहिए। धोनी ने कहा , यह मेरे कैरियर का आखिरी दौर है। यहीं से शुरूआत हुई थी और पूरा स्टेडियम मेरा नाम ले रहा था। ऐसा चेन्नई में भी हुआ था लेकिन मैं वापसी करके जितना खेल सकता हूं, खेलूंगा।

### हार्दिक ने धोनी के पांचवां आईपीएल खिताब जीतने के बाद कहा, नियति ने उनके लिए यह लिखा था

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने मार्गदर्शक (मेंटर) और प्रतिद्वंद्वी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि नियति ने उनके लिए यही लिखा था कि वह संभवतः अपने आखिरी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला पांचवां खिताब दिलाएं। पिछले साल पदार्पण सत्र में गुजरात टाइटंस को खिताब दिलाने वाले हार्दिक ने फाइनल में हार के बाद कहा, मै उनके (धोनी) लिए बहुत खुश हूं। किस्मत ने उसके लिए यही लिखा था। अगर मुझे हारना है, तो मुझे उनसे हारने मे कोई दिक्कत नही है। अच्छे लोगो के साथ अच्छी चीजे होती है और वह उन सबसे अच्छे लोगो मे से एक है जिन्हें मै जानता हूं। भगवान दयालु रहे है, भगवान मुझ पर भी दयालु रहे है लेकिन आज रात उनकी थी। धोनी ने स्वयं अब तक अगले साल आईपीएल मे खेलने से इनकार नही किया है लेकिन कहा कि ऐसा होने के लिए उनके शरीर का साथ देना जरूरी है।छह गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद रहे जडेजा ने खिताबी जीत अपने कप्तान धोनी को समर्पित की। मै इस जीत को सीएसके टीम के एक विशेष सदस्य महेंद्र सिंह धोनी को समर्पित करना चाहता हूं। अद्भुत लग रहा है, अपने घरेलू दर्शकों के सामने पांचवां खिताब जीतना। मै गुजरात से हूं और यह एक विशेष भावना है। मैदान में मौजूद दर्शक शानदार रहे है। वे देर रात तक बारिश रूकने का इंतजार कर रहे थे, मै सीएसके के प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा जो हमारा समर्थन करने यहां आए। आखिरी दो गेंदो पर छक्का और चौका जड़ने पर जडेजा ने कहा, मै बस सोच रहा था कि मुझे जितना हो सके उतना कड़ा प्रहार करने की जरूरत है। गेंद कहां जाएगी मै इस बारे में नही सोच रहा था, बस कड़ा प्रहार करने की कोशिश कर रहा था। मै अपने ऊपर भरोसा कर रहा था और सीधा हिट करना चाह रहा था क्योंकि मुझे पता है कि मोहित धीमी गेंद फेंक सकता है। टाइटंस अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे लेकिन पंड्या ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से इससे अधिक कुछ नही मांग सकते।

### श्रीनिवासन ने धोनी से कहा- सिर्फ आप ही चमत्कार कर सकते हो

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और चेन्नई सुपरकिंग्स की मालिक इंडिया सीमेंट्स के उपाध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में अंतिम गेंद पर अपनी टीम की रोमांचक जीत को चमत्कार करार दिया और कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में ही ऐसा कुछ हो सकता है। श्रीनिवासन ने मंगलवार सुबह सुपरकिंग्स के कप्तान धोनी से बात की और इस शानदार जीत के लिए उन्हे और उनकी टीम को बधाई दी। धोनी को श्रीनिवासन के संदेश को विशेष तौर पर पीटीआई के साथ साझा किया गया। श्रीनिवासन ने धोनी से कहा, शानदार कप्तान। आपने करिश्मा कर दिया। आप ही ऐसा कर सकते है। हमे खिलाड़ियों और टीम पर गर्व है। उन्होने पिछले कुछ दिनो में लगातार मुकाबलों के बाद धोनी को आराम करने की सलाह दी और जीत का जश्न मनाने के लिए उन्हे टीम के साथ चेन्नई आने के लिए आमंत्रित किया। यह सत्र ऐसा रहा है जहां प्रशंसकों ने दिखाया है कि वे महेंद्र सिंह धोनी से कितना प्यार करते है। हम भी करते है। सोमवार रात अहमदाबाद में हुए फाइनल में सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर पांचवी बार आईपीएल खिताब जीता।

## खबरें स्टेडियम से

### जडेजा ने साबित कर दिया कि खेल में परीकथाएं होती हैं : फ्लेमिंग



**अहमदाबाद।** स्टीफन फ्लेमिंग खेल मे परियो की कहानियो मे विश्वास नही करते लेकिन रविंद्र जडेजा का बेजोड़ बल्लेबाजी करके चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को उसका पांचवां आईपीएल खिताब दिलाना इसी तरह की कहानी करीब है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल मे अंतिम ओवर में जीत के लिए सीएसके को 13 रन की जरूरत थी लेकिन टीम शुरुआती चार गेंद में तीन रन ही बना सकी। जडेजा ने इसके बाद मोहित शर्मा की आखिरी दो गेंदो पर छक्का और चौका लगाकर टाइटंस से जीत छीन ली। फ्लेमिंग ने सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के बाद कहा, वे कहते है कि खेल मे परियो की कोई कहानी नही होती लेकिन आज बहुत अच्छी कहानी थी। पिछले 18 महीने थोड़े मुश्किल रहे, क्योंकि कप्तानी मुश्किल थी, चोट की समस्या थी, उसने (जडेजा ने)खेल से बाहर थोड़ा समय बिताकर वापसी की और टेस्ट टीम मे जगह बनाई और फिर सीएसके की टीम में। असल में मोहित की अंतिम दो गेंद पर जडेजा की शानदार बल्लेबाजी से पहले फ्लेमिंग ने मन ही मन हार मान ली थी। हम आखिरी गेंद पर फाइनल हारे है जो दिल तोड़ने वाला रहा है। मै खुद को एकबार फिर दिल टूटने के लिए तैयार कर रहा था जब जडेजा ने छक्का लगाया और इसके बाद दिल भी टूट सकता था और खुशी भी मिल सकती थी, मै सुनिश्चित नही था। लेकिन जब मैने देखा कि गेंद बाउंड्री की ओर जा रही है तो यह परम आनंद था। यह प्रतियोगिता आपको ऐसे भावनात्मक स्तर तक ले जाती है जिसकी आप कल्पना भी नही कर सकते। फ्लेमिंग ने जडेजा की जमकर तारीफ की। वह गेंद के साथ शानदार भूमिका निभाता है, लेकिन हमारे पास इतने सारे बल्लेबाज है कि हम उसका उपयोग निचले क्रम मे करते है।

### धैर्यपूर्ण रवैए से आईपीएल फाइनल में 96 रन बनाने में मदद मिली : सुदर्शन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मे चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ 47 गेंदो मे 96 रन की शानदार पारी का श्रेय अपनी बल्लेबाजी में धैर्यपूण रवैए को देते हुए कहा कि उन्हे खेल के मानसिक पहलू पर ध्यान देने का फायदा मिला। रविंद्र जडेजा ने हालांकि आखिरी दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाया जिससे सुपरकिंग्स ने बारिश से प्रभावित फाइनल मे 15 ओवर मे 171 रन के संशोधित लक्ष्य को हासिल कर लिया। सुदर्शन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, मैने पिछले मैच में बहुत अधिक दबाव महसूस किया। मुझे इस बात का अहसास हुआ कि अधिक धैर्य दिखाना कही बेहतर है और मुझमें बहुत बेहतर करने की क्षमता है। मै इस मैच मे कही अधिक धैर्य के साथ खेला। इक्कीस साल के सुदर्शन ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालीफायर दो में 43 रन के स्कोर पर रिटायर्ड आउट होना व्यक्तिगत रूप से चिंताजनक था लेकिन उन्हे पता था कि यह टीम का फैसला था। निजी तौर पर यह निश्चित रूप से चिंताजनक था ।

### आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद क्या मोहित कर सकते हैं राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** मोहित शर्मा पिछले साल गुजरात टाइटन्स के नेट गेंदबाज थे और इस साल यह 34 साल का तेज गेंदबाज टीम को लगातार दूसरे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब के करीब ले गया जिससे हाल में समाप्त हुए 2023 सत्र में उनकी वापसी की दास्तां सुर्खियो मे है। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिताब जीतने के तुरंत बाद हार्दिक पंड्या ने मोहित को गले लगाकर सांत्वना दी जिससे गुजरात टाइटन्स के कप्तान की संवेदना साफ दिखती है जिससे दिखा कि उन्होने हरियाणा के इस तेज गेंदबाज के इस सत्र मे उनके अभियान में योगदान को स्वीकार किया। मोहित 15वें ओवर मे पहली चार शानदार गेंद डालने के बाद अंतिम दो गेंद अच्छी नही फेंक सके लेकिन इस सत्र मे उनके प्रयासो को कमतर नही आंक सकता। उन्होने 14 मैचो में 27 विकेट झटके जिससे वह टीम के साथी और मित्र मोहम्मद शमी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। भारत के लिए 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में खेलने के बाद मोहित लगभग गुम ही हो गए थे लेकिन आठ साल बाद इस अनुभवी खिलाड़ी ने शानदार वापसी की। हालांकि कोई उन्हें फिर से 50 ओवर के क्रिकेट में खेलते हुए नही देख रहा है लेकिन क्या वह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रख सकते है ताकि 2024 टी20 विश्व कप की टीम मे जगह बना सकें। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का यह टूर्नामेंट अगले आईपीएल के तुरंत बाद वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा लेकिन मोहित ने निश्चित रूप से खुद को अगले कुछ टी20 मे आजमाने के लिए मजबूत दावा पेश किया है।

### फर्नांडिज ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** यूरोप के अभ्यास दौरे के बाद भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने थाईलैंड मे एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए मंगलवार को 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की। भारत की अंडर-17 टीम पिछले डेढ़ महीने से स्पेन और जर्मनी मे ट्रेनिंग कर रही है। टीम ने एटलेटिको डि मैड्रिड, सीडी लेगानेज, रीयाल मैड्रिड सीएफ, गेटाफे सीएफ, वीएफबी स्टुटगार्ट, एसएसवी रेयूटलिंजेन, एफसी ऑग्सबर्ग और सीएसवी श्वाबेन ऑगसबर्ग की युवा टीम के खिलाफ पांच जीत दर्ज की जबकि उसे चार मैचों में हार मिली और एक मे उसने ड्रा हासिल किया।

### छेत्री ने ओडिशा के मुख्यमंत्री को इंटरकांटिनेंटल कप का पहला टिकट सौंपा

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा मे नौ जून से शुरु होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट - इंटरकांटिनेंटल कप - की उलटी गिनती मंगलवार को भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का पहला टिकट सौंपते ही शुरु हो गई। छेत्री ने छह से 18 जून तक यहां खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट का टिकट अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) महासचिव शाजी प्रभाकरण और भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक की मौजूदगी में सौपा। टूर्नामेंट में मेजबान भारत के अलावा लेबनान, मंगोलिया और वानुआतु शामिल है। शुरुआती मुकाबले में लेबनान का सामना वानुआतु से होगा जबकि भारतीय टीम मंगोलिया से भिड़ेगी।


### प्रो लीग के बाकी मैचों के लिए पूरी तरह तैयार हैं : हरमनप्रीत

**लंदन।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां भारतवंशियो के एक कार्यक्रम मे कहा कि उनकी टीम एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचो के लिए पूरी तरह तैयार है। हरमनप्रीत के साथ पूरी टीम और कोच क्रेग फुल्टन यहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग तालिका में अभी ग्रेट ब्रिटेन के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत का सामना शुक्रवार को बेल्जियम से होगा और शनिवार को टीम ग्रेट ब्रिटेन से खेलेगी। हम यहां 2017 मे आए थे और अब इतने साल बाद आकर अच्छा लग रहा है।

# टी20 प्रारूप से बाहर निकलना बड़ी चुनौती : गावस्कर


## भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में कड़ी परीक्षा

**भाषा।** अहमदाबाद



**महान क्रिकेटर** सुनील गावस्कर को लगता है कि अगले हफ्ते आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती आईपीएल टी20 प्रारूप से बाहर निकलने की होगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम सात जून से द ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगी जिसमें खेलने वाले ज्यादातर खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा लेकर पहुंचेंगे। आईपीएल सोमवार को समाप्त हुआ जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिकॉर्ड बराबरी करते हुए पांचवीं ट्राफी हासिल की। गावस्कर ने मंगलवार को स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि हर कोई टी20 प्रारूप खेलकर आएगा और टेस्ट क्रिकेट लंबा प्रारूप है। इसलिए मुझे लगता है कि यह बड़ी चुनौती होने वाली है। उन्होंने साथ ही कहा कि सभी भारतीय खिलाड़ियों में केवल अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ही लंबे प्रारूप के अनुरूप ढले हुए हैं क्योंकि वह काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। उनके (भारत) पास केवल चेतेश्वर पुजारा हैं जो इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में खेलते रहे हैं इसलिए वही एकमात्र खिलाड़ी होगा जो इन परिस्थितियों में लंबे प्रारूप में खेल रहा था। इसलिए उनके लिए यह बड़ी चुनौती होने वाली है। अंजिक्य रहाणे ने लंबे समय से चल रही खराब फॉर्म के बाद आईपीएल में मजबूत वापसी की और चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के इस सत्र में खिताब जीतने में मदद की। उनके बारे में गावस्कर ने कहा कि 34 साल के इस खिलाड़ी का इंग्लैंड की परिस्थितियों में अनुभव टीम के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा, उसे इंग्लैंड में खेलने का काफी अनुभव है, उन्होंने इंग्लैंड में काफी रन जुटाए हैं। इसलिए हां, मुझे लगता है कि वह पांचवें नंबर पर अहम खिलाड़ी साबित होगा। मेरा यह भी मानना है कि उसे खुद को साबित करना है, मुझे अब भी लगता है कि उसमें काफी क्रिकेट बचा है और यह उसके लिए शानदार मौका होगा। क्रिकेटर से कमेंटेंटर बने गावस्कर ने उम्मीद जताई कि रहाणे इस मिले मौके का पूरा इस्तेमाल अपने पेशेवर करियर को बढ़ाने में करेगा। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि वह अपने अनुभव से इस मौके का फायदा उठाने में सफल रहेगा और फिर से भारतीय टीम में अपना स्थान बनाएगा।

### हार्दिक पंड्या डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के लिए अहम योगदान दे सकते थेः पोंटिंग



**दुबई।** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत को लंदन मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए हार्दिक पंड्या को अपनी टीम मे शामिल करना चाहिए था क्योंकि यह ऑलराउंडर इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकता था। पंड्या ने 2018 के बाद से कोई टेस्ट नही खेला है और उन्होने फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण पांच दिवसीय प्रारूप मे नही खेलने का फैसला किया है। पोंटिंग को हालांकि लगता है कि पंड्या सात से 11 जून तक द ओवल में होने वाले खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते थे। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि उन्होने हाल ही मे समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग मे गुजरात टाइटंस के लिए लगभग प्रत्एक मैच मे गेंदबाजी की। पंड्या टाइटंस के कप्तान है। पोंटिग ने आईसीसी रिव्यू के लिए लिखा, ...मैने सोचा कि भारत के लिए इस एकमात्र टेस्ट मैच मे हार्दिक पंड्या जैसा कोई खिलाड़ी कितना अहम हो सकता था। मुझे पता है कि वह आधिकारिक तौर पर कह चुका है कि टेस्ट मैच में खेलना शायद उसके शरीर के लिए थोड़ा कड़ा है। लेकिन सिर्फ एक मैच के लिए.... वह आईपीएल में प्रत्एक मैच मे गेंदबाजी कर रहा था और वह तेज गेंदबाजी कर रहा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिग ने कहा कि पंड्या सात से 11 जून तक होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल मे भारतीय टीम के लिए मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी (एक्स फेक्टर) हो सकते थे। वह (पंड्या) एक्स-फेक्टर हो सकता था। उसे एकमात्र मैच के लिए चुना जाता, फिर देखते कि वह बल्ले और गेंद से क्या कर सकता है। वह दोनो टीम के बीच का अंतर हो सकता था।

# समीर, किरण, अश्मिता मुख्य ड्रा में

## ● थाईलैंड ओपन

**भाषा।** बैंकॉक

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा, किरण जॉर्ज और अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को यहां क्वालीफाइंग दौर में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट की एकल स्पर्धा के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। वापसी कर रहे समीर ने पहले दो मैच में वॉकओवर – इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा और स्पेन के लुईस एनरिक पेनालवर – मिलने के बाद मलेशिया के यियोह सेंग जो को 21–12, 21–17 से पराजित किया। हाल में स्लोवेनिया ओपन जीतने वाले 28 साल के समीर का सामना मुख्य ड्रा के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहाननेसन से होगा। वहीं 2022 ओडिशा ओपन विजेता किरण ने साथी भारतीय कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21–14, 21–18 से हराने के बाद कोरिया के जियोन हेयोक जिन को 21–10, 21–14 से पराजित किया। अब वह बुधवार को तीसरे वरीय चीन के शि युकी से भिड़ेंगे। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने साथी भारतीय उन्नति हुड्डा को 21–16, 13–21, 21–19 और एस्तोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21–19, 21–11 से शिकस्त दी। असम की यह खिलाड़ी मुख्य ड्रा के पहले मुकाबले में हमवतन मालविका बंसोड के सामने होंगी। अन्य खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत और राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ को मुख्य ड्रा में प्रमोट किया गया। प्रणीत का सामना फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा और मंजूनाथ की भिड़ंत दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगी।



### सात्विक-चिराग ने करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी विश्व रैंकिंग हासिल की, प्रणय और श्रीकांत को भी फायदा

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी नवीनतम विश्व रैंकिंग मे एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक और फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब तथा मौजूदा सत्र मे स्विस ओपन 300 खिताब जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी के अब 12 टूर्नामेंट मे 74 हजार 651 अंक है। पिछले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स के रूप मे करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले एचएस प्रणय एक स्थान के फायदे से एक बार फिर दुनिया के आठवे नंबर के खिलाड़ी बन गए है। किदांबी श्रीकांत भी तीन स्थान के फायदे से 20वे स्थान पर है। मलेशिया मास्टर्स से जल्दी बाहर होने का खामियाजा लक्ष्य सेन को रैंकिंग मे एक स्थान के नुकसान के रूप मे उठाना पड़ा। वह अब 23वे स्थान पर है। महिला एकल मे दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू 13वे स्थान पर बरकरार है जबकि महिला युगल मे त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी 15वे स्थान पर बनी हुई है।

# नाबालिग लड़की के चाचा का दावा परिवार को गुमराह कर रहे पहलवान

**भाषा।** रोहतक



**नाबालिग** लड़की का चाचा होने का दावा करने वाले अमित पहलवान ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि वे उनके परिवार को गुमराह कर रहे हैं और बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाने के लिए उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने उन पर एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप लगाया है। अमित ने दावा किया कि पहलवान धोखाधड़ी कर रहे हैं और उनके भाई की बेटी की उम्र बदलकर 16 साल कर दी गई है ताकि पोक्सो कानून (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण संबंधी कानून) का गलत इस्तेमाल हो सके। उन्होंने कहा कि लड़की का जन्म 22 फरवरी 2004 को हुआ था। ये पहलवान मेरे परिवार का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिस नाबालिग लड़की को उन्होंने पीड़िता बताया है, मैं उसके परिवार से हूं। वह मेरी भतीजी है और मैं उसका चाचा हूं। उन्होंने कहा , पंजाब के कुछ खिलाड़ी, साक्षी और विनेश मेरे भाई को गुमराह कर रहे हैं। वे घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। हमें इंसाफ चाहिए। विनेश फोगाट यह क्यो कर रही है। उन्होंने मेरे भाई को गुमराह किया, किसी को भी कर सकते हैं। पहले वे जनवरी फरवरी में धरने पर बैठे लेकिन मामला पेचीदा हो गया। इसके बाद उन्होंने दूसरी तिकड़म लगाई और महिला कार्ड खेला। उनका मकसद किसी भी तरह से बृजभूषण को गिरफ्तार कराना है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपनी भतीजी को कुश्ती खेलने के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि राजनेता और पहलवान सभी खेल खेल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी भतीजी के साथ कुछ नहीं हुआ है।

# मां बनने के बाद स्वितोलिना की ग्रैंडस्लैम में पहली जीत



## ● फ्रेंच ओपन टेनिस

**भाषा।** पेरिस

**एलिना स्वितोलिना** ने मां बनने के बाद लगभग डेढ़ साल में फ्रेंच ओपन में पहला मुकाबला खेलते हुए सोमवार को यहां महिला एकल के पहले दौर में मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेट में हराया। अक्टूबर में बेटी स्का को जन्म देने वाली स्वितोलिना ने 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मार्टिना को 6–2, 6–2 से शिकस्त दी। दुनिया के तीसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी स्वितोलिना की मौजूदा विश्व रैंकिंग 192 है। जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद स्वितोलिना पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल रही हैं। स्वितोलना ने डब्ल्यूटीए टूर पर वापसी करते हुए अपना पहला मैच अप्रैल में दक्षिण कैरोलिना के चार्ल्सटन में खेला था और पिछले हफ्ते फ्रांस के स्ट्रेसबर्ग में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में पहला खिताब जीता। सोमवार को रोलां गैरो पर अपने मजबूत फोरहैंड की बदौलत स्वितोलिना ने 20 विनर लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी 12 विनर ही लगा सकीं। यूक्रेन की इस खिलाड़ी को 26वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना के खिलाफ एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

### मेदवेदेव पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार, क्वालीफायर से हारे

**पेरिस।** दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव मंगलवार को फ्रेंच ओपन के पहले दौर में 172वी रैंकिंग पर काबिज क्वालीफायर थियागो सेबोल्ट से पांच सेट तक चले मुकाबले में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। ब्राजील के 23 साल के खिलाड़ी सेबोल्ट ने दो साल पहले अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम जीतने वाले मेदवेदेव को 7-6 (5), 6-7 (8), 2-6, 6-3, 6-4 से हरा दिया। सेबोल्ट किसी भी मेजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा मे अपना दूसरा ही मैच खेल रहे थे। पिछले हफ्ते उन्हें रोलां गैरां के मुख्य ड्रा मे क्वालीफाई करने के लिए तीन मैच जीतने पड़े। सेबोल्ट ने चार घंटे 15 मिनट मे मेदवेदव का सफर समाप्त कर दिया जो विश्व रैंकिंग मे शीर्ष पर भी रह चुके है।

# 400 मीटर रेस में नितिन को स्वर्ण पदक

## ● खेलो इंडिया यूडिनवर्सिटी गेम्स

लखनऊ। उड़न सिख के नाम से मशहूर महान एथलीट पद्मश्री मिल्खा सिंह भले ही अब इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी न जाने कितने एथलीटों के प्रेरणा स्रोत है। इतना ही नहीं कई खिलाड़ियों ने मिल्खा सिंह से प्रेरणा लेकर ट्रैक पर दौड़ लगानी शुरू की और उनके जैसे बनने का सपना पाल रखा है। नितिन कुमार ने भी मिल्खा सिंह की तरह बनने का सपना लेकर दौड़ना शुरू किया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटीए मेरठ के नितिन ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। हालांकि उनको यहां पर और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। दरअसल नितिन कुमार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 46ण्80 का रिकॉर्ड तोड़ने के इरादे से ट्रैक पर उतरे थे लेकिन आज उन्होंने 47ण्3 सेकेंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में वो अपने इस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते है। उनका अगला लक्ष्य एशियन गेम्स और ओलम्पिक खेलना है। इससे पहले नितिन ने 2019 जूनियर फेडरेशन कप में 400 मीटर दौड़ में 48ण्37 सेकेंड में पूरी कर कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 में ही स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ 48ण्90 सेकेंड में पूरी कर रजत पदक हासिल किया था। नितिन कुमार ने लाकडाउन के दौरान लगातार अपनी फिटनेस को लेकर कड़ी मेहनत की है और अपने प्रदर्शन को सुधारने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। इसका नतीजा ये हुआ कि वो लगातार पदक जीत रहे हैं।

### चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी ने हैमर थ्रो में बनाया नया केआईयूजी गेम्स रिकार्ड

*लखनऊ।* चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की तान्या चौधरी ने महिला हैमर थ्रो और बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल की शालिनी चौधरी ने महिला डिस्कस थ्रो में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 के अंर्तगत रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अलावा पुरुष जेवलिन थ्रो में केआईआईटी के विक्रांत मलिक ने चोटिल होनके बावजूद 80 मीण्थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जो उनका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है।दूसरी ओर पुरुष शॉटपुट में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल के समरदीप सिंह गिल ने 18ण्75 मीण्थ्रो के साथ स्वर्ण जीतते हुए नया केआईयूजी रिकार्ड बनाया। महिला 100 मीण्बाधा दौड़ में केआईआईटी की प्रज्ञान प्रशांत साहू ने 13ण्63 समय के साथ नया केआईयूजी रिकार्ड बना दिया।पुरुष डेकाथलान में शिवाजी यूनिवर्सिटी के कुशल कुमार मोहिते ने भी नया केआईयूजी रिकार्ड बनाया।





### लखनऊ विवि की काजल ने जीता कांसा

**लखनऊ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा काजल शर्मा ने एथलेटिक्स की 3000 मीटर स्टीपल चेस प्रतियोगिता के फाइनल में कांस्य पदक जीतकर लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया इस प्रतियोगिता में भारत के सभी प्रदेशों के राज्य विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इस प्रतियोगिता मैं कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी उड़ीसा की सुष्मिता टिक गाने 10ण्42 मिनट 43 सेकंड लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मनीषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लखनऊ विश्वविद्यालय की खिलाड़ी काजल शर्मा इसके पूर्व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रजत पदक प्राप्त कर चुकी है और एशियन ग्रांड प्री में भी हिस्सा ले चुकी है साथ ही साथ माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री आनंदीबेन पटेल जी के द्वारा उत्तर प्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी का पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी ने काजल शर्मा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी है और उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार ने काजल शर्मा की इस उपलब्धि की कोटि कोटि प्रशंसा की है और विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और उनके द्वारा प्रदर्शन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।